सुप्रभात
रांची, सोमवार
21.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net मार्गशीर्ष , कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 128

12 सूर्य कुमार के शतक से आंधी में उड़ा न्यूजीलैंड, भारत को बढ़त

## न्यूज डायरी

### पलामू का अपहृत क्रशर संचालक गढ़वा से मुक्त

**मेदिनीनगर( पलामू)।** पांडू थाना क्षेत्र के मुसिखाप से अपहृत क्रशर संचालक अनिल गुप्ता(38) को लगभग 36 घंटे बाद शनिवार देर रात अपहृताओं ने मुक्त कर दिया है। अपहृत्ताओं के चंगुल से मुक्त अनिल गुप्ता को रविवार तड़के गढ़वा जिले के किसी ठिकाने से सीमावर्ती रेहला थाना पुलिस उसे थाना ले आयी। पुलिस मुक्त कराने के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। सदर, हुसैनाबाद, छ्तरपुर सहित विश्रामपुर पुलिस अनुमंडल के सभी थाने की पुलिस टीम के सक्रिय होने के साथ गढ़वा जिले के समीपवर्ती चार थाने की पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन से उत्पन्न पुलिसिया दवाब के आगे अपहर्ता चंगुल में आए क्रशर संचालक को मुक्त करने पर विवश हो गए।

### श्रीनगर में तीन हाइब्रिड आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू- कश्मीर पुलिस और सेना के संयुक्त अभियान में रविवार को श्रीनगर के बाहरी इलाके से तीन हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में हथियार एवं गोला बारूद बरामद किया गया। पुलिस की ओर से जारी बयान में बताया गया कि पुलिस और सेना के संयुक्त अभियान में पकड़े गये तीन हाइब्रिड आतंकवादियों के पास से तीन एकके रायफल्स, दो पिस्तौल, नौ मैगजींस और दूसरा आपत्तिजनक साजोसामान बरामद किया गया। कुपवाड़ा के घर में बड़े पैमाने पर अवैध हथियारों का जखीरा होने की जानकारी मिली थी जिसके बाद पुलिस और सेना ने मिलकर तलाशी अभियान चलाया।

### केवल भाजपा को ही आदिवासियों की चिंताः नड्डा

**बेल्लारी।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा है कि केवल भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो आदिवासियों की परवाह करती है और उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास कर रही है। श्री नड्डा कर्नाटक के बल्लारी में एक रैली को संबोधित करते हुए इस आशय की बात कही। भाजपा प्रमुख ने आदिवासियों के मुद्दे को उठाया और यह कहकर कांग्रेस पर अप्रत्यक्ष रूप से हमला किया कि आदिवासियों को समान प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि 70 साल तक भाजपा के अलावा किसी और ने कभी देश में आदिवासियों की परवाह नहीं की और न ही उन्हें बराबरी का प्रतिनिधित्व दिया। आज भाजपा ने पहली बार एक आदिवासी महिला को भारत का राष्ट्रपति बनाया।

### सेल में ठेका श्रमिकों का बढ़ेगा वेतन

**बोकारो।** स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में कर्मचारी व अधिकारियों का वेतन पुनरीक्षण होने के बाद अब ठेका श्रमिकों के नये वेतनमान पर मुहर लगने वाली है। सेल में ठेका श्रमिकों के पे रिवीजन पर वार्ता के साथ ही स्थायी कर्मचारियों के बकाया एरियर और भत्ता का मामला जल्द सुलझेगा। प्रबंधन व एनजेसीएस सबकमेटी की बैठक में होगा फैसला। सेल में कार्यरत एक लाख ठेका श्रमिक होंगे लाभान्वित इसकी तैयारी लगभग तैयार कर ली गयी है।

### भारत जीता, न्यूजीलैंड पर अजेय बढ़त

**माउंट मौंगानुई।** भारत ने सूर्यकुमार यादव (111 नाबाद) के विस्फोटक शतक और दीपक हुड्डा (10/4) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड को दूसरे टी-20 में रविवार को 65 रन से रौंदकर तीन मैचों की शृंखला में 1-0 की अजेय बढ़त हासिल की। भारत ने न्यूजीलैंड को 20 ओवर में 192 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड 18.5 ओवर में 126 रन पर ऑलआउट हो गयी।

## फीफा वर्ल्ड कप का रंगारंग आगाज

### कतर के अल-बेत स्टेडियम में बीटीएस बैंड की धुन पर थिरके फैंस



**दोहा (एजेंसी)।** रविवार रात कतर में फीफा वर्ल्ड कप का शानदार रंगारंग आगाज हो गया। कतर के अल - बेत स्टेडियम में ओपनिंग सेरेमनी हुई। ओपनिंग सेरेमनी में सबसे पहले कतर के रेगिस्तान को दिखाया गया। इसके बाद हॉलीवुड एक्टर मोर्गन फ्रीमैन ने वीडियो के जरिए कतर की फुटबॉल से जुड़ी स्टोरी सुनायी। सेरेमनी में बीटीएस के लीड सिंगर जंगकुक ने परफॉर्म किया। इसी के साथ 900 से ज्यादा कलाकारों ने परफॉर्मेंस दी। आखिर में झंडे लहराकर, टीमों की जर्सी पहले कलाकारों ने डांस किया। शानदार आतिशबाजी के साथ ओपनिंग सेरेमनी खत्म हुई। फ्रांस के पूर्व खिलाड़ी मार्सेल डेसाइली ने वर्ल्ड कप की ट्रॉफी प्रेजेंट की। ओपनिंग सेरेमनी देखने के लिए हजारों फैंस स्टेडियम पहुंचे थे। इस बार का यह विश्व कप मध्य प्रदेश के लिए खास रहा। एमपी के मंडला जिले की बेटी शैफाली चौरसिया अपनी आवाज का जादू विखेरा। उन्होंने 13 शो में भाग लिया और हिंदी में गाने गाये।

## धनबाद में कोयला चोरों और सीआइएसएफ में भिड़ंत

# फायरिंग में चार की मौत दो जवान समेत छह घायल

### इलाका पुलिस छाबनी में तब्दील,क्राइम ब्रांच और एसआइटी करेगी जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बाघमारा के बीसीसीएल ब्लॉक-टू क्षेत्र के बेनीडीह मेन साइडिंग में कोयला चोरों और सीआइएसएफ में हुई मुठभेड़ में फायरिंग से चार की मौत हो गयी। दो सुरक्षाकर्मी समेत छह घायल हो गये। घटना शनिवार की देर रात हुई। एसएसपी संजीव कुमार ने चार लोगों की मौत की बात स्वीकारी। इसके लिए एसआइटी का गठन भी किया जोगा। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सीआइएसएफ के डीआइजी विजय काजल ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों को



आत्मरक्षा में फायरिंग करनी पड़ी। मृतकों की उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच है। मृतकों के नाम प्रीतम चौहान, सहजादा अंसारी, अल्ताफ अंसारी, सूरज चौहान बताये जा रहे हैं।

एक युवक समीम अंसारी लापता बताया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार मजिस्ट्रेट की निगरानी चारों शवों का पोस्टमार्टम किया गया।तमाम बड़े अधिकारी घटनास्थल पर कैंप कर रहे हैं। घटना की सूचना सीआइएसएफ के केंद्रीय मुख्यालय को दे दी गयी है। बीसीसीएल के जीएम सुरक्षा एमएस पांडेय ने बताया कि कोल इंडिया और मंत्रालय को घटना की सूचना दे दी गयी है। कोल इंडिया से भी टीम भी पहुंच गयी है।

(शेष पेज 11 पर)

### डीआइजी बोले, आत्मरक्षा में गोली चलानी पड़ी

घटना के संबंध में सीआइएसएफ के डीआइजी विजय काजल ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों को आत्मरक्षा में गोली चलानी पड़ी। 50 के करीब कोयला चोरों के दल ने घातक हथियारों से सुरक्षा टीम पर हमला बोल दिया। उनके हथियार छीनने की कोशिश करने लगे। टीम के प्रभारी को घसीट कर जंगल में ले जाया जाने लगा। तब मजबूरी में सीआइएसएफ जवानों को गोली चलानी पड़ी। उन्होंने मारे गये लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। पहले तो कोयले की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के जवानों कुछ कोयला चोरों को डांटडपट कर भगा दिया। बाद वे देर रात फिर आ कर उनलोगों ने हमला बोल दिया।

## विस स्थापना दिवस को यादगार बनाने की तैयारी

### स्पीकर ने की समीक्षा, दिये कई निर्देश, राज्यपाल- सीएम आमंत्रित

### 23 को सांस्कृतिक संध्या में आयेंगे कुमार विश्वास

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** 22 नवंबर को होनेवाले झारखंड विधानसभा के 22वें स्थापना दिवस को यादगार बनाने की जोर शोर से तैयारी चल रही हैं। स्थापना दिवस के मौके पर देश में पहलीबार केंद्र और राज्य के संबंधों पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने तैयारियों की समीक्षा की है और अधिकारियों को निर्देस दिया कि तैयारी में कोई कमी न रहे। समारोह में भाग लेने के लिए राज्यपाल रमेश बैस और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी आमंत्रित किया गया है। समापन समारोह में भाग लेने 23 नवंबर को प्रसिद्ध कवि और लेखक कुमार विश्वास भी रांची आयेंगे। स्पीकर ने कहा कि स्थापना दिवस समारोह के दौरान दसवीं, 12वीं के टॉपर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही शांति काल में उत्कृष्ट सेवा देने वाले सुरक्षाकर्मियों और शहीदों के परिजनों का अभिनंदन किया जायेगा। समापन समारोह 23 नवंबर को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा।

इसमें देश के प्रख्यात कवि कुमार विश्वास हिस्सा लेंगे। साथ ही, पद्मश्री मधु मंसूरी व पद्मश्री मुकुंद नायक झारखंड गीत-संगीत से श्रोताओं को झुमायेंगे। स्थानीय कवियों को भी मंच साझा करने का अवसर मिलेगा। करोना की समाप्ति के कारण इस बार रंगारंग सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है।

### केंद्र और राज्य संबंधों पर होगा राष्ट्रीय सम्मेलन

झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस पर विशेष कार्यक्रम के तहत देश में पहली बार केंद्र और राज्य संबंध पर होगा राष्ट्रीय सम्मेलन का भी आयोजन किया गया है। इसमें नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ, रांची और पीआरएस लेजिसलेटिव रिसर्च, नई दिल्ली शामिल होंगे। सम्मेलन में केंद्र और राज्य के बीच कई बिंदुओं पर विचार विमर्श होगा। इनमें केंद्र और राज्यों के बीच विधायी शक्तियों का वितरण। भारत में राजकोषीय संघवाद। भारतीय संघवाद के साथ राज्यपाल की भूमिका और कार्य। संघीय ढांचे में केंद्रीय जांच एजेंसियों की भूमिका आदि प्रमुख हैं। इन विषयों पर राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपति, शिक्षाविद और जानकार हस्तियां अपना भाषण प्रस्तुत करेंगे।

## आदित्यपुर में तीन मौत से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

# पत्नी-बच्चे की हत्या कर खुदकुशी की

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर के दुगार्पूजा मैदान में रविवार को उस समय सनसनी फैल गयी जब एक कमरे में खून से लथपथ एक ही परिवार के तीन लोगों की लाशें मिली। आशंका जतायी जा रही है कि पति ने पत्नी व बच्चे की हत्या कर खुद आत्महत्या कर ली है। हत्या से भी इनकार नहीं किया जा रहा है। पुलिस सभी विंदुओं को ध्यान में रख कर जांच-पड़ताल में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार अनीमा (47 साल) अपने पति इमैनुएल टेरला (55 वर्ष) और 10 साल का बेटा के साथ विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह के इलाके में एम 47 मकान में किराये पर रहते थे। पड़ोसियों के अनुसार रविवार दोपहर पति-पत्नी के बीच काफी झगड़ा हुआ था। आपसी मामला सोचकर किसी ने बीच बचाव नहीं किया। शाम होते ही जब घर का दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों को शक हुआ। पड़ोसियों ने स्थानीय पार्षद रंजन सिंह को सूचना दी। पार्षद ने पुलिस को बुलाकर गेट तुड़वाया। अंदर घुसते ही जमीन पर खून से लथपथ तीन लाशें देख लोगों के होश उड़ गये। घर के दरवाजे पर ही महिला का शव पड़ा मिला। उसके चेहरे पर कटे का निशान था। घर के हाल में पति और बच्चे का शव पड़ा था। पुलिस इमैनुएल के परिवार के नजदीकियों से पूछताछ कर रही है। प्रथम दृष्टया यह आशंका जतायी जा रही है कि विवाद के बाद पति ने पत्नी व बच्चों को चापड़ से हमला कर खुद भी आत्महत्या कर ली। इमैनुएल मूलरूप से नेतरहाट का रहने वाला था। उसका 10 साल का बेटा अंकन लोयोला स्कूल में पढ़ता था। पुलिस के अनुसार तीनों की हत्या चापड़ से की गयी है। अनीमा नामकुम स्थित ईएसआई अस्पताल में नर्स के पद पदस्थापित थी। एक साल पहले ही उसका तबादला आदित्यपुर से नामकुम किया गया था। पति व बच्चे आदित्यपुर में रहते थे, जबकि अनीमा प्रत्येक शनिवार आया करती थी। कुछ दिन पहले ही अनीमा ने पति को स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) खरीदकर दी थी, ताकि वह अर्थोपार्जन कर सके। वह फुटबाल खेलने के साथ जमीन का भी कारोबार करता था, लेकिन इधर कुछ दिनों से जमीन का धंधा मंदा चल रहा था। आदिवासी कल्याण समिति के हरिमोहन टुडू ने बताया कि पति व पत्नी के बीच़ हमेशा झगड़ा होता था।

# वैशाली में ट्रक ने लोगों को रौंदा, 10 की मौत

### भोज खाकर लौट रहे थे, मृतकों में 8 बच्चे भी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** बिहार के वैशाली में रविवार की रात करीब 9 बजे भीषण सड़क हादसे में दस से अधिक लोगों की मौत हो गयी। कई अन्य लोग घायल हैं, इनमें कुछ की हालत गंभीर है। मृतकों में 8 छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल हैं। घटना वैशाली जिले के देसरी थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव की है। एक भोज में शामिल हो कर करीब दो दर्जन लोग पैदल लौट रहे थे।

अचानक एक तेज रफ्तार ट्रने उन्हें कुचल दिया। हादसे में 10 लोगों के मौत की सूचना मिल रही है। वहीं 10 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं। लोगों को टक्कर मारने के बाद ट्रक पीपल के पेड़ से जा टकराया है। पीपल के पेड़ से ट्रक टकराने के बाद ड्राइवर घायल अवस्था मे स्टीयरिंग में फंस गया। वहीं एक शव ट्रक में फंसा है।स्थानीय लोगों ने बताया कि पास में ही नेवतन पूजा था। उसी में बच्चों के साथ लोग गये हुए थे। वहां से भोज के बाद सभी लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। इनमें करीब 10 लोगों की मौके पर मौत हो गयी, जबकि करीब 10 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

(शेष पेज 11 पर)

## सीजेआइ 26 को आयेंगे रांची



**रांची।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ 26 नवंबर को रांची आएंगे। जानकारी के अनुसार वह कानून और प्रौद्योगिकी के माध्यम से समकालीन न्यायिक विकास और न्याय पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में शिरकत करेंगे। इस सेमिनार में झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन और अन्य जस्टिस भी शामिल होंगे। रांची के धुर्वा स्थित जुडिशियल एकेडमी में यह सेमिनार होगा। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बनने के बाद जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ पहली बार झारखंड आ रहे हैं।

# एचइसी में विधायक आवास का निर्माण कार्य शुरू

### 70 फ्लैट का भूमि पूजन, लागत 216 करोड़, क्षेत्र 43.50 एकड़

- क्लब हाउस, चिल्ड्रेन पार्क, प्रेक्षागृह, शापिंग सेंटर, हेल्थ सेंटर भी रहेगा परिसर में
- हैदराबाद की एजेंसी केएमवी बनायेगी जी + वन डुपलेक्स
- पर्यावरण संरक्षण को वृक्ष और लैंड स्केपिंग का भी प्रावधान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य बनने के 22 साल बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दृढसंकल्प के कारण रविवार को विधायक आवास का निर्माण कार्य आरंभ हो गया। हैदराबाद की एजेंसी केएमवी ने भूमिपूजन कर विधि-विधान के साथ 70 बंगला का निर्माण कार्य आरंभ किया। एचइसी कोर कैपिटल क्षेत्र मे नये विधानसभा के पास 43.50 एकड़ भूमि पर 216.05 करोड़ रुपये की लागत से जी +1



डुपलेक्स आवास बनेंगे। ये बंगले दो साल में बन जायेंगे।

**अभी रशियन हॉस्टल है विधायकों का ठिकाना :** फिलहाल विधायक एचइसी के रशियन हास्टल में रह रहे है। वैसे सीनियर विधायको को एचइसी के बंगलों मे भी रह रहे है। निमार्णाधीन विधायक आवास परिसर में सभी सुविधाओं से युक्त 70 डुपलेक्स भवन बनेंगे। परिसर में ही एक प्रेक्षागृह (ऑडिटोरियम), एक क्लब हाउस, एक इनडोर स्टेडियम, एक कंवेशन शापिंग सेंटर, एक हेल्थ सेंटर, चिल्ड्रेन पार्क, विधायको अंगरक्षको एवं अन्य सुरक्षा कर्मियों के लिए अलग से बैरक, एक भूमिगत वाटर टैंक और एक ओवर हेड वाटर टैंक भी बनेगा।

### दो साल में बनकर तैयार होगा

स्वच्छ वातावरण एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए भरपूर वृक्षारोपण भी किया जायेगा। आकर्षण के लिए लाइटिंग और लैंड स्केपिंग के साथ फूलों की क्यारियों का भी प्रावधान किया गया है। विधायक आवास एवं परिसर का निर्माण दो साल मे पूरा हो जायेगा। निर्माणकर्ता एजेंसी केएमवी का ससमय कार्य पूरा करने का रिकॉर्ड रहा है। इससे पहले जुपमी बिल्डिंग केएमवी ने बनाया है। मंत्रियों के 11 आवास का काम 90 प्रतिशत कार्य ससमय केएमवी ने पूरा कर दिया है। दुबलिया में ट्रांसपोर्ट नगर का काम भी केएमवी कर रहा है। भूमिपूजन में भवन निर्माण विभाग विशेष कार्यप्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता तथा केएमवी के जोनल डायरेक्टर कृष्णा प्रसाद, परियोजना प्रबंधक एसएन राव एवं अजय सिंह सहित कई अन्य कर्मी शामिल हुए।

# 80 स्कूलों में नये सत्र से होगी सीबीएसइ कोर्स की पढ़ाई

### मान्यता प्राप्त करने को भेजा गया आवेदन, रांची के 5 स्कूलों का भी स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में चयन

सुधीर

**रांची।** राज्य के 80 स्कूलों में नये सत्र से अब निजी स्कूलों की तरह सीबीएसइ कोर्स की पढ़ाई होगी। इन स्कूलों के बच्चे भी अब अंग्रेजी में फरार्टेदार पढ़ाई करेंगे। प्रोजेक्टर के माध्यम से इन्हें भी स्मार्ट क्लास में शिक्षा दी जायेगी। राज्य सरकार ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई करने वाले बच्चों को भी स्मार्ट बनाने का निर्णय लिया है। यही कारण है कि राज्य के 80 स्कूलों का चयन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के तहत किया गया है। इन स्कूलों में सीबीएसइ के कोर्स की पढ़ाई करायी जायेगी, ताकि बच्चे स्टेट बोर्ड से



सीबीएसइ बोर्ड में जा सकें।

**रांची के पांच विद्यालय स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में चयनित :** रांची जिले के 5 स्कूलों का चयन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के लिए किया गया है। इनमें जिला प्लस टू उच्च विद्यालय रांची, टीवीएस हाई स्कूल जगन्नाथपुर, मॉडल स्कूल कांके, राजकीय बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय बरियातू तथा कस्तूरबा विद्यालय नामकुम का चयन किया गया है। इन स्कूलों में स्मार्ट लैब और लाइब्रेरी के साथ-साथ स्मार्ट क्लास और स्मार्ट हॉल का निर्माण किया जा रहा है। अगले सत्र से इन स्कूलों में सीबीएसइ की पढ़ाई शुरू कर दी जायेगी।

(शेष पेज 11 पर)

> सरकार के निर्देश के बाद स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के तहत स्कूलों में स्मार्ट लैब और स्मार्ट लाइब्रेरी तथा स्मार्ट क्लास और हॉल का निर्माण कराया जा रहा है। उम्मीद है एप्लीकेशन मिलने के बाद अगले सत्र से इन स्कूलों में सीबीएसइ की पढ़ाई करा दी जायेगी।
>
> **कमला सिंह, डीईओ, रांची।**

# गिरिडीह डैम में नहाने गये दो बच्चों की मौत

**रांची/ गिरिडीह (खबर मन्त्र ब्यूरो)।** डैम नहाने गये दो बच्चों की डूबने से मौत हो गयी। काफी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों का शव निकाला। घटना के बाद से ही परिजनों का हाल बेहाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया गया कि जमुआ थाने की हरला पंचायत के शिवसिंहडीह गांव स्थित ओराडी डैम में रविवार को नहाने के दौरान दोनों बच्चों की डूबने से मौत हो गयी। सुबह में दोनों बच्चे अपनी साइकिल से डैम में नहाने गये थे। नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से उनकी मौत हो गयी। बच्चों के डूबने की सूचना पर स्थानीय ग्रामीण और जमुआ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों के शव को डैम से निकला। मृतकों की पहचान जमुआ चौक निवासी सुभाष अग्रवाल के पुत्र जय कुमार और नकुल साव के पुत्र नवनीत कुमार के रूप में हुई है। डैम से शव निकलते ही परिजनों के चीत्कार से पूरा इलाका गमगीन हो गया। शव निकलने के बाद मौके पर मौजूद पुलिस ने उसे स्थानीय अस्पताल ले गयी।


## हजारीबाग, सिमडेगा, गुमला, खूंटी, चतरा में है सेंटर खोले जाने की योजना

# हीमोफीलिया के मरीजों के लिए राज्य में खुलेंगे छह डे केयर सेंटर

### सेंटर से फैक्टर लगा कर मरीज जा सकेंगे वापस अपने घर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में हीमोफीलिया के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में मरीजों को जब इंटरनल ब्लीडिंग होती है तो तत्काल फैक्टर चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। तत्काल फैक्टर नहीं चढ़ाए जाने की स्थिति में मरीज की मौत भी हो जाती है। कई जिलों में सुविधा नहीं होने की स्थिति में मरीजों को रिम्स लाना पड़ता है। इसमें काफी समय भी लग जाता है। मरीजों की इस परेशानी को कम करने के लिए छह नए डे केयर सेंटर खोलने की योजना है। ये सेंटर हजारीबाग, सिमडेगा, गुमला, खूंटी, चतरा व एक अन्य जिला होगा, जहां जरूरत को देखते हुए सेंटर खोला जाएगा। ये बातें हीमोफीलिया सोसायटी के सेक्रेटरी संतोष कुमार जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य में 11 डे केयर सेंटर पहले से चल रहे हैं।



### हीमोफीलिया के मरीजों की ब्लीडिंग नहीं रुकती

सामान्य लोगों में कटने के बाद थोड़ा खून बहने के बाद बंद हो जाता है, लेकिन कई लोगों के साथ ऐसा नहीं होता। हीमोफीलिया के मरीजों की ब्लीडिंग नहीं रूकती है। ऐसे में ब्लीडिंग को रोकने के लिए फैक्टर चढ़ाया जाता है। वहीं इंटरनल ब्लीडिंग की स्थिति में दर्द काफी होता है। ऐसी स्थिति में भी फैक्टर लगाना जरूरी है। यह एक आनुवांशिक बीमारी है जिसमें खून का थक्का बनना बंद हो जाता है। माता-पिता में से किसी को ये बीमारी होने पर बच्चे को भी हो सकती है। हीमोफीलिया ए में फैक्टर 8 की कमी होती और हीमोफीलिया बी में घटक 9 की कमी होती है। दोनों ही खून में थक्का बनाने के लिए जरूरी है।

### कांके स्थित होली डे होम में डॉक्टरों के लिए पहली बार वर्कशॉप

कांके स्थित होली डे होम में हीमोफीलिया सोसायटी की ओर से दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में 24 जिलों के 55 डॉक्टरों ने भाग लिया। वर्कशॉप में स्पेशलिस्ट पीजीआई लखनऊ के डॉ संजीव, कोलकाता के डॉ अंजना दता, डॉ शशिकांत आपटे पूना, डॉ प्रकाश मंडल, रिम्स की डॉ मिन्नी रानी अखौरी, डॉ संजय सिंह, डॉ देवेन्द्र मुंडा, डॉ अनूपा प्रसाद, डॉ स्वाति मौजूद थीं। इस वर्कशॉप में हीमोफीलिया के ट्रीटमेंट को लेकर हर पहलू पर विस्तृत चर्चा की गई। वर्कशॉप का आयोजन वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ हीमोफलिया डेनमार्क के सहयोग से किया गया। झारखंड देश का का पहला राज्य है, जहां ट्रीटमेंट करने वाले डॉक्टरों के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

### वर्कशॉप में ये रहे मौजूद

वर्कशॉप में डॉ कृष्ण कुमार, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं, झारखंड, डॉ नीरा यादव विधायक कोडरमा, डॉ एचपी नारायण, संरक्षक हीमोफीलिया सोसायटी, डॉ एनएन अग्रवाल, पूर्व निदेशक, डॉ प्रेमरूप अल्वा, अध्यक्ष हीमोफीलिया फेडरेशन इंडिया और डॉ गोविन्द जी सहाय, एफजेएमसीएच दुमका शामिल थे।

# भ्रष्टाचार के काले कारनामों की गाथा लिख रही है राज्य की गठबंधन सरकार : भाजपा

### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा– इडी का सामना करने के बाद सीएम का व्यवहार क्रांतिकारी जैसा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि गठबंधन सरकार भ्रष्टाचार के काले कारनामों की गाथा लिख रही है। श्री प्रकाश रविवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को संवैधानिक संस्थाओं का और न्यायालय का सम्मान करना चाहिए। जब इडी ने उन्हें पूछताछ के लिए समन जारी किया तो झामुमो और कांग्रेस वालों ने राजनीतिक नौटंकी शुरू कर दी। ईडी का सामना कर निकले सीएम ने क्रांतिकारियों जैसा व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले को लेकर ईडी ने सीएम से पूछताछ की है।

उन्होंने कहा कि एक सर्वेक्षण में यह सामने आया है कि पूरे भारत में झारखंड हत्या के मामले में प्रथम स्थान और विकास के मामले में शून्य पर है। आजादी के बाद पहली बार किसी राज्य के मुख्यमंत्री को समन भेजा गया है और इससे पूरे राज्य का सिर शर्म से नीचे झुक गया है। राज्य में राजनीतिक और वित्तीय अराजकता है। उन्होंने कहा कि जब से राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी है तब से लगातार अवैध खनन, टेंडर मैनेज करना जैसे चल रही है। उन्होंने कहा कि 7 नवम्बर से लेकर 14 नवम्बर तक झारखण्ड बचाओ प्रदर्शन काफी सफल रहा। राज्य के सभी 213 प्रखंडों में जनाक्रोश प्रदर्शन में 2,34,850 लोगों ने भाग लिया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत भेजी जा रही अनाजों का राज्य सरकार के संरक्षण में कालाबाजारी हो रही है। गरीबों को 12 प्रतिशत अनाज मिलता है और 88 प्रतिशत अनाज की कालाबाजारी हो जाती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना का नाम बदल कर मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना कर दिया गया है। उन्होंने रिम्स की हालत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा ने 400 करोड़ रुपया खर्च करके आरएमसीएच को एम्स के तर्ज पर मॉडल हॉस्पिटल बनाया। लेकिन वर्तमान सरकार ने उसकी हालत बद से बदतर बना दी है। उन्होंने राज्य में कानून व्यवस्था, चरमराई बिजली की स्थिति पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि संथाल परगना और कोल्हान के लोगों को 2 से 3 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। नगर निकाय के चुनाव में पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत का आरक्षण से वंचित कर रही है। एसटी और एसी को आपस में लड़ाने का काम कर रही है। सरकार समाज को बांटों और राज करो की नीति और काम कर रही है। राज्य सरकार को अस्थिर करने के सवाल पर जबाब देते हुए कहा कि भाजपा संविधान के आधार पर चलने तथा लोकतंत्र पर विश्वास करने वाली वाली पार्टी है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

# विधानसभा स्थापना दिवस का आमंत्रण राज्यपाल को दिया



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस से राजभवन में मिलकर प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर ने उन्हें झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस 2022 एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए आमंत्रण पत्र दिया। राज्यपाल ने इस पर सकारात्मक जवाब दिया।

# पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण सिर्फ धोखा : लालचंद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा की राज्य कार्यकारिणी कोर कमिटी की बैठक मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष लालचंद महतो की अध्यक्षता में रविवार को हुई। मौके पर लालचंद महतो ने कहा कि राज्य सरकार पिछड़ों को 27% आरक्षण देने की घोषणा कर धोखा दे रही है। सरकार चाहती तो आरक्षण लागू कर सकती थी, लेकिन लागू नहीं कर के केंद्र सरकार के पाले में डाल दिया है। पंचायत चुनाव में पिछड़ों का आरक्षण समाप्त कर दिया। उसी तरह निकाय चुनाव में भी पिछड़ों का आरक्षण समाप्त करने का काम कर रही है।



बैठक में निर्णय यह लिया गया कि जितने भी निवर्तमान तथा पूर्व पार्षद पिछड़ा वर्ग से आते हैं उन सबों की बैठक 24 नवम्बर को मोहराबादी मैदान में होगी। बैठक में सर्वसम्मति से लिये गए प्रस्तावों में 36% आरक्षण की मांग की गयी। 1932 का स्वागत करते हुए केंद्र सरकार को हेमंत सरकार के दोबारा भेजे गए प्रस्ताव का विरोध किया गया। निकाय चुनाव में पिछड़ों के आरक्षण को लागू करने तथा 13 जिलों का रोस्टर को समाप्त कर नया रोस्टर के तहत सभी वर्गों की जन संख्या के आधार पर आरक्षण नीति तय करने की मांग की गयी। मौके पर डॉ. दिलीप सोनी, मोर्चा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष अब्दुल खालिक, पप्पू राऊत, कालीचरण महतो, निलाम्बर साहू,ललित कुमार चौधरी, अरूण कश्यप, धनीनाथ राम साहू, कुमार राजीव रंजन, धनंजय कुमार आदि थे।

# कोयला चोरी रोकने के नाम पर हुए नरसंहार की जांच हो : ऐक्टू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ऐक्टू ने कोयलाचोरी रोकने के नाम पर नरसंहार की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। ऐक्टू के महासचिव शुभेंदु सेन ने बाघमारा के बेनीडीह में सीआइएसएफ द्वारा की गई फायरिंग से चार लोगों की हुई मौत की घटना की कड़ी निन्दा की है। मारे गए लोग कोयल चोर नहीं बल्कि मजदूर थे। उन्होंने गोलीकांड की उच्चस्तरीय जांच एवं मौत के दोषी सीआइएसएफ कर्मियों पर हत्या मुकदमा दर्ज कर बर्खास्त करने की मांग की है। रात के अंधेरे में मजदूरों से काम कराने वाले सफेदपोश कोयला कारोबारियों की जांच कर गिरफ्तारी हो। कोयलांचल में कोयला कारोबारियों, राजनेताओं और पुलिस के बीच गठजोड़ है। इस कारोबार में शामिल सफेद पोशो की उच्चस्तरीय जांच कर कार्रवाई हो। ऐक्टू मृतकों के परिजनों को 25 लाख मुआवजा और घयालों की सरकार के स्तर पर निःशुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराई जाये।

# भाजपा का जिला मुख्यालयों में आक्रोश प्रदर्शन आज से शुरू

### प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश आज रांची के प्रदर्शन का करेंगे नेतृत्व

### 25 नवंबर तक चलेगा प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा का जिला मुख्यालयों में आक्रोश प्रदर्शन आज से 25 नवंबर तक चलेगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश 21 नवंबर को रांची के प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे। वहीं, पार्टी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी 22 को चाईबासा, 24 को गिरिडीह एवं 25को दुमका जिला के आक्रोश प्रदर्शन में शामिल होंगे। इसी प्रकार 22 नवंबर को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा गुमला में, 23 नवंबर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास धनबाद में, 24 नवंबर को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी पलामू जिला में प्रदर्शन में शामिल होंगी। वहीं 21 नवम्बर को रांची जिला डीसी कार्यालय में सांसद दीपक प्रकाश, साहेबगंज में सुनील सोरेन एवं अमित मंडल, 22 नवम्बर को सिमडेगा में कोचे मुंडा, सुबोध सिंह गुड्डू,कोडरमा में पी एन सिंह एवं प्रणव वर्मा, खूंटी में संजय सेठ और मुनेश्वर साहू, पं सिंहभूम में बाबूलाल मरांडी एवं किसलय तिवारी, सरायकेला-खरसावां में दिनेश उरांव एवं अमरदीप यादव, गुमला में अर्जुन मुंडा एवं प्रदीप वर्मा, 23 नवम्बर को हजारीबाग में सीपी सिंह और पवन साहू, देवघर में सुनील कुमार सिंह, जामताड़ा में अनंत ओझा एवं अपर्णा सेन गुप्ता, बोकारो में रवीन्द्र कुमार राय एवं मनोज सिंह, गढ़वा में डॉ दिनेशानंद गोस्वामी एवं श्याम नारायण दुबे, लोहरदगा समीर उरांव एवं अभयकांत प्रसाद, धनबाद में रघुवर दास एवं जेपी पटेल, रामगढ विद्युतवरण महतो एवं नीलकंठ सिंह मुंडा, 24 नवम्बर को पूर्वी सिंहभूम जिला में जयन्त सिन्हा एवं नवीन जायसवाल, पलामू में अन्नपूर्णा देवी एवं शिवशंकर उरांव, लातेहार में सुदर्शन भगत एवं आदित्य साहू,गिरिडीह में बाबूलाल मरांडी, चतरा में बीडी राम एवं बालमुकुंद सहाय, गोड्डा में बिरंची नारायण एवं मिस्त्री सोरेन,पाकुड़ में यदुनाथ पांडेय तथा अमर कुमार बाउरी तथा 25 नवम्बर को दुमका जिला में बाबूलाल मरांडी एवं गंगोत्री कुजूर उपस्थित रहेंगे।

# राज्य सरकार बहाली का आधार प्रखंड व पंचायत को बनाए : राजेंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के द्वारा शिक्षक नियुक्ति में खतियानी को नौकरी देने की बात कहे जाने पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि शिक्षा मंत्री की भावना का हम सम्मान करते हैं, लेकिन इसके लिए सरकार को ईमानदारी पूर्वक पहल करनी होगी। उन्होंने कहा कि कानूनी अड़चनें को भी समझना पड़ेगा। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि खतियानी लोगों को नौकरी देनी है, तो चतुर्थ वर्ग की नियुक्ति के लिए पंचायत को आधार बनाने और तृतीय वर्ग के लिए प्रखंड को आधार बनाना होगा। इसके लिए खतियानी लोगों को 10% ग्रेस मार्क्स के साथ राज्य सरकार अपने अधिकार आर्टिकल 16-4 का भी उपयोग करे तभी खतियानी लोगों को तृतीय और चतुर्थ वर्ग की नौकरी मिल सकेगी। श्री प्रसाद ने राजनीतिक दलों से



नियोजन नीति के मामले पर राजनीति नहीं नहीं करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा झारखंडियों के अधिकार के लिए सरकार और विपक्ष मिलकर काम करे। वहीं संविधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए सरकार पिछड़ी जातियों के साथ-साथ मूलवासी सदान से आने वाले सवर्ण समुदायों के लोगों की भी जातीय जनगणना और सामाजिक आर्थिक राजनीतिक स्थिति की सर्वेक्षण कराए। प्रसाद ने कहा कि अब सरकार की जिम्मेदारी है ओबीसी को 27% आरक्षण की घोषणा की है तो ओबीसी को 27% आरक्षण देने की ईमानदारी पूर्वक पहल करे।

# झारखंड के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दो दिसंबर को होगी यूनिफाइड कमांड की बैठक

### बैठक में नक्सल क्षेत्रों के विकास और नक्सलियों पर नकेल के लिए बनेगी रणनीति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान को गति देने के साथ नक्सल क्षेत्रों के विकास व नक्सलियों पर पूर्णरूप से नकेल कसने के लिए पांच साल बाद आगामी दो दिसंबर को झारखंड मंत्रालय में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में यूनिफाइड कमांड की बैठक होगी। ज्ञात हो कि इसके पूर्व यूनिफायद कमांड की बैठक जून 2017 में हुई थी।

**विकास कार्य और सुरक्षा की होगी समीक्षा :** मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दो दिसंबर को होनेवाली बैठक में नक्सल क्षेत्रों में



चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा से लेकर सुरक्षा, समन्वय व अन्य उन सभी बिंदुओं पर चर्चा होगी, जो नक्सल पर नकेल कसने के लिए जरूरी है। केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में साल 2019 में दिल्ली के उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में सभी राज्यों को यूनिफाइड कमांड की बैठक लगातार करने का सुझाव दिया गया था, पर ऐसा हो नहीं पाया। केंद्र का पहले से निर्देश है कि प्रत्येक तीन महीने पर यह बैठक होनी है, ताकि नक्सलियों के विरुद्ध चल रहे अभियान की लगातार निगरानी भी होती रहे। इससे केंद्र को भी अवगत कराना होता है।

### क्या है यह यूनिफाइड कमांड

नक्सल क्षेत्रों में सुरक्षा व विकास करने को लेकर केंद्रीय कैबिनेट ने साल 2010 में यूनिफाइड कमांड के गठन का निर्णय लिया था। इसके बाद झारखंड में साल 2011 में पहली बैठक हुई थी। इसके बाद प्रत्येक साल यह बैठक होने लगी और वर्ष 2017 में अंतिम बार बैठक हुई थी। यूनिफाइड कमांड की बैठक में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के अलावा वहां विकास कार्यों में लगी सरकारी एजेंसियों के प्रमुख होते हैं। बैठक में उनकी समस्याओं को जानने की कोशिश होती है और आपसी समन्वय पर जोर, खुफिया एजेंसियों की सक्रियता व पड़ोसी राज्यों के साथ सुरक्षा के मसले पर समन्वय आदि विषयों पर विचार-विमर्श किया जाता है। ताकि उसका हल निकाला जा सके।

## राजनीतिक झकझूमर जारी | फिर तेजी से बदल रहा झारखंड का राजनीतिक चेहरा

# राजनीतिक व वैधानिक चक्रव्यूह भेदने में जुटे सीएम हेमंत

### सीएम ने कहा कि पांच साल सत्ता में रहा तो बाहर से यहां राजनीति करने आने वालों को कर दूंगा बाहर

### विपक्षी दल भ्रष्टाचार को मुद्दा बना कर महागठबंधन सरकार को अपदस्थ करने के लिए चला रहे आंदोलन

उदय चौहान

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन राजनीतिक व वैधानिक चक्रव्यूह को भेदने में जुटे हैं। चुनाव आयोग के ऑफिस ऑफ प्रोफिट मामले में राजभवन को भेजे अनुशंसा पत्र के बाद से राज्य में राजनीतिक झकझूमर जारी है। हालांकि, राज्यपाल ने चुनाव आयोग के पत्र को अब तक सस्पेंश बना कर रखा है। इसके कारण सत्ताधारी दलों व विपक्षी दल भाजपा के बीच जबरदस्त रस्साकशी चल रही है। झारखंड में राजनीतिक संकट खड़ा हो गया है। ईडी द्वारा सीएम हेमंत सोरेन से लगभग 9 घंटे हुई पूछताछ के बाद राजनीतिक कट्टरता बढ़ गयी है। दरअसल, एक हजार करोड़ के अवैध खनन मामले में सीएम ईडी के रडार पर हैं। सीएम अपनी कुर्सी बचाने के साथ-साथ वैधानिक लड़ाई में मजबूती से जुट गये हैं।


दरअसल, ऑफिस ऑफ प्रोफिट मामले में मुख्यमंत्री पद छोड़ने का संकट पैदा हो गया है। सीएम पर आरोप है कि राज्य का खनन मंत्री रहते हुए उन्होंने खुद अपने और अपने कुछ करीबियों के नाम पर खान आवंटित करा लिया। राजभवन तक चुनाव आयोग के अनुशंसा पत्र पहुंचने के बाद सीएम राजनीतिक रूप से अपने विरोधियों को धूल चटाने में सफलता हासिल की है। इसके लिये सीएम ने यूपीए विधायकों को रिसोर्ट व डैम पॉलिटिक्स के सहारे एकजुट रखा है। सत्ताधारी झामुमो, कांग्रेस व राजद के बीच एका कायम रखने के लिये मैराथन बैठकों का दौर भी चला। विरोधियों



पर हमला करते हुये सीएम ने कहा कि ईडी भी मानती है कि अवैध खनन का मामला पुराना है। तत्कालीन भाजपा सरकार में मंत्री रहे सरयू राय ने भी ईडी की इस कार्रवाई पर सवाल उठाया है। उनका कहना है कि कई गड़बड़ियां पूर्ववर्ती रघुवर दास सरकार के कार्यकाल की है। उन्होंने कहा कि पांच साल सत्ता में रहा तो बाहर से यहां राजनीति करने आने वालों को बाहर कर दूंगा। इसलिए मामले की छानबीन शुरूआत से होनी चाहिये। सीएम की राजनीतिक घेरेबंदी के बाद विपक्षी दल बैकफुट पर नजर आ रहे हैं।



*85 हजार करोड़ के कर्ज से झारखंड को उबारने की चुनौती, झारखंड के माथे पर गरीब होने का तमगा है। राज्य में करीब 36 प्रतिशत से अधिक आबादी गरीबी रेखा के नीचे है।*




### सत्ता के लिए आदिवासी-मूलवासी एका का मंत्र

ईडी की करीब 9 घंटे पूछताछ के बाद सीएम ने अपने समर्थकों और सत्ताधारी दलों के नेताओं को आपसी एकजुटता बनाये रखने का मंत्र पढ़ाया। उन्होंने कहा कि आदिवासियों- मूलवासियों की एकजुटता ही झारखंड को बचा सकता है। सीएम ने कहा कि उनकी सरकार के बहुमत पर कोई सवाल नहीं है। भाजपा का ऑपरेशन लोटस को नाकाम कर दिया गया है। राजनीतिक परिपक्वता हासिल करने के लिये राज्य समन्वय समिति का गठन कर दिया है। इसका चेयरमैन शिबू सोरेन को बनाया गया है। उनका कहना है कि मामला तकनीकी तौर पर ऑफिस ऑफ प्रोफिट के तहत नहीं आता है। वहीं, मनी लांउड्रिंग मामले में उनके खिलाफ कोई केस नहीं बनता है। यह मामला पूर्ववर्ती रघुवर सरकार के समय से चल रहा है। हमारी सरकार ने खनन माफिया के खिलाफ काफी कठोर कार्रवाई की है। बावजूद इसके सीएम के समक्ष यहां के बेरोजगारों को रोजगार देने, किसानों की दशा सुधारने, सरकारी रिक्तियों को भरने, नक्सलवाद, माफियातत्वों और राजस्व उगाही में वृद्धि करने की चुनौती है। उम्मीद की जाये कि कानून के शासन की मजबूरियों से निकला हेमंत का चेहरा राज्य को बेहतर माहौल देगा। विधि-व्यवस्था को दुरूस्त कर विकास की गति को तेज किया जा सकेगा। इससे भी अधिक हेमंत सोरेन को जनता की अपेक्षाओं परखरा उतरना होगा। तात्पर्य है कि झारखंड के माथे पर गरीब होने का तमगा है। इस राज्य में करीब 36 प्रतिशत से अधिक आबादी गरीबी रेखा के नीचे है। गरीब राज्य के तमगे से झारखंड को मुक्त कराना सीएम के लिए बड़ी चुनौती है।

# लंपी स्किन डिजीज को रोकने की पहल शुरू

### राज्य सरकार ने गॉट पॉक्स वैक्सीन के 8,90,000 डोज खरीदा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य पशुपालन विभाग ने लंपी स्किन डिजीज को रोकने में बेहद कारगर साबित हुए गॉट पॉक्स वैक्सीन की 8,90,000 डोज खरीदा है। हर जिले को प्रथम चरण में 35-35 हजार वैक्सीन भेजा गया है। पशुपालक, जिला या प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी से संपर्क कर अपने गाय और भैंस को दिलवा सकते हैं। रांची के कांके स्थित पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान के निदेशक डॉ बिपिन माहथा ने बताया कि राज्य में दो महीने पहले लंपी स्किन डिजीज ने दस्तक दी थी और अब यह कमजोर पड़ रहा है।

**अबतक सात जिलों के 80 हजार पशुओं को किया गया वैक्सीनेट**

डॉ माहथा ने बताया कि पूर्व में सभी जिला के पशुपालन अधिकारी को वैक्सीन के लोकल पर्चेज के लिए 14-14 हजार रुपये दिए गए थे, जिससे वैक्सीन खरीद कर पशुओं को दिया गया। उन्होंने बताया कि अभी तक 7 जिले लंपी स्किन डिजीज से प्रभावित है और 80 हजार पशुओं को वैक्सीनेट किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि राज्य के अलग-अलग 250 जगहों से संदिग्ध पशुओं का सैंपल लेकर नेशनल हाई सिक्योरिटी लैब, भोपाल भेजा गया था, जिसकी रिपोर्ट में 6 जिलों में लंपी स्किन डिजीज की पुष्टि हुई थी। डॉ बिपिन महथा ने कहा कि राज्य के रांची, चतरा, देवघर, जामताड़ा हजारीबाग, और जमशेदपुर में लंपी वायरस से संक्रमित संदिग्ध पशु मिल चुके हैं।

**क्या होता है लंपी स्किन डिजीज**

पशु चिकित्सकों के अनुसार लंपी स्किन डिजीज मुख्यतः गौवंशीय पशुओं में होने वाली वायरल डिजीज है, जो संक्रमित मक्खियों-मच्छरों और चमोकन के काटने से पशुओं में फैलता है। इससे ग्रसित पशुओं के आंख नाक के स्त्राव, लार घाव के स्त्राव और कोटि के संपर्क में आने से स्वस्थ पशुओं में भी संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है।

# सेवानिवृत्त अधिकारियों को निशाना बनानेवाले दो साइबर ठग गिरफ्तार

**39 हजार लोगों का डाटा रखने वाले झारखंड के दो साईबर ठग 31 लाख ठगी के आरोप में गिरफ्तार**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस के सहयोग से यूपी के मिर्जापुर जिले की साइबार पुलिस ने देवघर एवं साहेबगंज जिले से दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यूपी के मिजार्पुर जिले के चुनार थाना क्षेत्र के जलालपुर निवासी रिटायर्ड एसआई के खाते से 31 लाख रुपये गायब करने के आरोप में साहेबगंज जिले के मनीष कुमार साह और देवघर जिले के संतोष कुमार मंडल को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के पास से छह लाख रुपये और 5 मोबाइल फोन बरामद किया गया है। इनके फोन से 39 हजार लोगों का डाटा बरामद हुआ है, इनमें रिटायर्ड आईएएस, आईपीएस अधिकारी, जज, सेना के रिटायर्ड अधिकारी का डेटा, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर

## दो अपराधी रांची पुलिस के हत्थे चढ़े



**रांची।** मुंबई पुलिस से मिली सूचना के आधार पर रांची पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से 5 एंड्राइड मोबाइल, एक कीपैड मोबाइल और पांच सिम कार्ड बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में जामताड़ा जिले के करमाटांड़ थाना क्षेत्र का सचिन कुमार मंडल और देवघर जिले के मार्गोमुंडा थाना क्षेत्र का संजीत कुमार मंडल है। घटना में संलिप्त एक आरोपी उमेश साहू फरार है।

था। आरोपी मनीष कुमार साह 5वीं पास है, जबकि संतोष कुमार मंडल 9वीं पास है। इस गैंग के 4 सदस्य फरार बताये जा रहे हैं। इस गिरोह का तार जामताड़ा से भी जुड़ा हुआ है। बताया जा रहा है कि ये आरोपी हजारों खातों से करीब 25 करोड़ रुपये गायब कर चुके हैं।

साइबर सेल प्रभारी श्याम बहादुर यादव ने बताया कि आरोपी रिटायर्ड अधिकारियों का डाटा इकट्ठा करने के बाद पेंशन बंद होने या जीवित प्रमाणपत्र के नाम पर फोन करके एनी डेस्क, टीम विवर जैसे एप का प्रयोग करके नेट बैंकिंग के माध्यम से पैसा ट्रांसफर करते थे। ट्रांसफर रुपये दूसरे खाते में भेजकर एटीएम से निकाल लेते थे। आरोपी लगातार ठिकाना बदल-बदलकर घटना को अंजाम देता था। इस गिरोह द्वारा चार साल से घटना को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खाते से 31 लाख रुपये गायब होने की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। इसके बाद दोनों आरोपी को झारखंड से गिरफ्तार कर लिया।

## जेसीआई रांची ने एक्सपो उत्सव को लेकर डीलर्स मीट का किया आयोजन

# 24 से 28 नवंबर तक मोरहाबादी मैदान में एक्सपो उत्सव की धूम

**पूरे एक्सपो परिसर में मिलेगी फ्री वाईफाई की सुविधा**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जेसीआई रांची का एक्सपो मोरहाबादी मैदान में 24 से 28 नवंबर तक लगने वाला है। इसमें देश-विदेश की कंपनियों अपने उत्पादों के साथ स्टॉल लगाएगी। इस बार ग्राहकों को भी बड़ी सौगात दी जाएगी। इंट्री टिकट के साथ 36 डिस्काउंट वाउचर मिलेंगे। पूरे एक्सपो परिसर में फ्री वाईफाई की सुविधा मिलेगी। एक्सपो को लेकर 20 नवंबर को स्वर्णभूमि बैंक्वेट में डीलर्स मीट का आयोजन किया गया। इसमें 100 से अधिक डीलर और पार्टनर्स ने शिरकत की। इसके मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह विधायक सीपी सिंह थे। उन्होंने कहा कि एक्सपो रांची का त्योहार है। लोग इसका साल भर इंतजार करते हैं। सपरिवार घूमने जाते हैं। खूब खरीददारी भी करते हैं।

## एक्सपो में इंट्री टिकट के साथ मिलेंगे 36 डिस्काउंट वाउचर




## इस वर्ष एक नए रूप में दिखेगा एक्सपो

अध्यक्ष सौरव साह ने बताया कि इस वर्ष एक्सपो एक नए रूप में दिखेगा। पूरे एक्सपो को फ्री वाईफाई जोन बनाया गया है। ब्रिस्ट्रो कैफे का कॉन्सेप्ट भी आएगा। इसके अलावा स्टार्टअप जोन, होम डेकोर, रियल एस्टेट, ऑटो जोन, लेडीज कॉर्नर, फर्नीचर जोन और अन्य सेक्शन लेकर आ रहे हैं। बच?चों के लिए एम्यूजमेंट पार्क फनगोला और मिडनाइट बाजार भी आ रहे हैं। एक्सपो के चीफ को-ऑर्डिनेटर अभिषेक केडिया ने बताया कि इस बार एक्सपो के पांचों दिन डिवाइन हॉस्पिटल द्वारा मुफ्त परामर्श और नि:शुल्क जांच शिविर लगाया जाएगा। इंट्री टिकट के साथ 36 डिस्काउंट वाउचर मिलेंगे। इसके अलावा फैशन शो, तंबोला, हेल्थी बेबी एंड मॉम शो, वाइस ऑफ एक्सपो, डॉग शो, एक्सपो ट्रेजर हंट, पेंटिंग प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, एक्सपो ढिंचक ढा जैसे इवेंट होंगे।

**क्यूआर कोड स्कैन कर ले सकेंगे स्टॉल की जानकारी** : इस वर्ष एक्सपो में नया बहुत कुछ रहेगा। क्यूआर कोड सिस्टम रहेगा, एक्सपो के अंदर आते ही लोग क्यूआर स्कैन करके सभी स्टॉल की जानकारी ले सकते हैं। प्रयास हो रहा है कि रांची के लोगों के लिए एक्सपो को आकर्षक बनाया जाए।

# रिम्स में पड़े 20 लावारिस शवों का रीति-रिवाज के साथ किया गया दाह संस्कार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज रिम्स में लावारिस पड़े शवों का रविवार को अंतिम संस्कार किया गया। रिम्स में पिछले कई माह से 20 शव लावारिस पड़े हुए थे। पुलिस ने शवों की पहचान के लिए कई बार विज्ञापन निकाला, लेकिन शवों की पहचान नहीं हो पायी। इसके बाद रविवार को मुक्ति संस्था ने सभी लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कर दिया।

**दाह संस्कार के वक्त दी गयी मुखाग्नि** : संस्था के सदस्यों ने रिम्स के मोर्चरी में पड़े सभी शवों को पैक कर ट्रैक्टर पर रखा। इसमें से कई शव काफी गल गये थे, इसलिए उसे प्लास्टिक में सील किया गया। इसके बाद सभी शवों को जुमार नदी के तट पर लाया गया। जुमार नदी के तट पर एक साथ 20 चिता सजायी गयी। जहां लावारिस शवों को मुखाग्नि दी गयी। विधि विधान के साथ दाह संस्कार की रस्म भी की गयी।

**पिछले 5 वर्षों से लावारिस शवों का अंतिम संस्कार का कर रही मुक्ति संस्था** : संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया सहित अन्य सदस्यों ने दाह संस्कार से पहले ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके बाद लवारिश शवों को मुखाग्नि दी गयी। बता दें कि मुक्ति संस्था पिछले 5 वर्षों से लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करते आ रही है। इसमें शहर के कई बड़े व्यवसायी शामिल हैं, जो लावारिस शवों को मुक्ति प्रदान कर रहे हैं।

## जेल अदालत में 11 मामले न्यायालय के समक्ष रखा

**रांची।** माननीय झालसा के निदेशानुसार, माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन में बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, राँची में आज दिनांक 20 नवम्बर 2022 को जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 11 मामलों को माननीय न्यायालय के समक्ष रखा गया। मौके पर डालसा के द्वारा जेल पारा लिगल वॉलिन्टियर को विधिक जागरूकता कर विचाराधीन बंदियों को विधिक सहायता प्रदान करने का निर्देश भी दिया गया। इस अवसर पर माननीय न्यायालय श्री कमलेश बेहरा, श्री शम्भू महतो, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, राँची एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री राकेश रंजन, कारा अधीक्षक हामिद अख्तर, कारापाल सहित बंदीगण उपस्थित थे।

# रांची ऑडिट रन में शामिल हुई एथलिट आशा किरण बारला और आशु भाटिया

**ऑडिट रन में 300 अधिकारियों-कर्मचारियों ने लिया हिस्सा**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** प्रधान महालेखाकार कार्यालय की ओर से रविवार को ऑडिट रन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एशियन यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप कुवैत में 800 मीटर की स्वर्ण पदक विजेता रहीं आशा किरण बारला और उनके कोच आशु भाटिया मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए।

**5 किलोमीटर की दौड़ कार्यालय से हुआ शुरू** : दौड़ का आयोजन भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की संस्था के योगदान से जनता को अवगत कराने के उद्देश्य से किया गया था। प्रधान महालेखाकार झारखंड एवं महानिदेशक लेखा परीक्षा(स्टील) ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 5 किलोमीटर की यह दौर कार्यालय परिसर से शुरू होकर एजी मोड़, राजेंद्र चौक, डोरंडा अस्पताल, जेवीएम सर्किल और त्रिमूर्ति चौक से होकर उसी बिंदु पर समाप्त हुई। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के अंतर्गत रांची स्थित सभी कार्यालय से लगभग 300 अधिकारियों-कर्मचारियों ने भाग लिया।

**ये रहे विजेता :** सोमरा मुंडा-प्रथम, डोमनिक लकड़ा-द्वितीय और रमेश कुजूर-तृतीय

## शहर में बने अवैध भवनों को नियमित करने की घोषणा स्वागतयोग्य : विजयवर्गीय

**रांची।** डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने कहा है कि रांची शहर में बिना नक्शे के बने भवनों को रेगुलराइज करने के लिए पिछले 2 वर्षों से संघर्ष किया जा रहा है। अब इनका नियमितिकरण किया जाता है तो अच्छी पहल होगी। बिना नक्शा पास किये बने भवनों के मालिक काफी समय से भय के माहौल में रह रहे हैं। इन सब की आवाज बनकर भाजपा लगातार 2 वर्षों से पूर्व में बने भवनों को नियमित कराने का प्रयास कर रही है। इस निमित्त पूर्व में राज्यपाल से लेकर राष्ट्रपति को भी ज्ञापन सौंपा गया है। इसके अलावा सीएम हेमंत सोरेन व मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की गयी थी।

## एनएसएस, यूनिसेफ एवं गोस्सनर महाविद्यालय ने चलाया जागरुकता अभियान

# स्वच्छता और खेल-खेल में पढ़ाई के तरीके बताये

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई, यूनिसेफ एवं गोस्सनर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 20 नवंबर को आओ कुछ नया सीखें (हंसी) और मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। रांची के पहाड़ी मंदिर के समीप पहाड़ी टोला स्लम में कार्यक्रम हुआ। वहां कॉपी, पेंसिल, रबर, कपड़ा एवं सेनेटरी पैड वितरण भी किया गया।

यूनिसेफ की संचार पदाधिकारी आस्था अलंग, एनएसएस के डॉ ब्रजेश कुमार एवं डॉ सुब्रतो सिन्हा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ। हंसी कार्यक्रम में 120 छोटे-छोटे बच्चों को एनएसएस के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता, हाथ धुलाई के तरीकों, खेल-खेल में पढ़ाई आदि गतिविधियां बताई। आत्मविश्वास जगाने के लिए संवाद किया। उनके दिनचर्या की जानकारी ली। एनएसएस के 50 स्वयंसेवकों ने उन बच्चों को पढ़ाया-लिखाया। उनके अंदर की छुपी प्रतिभा को भी समझने का काम किया।

इस अवसर पर डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि यूनिसेफ और एनएसएस की साझेदारी में ऐसा अनूठा प्रयोग किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इच वन-टीच वन के माध्यम से छोटे-छोटे बच्चों के बीच पढ़ाई के साथ व्यवहारिक ज्ञान, संस्कार एवं सामाजिक संवेदना आदि भावों को विकसित किया जाएगा। हंसी के कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर और कपड़ों का वितरण किया गया। यूनिसेफ की कंसलटेंट डॉ प्रियंका सिंह ने कहा कि मासिक धर्म के दौरान सावधानी, विशेष स्वच्छता रखने और इसे महिलाओं के विशेष उपहार के रूप में देखना चाहिए। इस कार्यक्रम में 55 महिला एवं किशोरियों ने मासिक धर्म के बारे में खुलकर संवाद किया। पहाड़ी टोला स्लम की लगभग 200 महिला एवं किशोरियों के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सावित्री देवी, संजू देवी, सुमन एवं सुनीता ने सवाल पूछे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ सुब्रतो सिन्हा, डॉ करण मिंज, पूनम कुमारी, आस्था कुमारी, उज्वल कुमार, संदीप कुमार, श्रद्धा, पूजा कुमारी, अविनाश कुमार आदि एन एस के स्वयंसेवकों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# आइसा का दूसरा राज्य सम्मेलन आयोजित तरुण बने अध्यक्ष और त्रिलोकी नाथ सचिव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा) झारखंड का दूसरा राज्य सम्मेलन रविवार को डोरंडा के उर्स मैदान में हुआ। इस सम्मेलन में आइसा के राष्ट्रीय महासचिव और पालीगंज (बिहार) विधायक संदीप सौरव, आइसा के कार्यकारी महासचिव प्रन्नजित कुमार, माले के राज्य सचिव मनोज भक्त और लेखक रवि भूषण उपस्थित रहे। सम्मेलन में झारखंड के 18 जिलों के प्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित हुए। सम्मेलन में झारखंड के अलग-अलग कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से 400 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव सह आइसा राज्य प्रभारी नीलाशिश बोस ने कहा कि आइसा नई शिक्षा नीति,लचर शिक्षा व्यवस्था,सरकारी शिक्षण संस्थानों को निजीकरण और रोजगार के अवसर को खत्म करने के खिलाफ राज्य के अलग अलग विश्वविद्यालय, कॉलेज में अभियान चलएगी। वहीं आइसा 10,000 सदस्यता के साथ 18 जिलों से प्रतिनिधि को शामिल करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी यहां सबको शिक्षा, गुणवतापूर्ण शिक्षा नहीं मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति आने से छात्रों की उम्मीद थी कि पुस्तकालय, प्रयोगशाला, शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की कमी आधारभूत संरचनाओं में सुधार होगा लेकिन यहां के छात्रों को उलझनों और फीस वृद्धि का सामना करना पड़ रहा है। त्रिलोकी नाथ ने कहा कि राज्य सम्मेलन बेहतर शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार गारंटी, समय पर छात्र संघ चुनाव, संविधान और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए आंदोलन को गति देगा।

इस सम्मेलन के माध्यम से तरुण कुमार प्रदेश अध्यक्ष व त्रिलोकी नाथ को राज्य सचिव बनाया गया। वहीं झारखंड में 51 सदस्यीय कमिटी का गठन किया गया। इसके तहत 21 कार्यकारी सदस्य और 14 को ऑफिस बियरर बनाया गया।

## राज्यपाल ने 200 बाल पत्रकारों के साथ मनाया विश्व बाल दिवस, कहा

# बच्चों को प्रभावित करने वाले हर मुद्दों को गंभीरता से लें

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** विश्व बाल दिवस के अवसर पर रविवार को यूनिसेफ झारखंड ने एक बाल सम्मेलन का आयोजन किया। इसके मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेश वैस थे। इसमें 3 जिलों के 200 बाल पत्रकारों ने हिस्सा लिया। मौके पर गवर्नर ने कहा कि यह देखकर खुशी हो रही है कि आज के इस पूरे बाल सम्मेलन का संचालन बच्चों के द्वारा किया जा रहा है और वे अपनी बातों को पूरी गंभीरता और परिपक्वता के साथ रख रहे हैं। बच्चों को प्रभावित करने वाले हर मुद्दों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। बच्चों के साथ किसी भी प्रकार की भेदभाव नहीं होनी चाहिए। सभी बच्चे को बिना किसी भेदभाव के समाज में सम्मानपूर्वक जीने और सुरक्षित वातावरण में रहने का अधिकार है। बच्चों के इन अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए हमें एक जिम्मेवार समाज के रूप में मिलकर काम करना होगा। मुझे विश्वास है कि सभी के सहयोग और प्रयासों से हम बच्चों की जरूरतों के अनुरूप एक समावेशी और संवेदनशील समाज का निर्माण कर सकते हैं।

वहीं, यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ. कनीनिका मित्र ने कहा कि विश्व बाल दिवस बच्चों के अधिकारों, उनकी शिक्षा और कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए दुनिया भर में मनाया जाता है। यह बच्चों के अधिकारों की वकालत करने, प्रोत्साहन देने और उसका जश्न मनाने का एक महत्वपूर्ण दिन है। विश्व बाल दिवस, बाल अधिकारों के मुद्दों को लेकर चर्चा करने और उसको कार्यरूप में लाने की मांग करता है, ताकि सभी बच्चों के लिए एक बेहतर समाज का निर्माण किया जा सके। मैं इस अवसर पर सभी हितधारकों से आग्रह करती हूं कि वे बच्चों की उन समस्याओं और चुनौतियों, जिसका वे आज सामना कर रहे हैं, उसकी पहचान करने और उसका समयबद्ध तरीके से समाधान करने के लिए एक साथ आएं।

कार्यक्रम में झारखंड के तीन जिले रांची, गिरिडीह और पश्चिमी सिंहभूम के लगभग 200 बाल पत्रकारों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। विश्व बाल दिवस के इस वर्ष के थीम - समावेश, खेल और विविधता पर आधारित अपनी कहानियां और बाल अधिकारों के मुद्दों पर अपनी बातें साझा की तथा एक नुक्कड़ नाटक का भी प्रदर्शन किया। बच्चों की भागीदारी विश्व बाल दिवस की आधारशिला है। इस वर्ष के विश्व बाल दिवस का थीम गैर-भेदभाव और प्रत्येक बच्चे के लिए समावेश है, जो सभी बच्चों के लिए समान अवसर और बेहतर वातावरण के निर्माण की मांग करता है।

### इसलिए मनाया जाता है विश्व बाल दिवस

विश्व बाल दिवस बच्चों के द्वारा, बच्चों के लिए थीम पर आधारित यूनिसेफ का एक महत्वपूर्ण वैश्विक दिवस है, जो कि हर वर्ष 20 नवंबर को बाल अधिकार सम्मेलन की वर्षगांठ के अवसर पर मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य उन लाखों बच्चों के हितों को लेकर जागरूकता बढ़ाना है, जिन्हें उनके अधिकारों से वंचित रखा गया है। इसका उद्देश्य बच्चों की आवाज को बल देना भी है, ताकि उनके विचारों और मंतव्यों को गंभीरता पूर्वक सुना जा सके और उनके लिए एक बेहतर और समावेशी वातावरण का निर्माण किया जा सके।

### विश्व बाल दिवस पर नीले प्रकाश से रोशन हुआ राजभवन

विश्व बाल दिवस को मनाने के लिए और बच्चों के अधिकारों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए, रांची स्थित गवर्नर हाउस (राजभवन) को 19-20 नवंबर को नीले प्रकाश से रोशन किया गया। नीले प्रकाश से रोशन गवर्नर हाउस लोगों को झारखंड में बच्चों के लिए बेहतर नीतियों और कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों के सामने मौजूद चुनौतियों का समाधान के लिए समाज के हर वर्ग की साझा प्रतिबद्धता के बारे में याद दिलाएगा। हर साल, विश्व बाल दिवस पर, दुनिया भर में महत्वपूर्ण भवनों और कार्यालयों को बाल अधिकारों के समर्थन में नीले प्रकाश से रोशन किया जाता है, ताकि सभी को यह याद दिलाया जा सके कि बाल अधिकार बच्चों के सर्वोत्तम विकास और सुनहरे भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है।

## डीएसपीएमयू के वीसी डॉ तपन शांडिल्य को भारतीय आर्थिक परिषद का लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** एएस कॉलेज, देवघर में भारतीय आर्थिक परिषद एवं आर्थिक परिषद, बिहार की ओर से आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दो दिवसीय सेमिनार के उदघाटन के दौरान राज्यपाल रमेश बैस ने डीएसपीएमयू के वीसी डॉ तपन कुमार शांडिल्य को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया। यह अवार्ड भारतीय आर्थिक परिषद के द्वारा डॉ शांडिल्य को उनके लंबे शैक्षिक और प्रशासनिक योगदान के लिए प्रदान किया गया है। गौरतलब है कि वर्तमान में डीएसपीएमयू रांची के वीसी डॉ शांडिल्य एक अर्थशास्त्री होने के साथ साथ इसके पूर्व में नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय, बिहार और वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के कुलपति और भागलपुर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति के तौर पर अपनी लब्ध अकादमिक और प्रशासनिक योग्यता के लिए जाने जाते रहे हैं। प्रो शांडिल्य पूर्व में भारतीय आर्थिक परिषद के अध्यक्ष के तौर पर भी कार्यरत रहे हैं।

डॉ शांडिल्य ने कहा कि विशेष रूप से राज्यपाल के हाथों यह सम्मान प्राप्त होना एक गौरवान्वित करने वाला पल है। इस अवसर पर एसकेएमयू की कुलपति डॉ सोनझरिया मिंज, झारखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ टीएन साहू, कोल्हान विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो शुक्ला मोहंती, भारतीय आर्थिक परिषद के मुख्य संयोजक डॉ अनिल कुमार ठाकुर, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के डॉ केएल वर्मा एवं अन्य उपस्थित लोगों के अलावा डीएसपीएमयू परिवार ने उन्हें इस विशिष्ट उपलब्धि के लिये बधाई दी है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## आज का राशिफल 21-11-2022

मेष : नया ब्यापार से आय के कई द्वार खुलेंगे। शत्रु परेशान करेंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। चोट व रोग से बचें। विवाद न करें। आवश्यकताएं बढ़ेंगी। आर्थिक तंगी हो सकती है।

वृष : समय सामान्य है। समय संतान के लिए शुभ है। बकाया वसूली होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। नेत्र पीड़ा की संभावना। कुछ लाभ। यात्रा के योग टलेंगे।

मिथुन : मानसिक उलझन होगा। विवाद से बचें। माता को कष्ट होगा। पर जायदाद वृद्धि के योग बनेंगे। विरोधी सक्रिय होंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। यात्रा के योग बनेंगे। लाभ होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी।

कर्क : आय के लिए समय ठीक है। पुराना धन मिलेगा। पराक्रम में बृद्धि होगा।विरोधी कष्ट देंगे। हानि-लाभ का वातावरण बनेगा। पराक्रम बढ़ेगा। विजय मिलेगी, गर्व न करें। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बढ़ेगी।

सिंह : पितृक धन का लाभ होगा। धन आएगा साथ ही परिवार पर खर्च बढ़ेंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। धनागम के अवसर बनेंगे।

कन्या : समय अनुकूल है। घर और आफिस का वातावरण सुखद होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। हानि, भय, कष्ट का वातावरण बनेगा।

तुला : खर्च होगा पर संपत्ति के कार्य लाभ दंेगे। मानसिक कष्ट के साथ थकान महसूस होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। कष्टों में वृद्धि के योग हैं। कुछ नए कार्य की संभावना सिद्ध होगी।

वृश्चिक : आय में बृद्धि होगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ होगा। रोग घेरेंगे। चिंताएं बढ़ेंगी। शत्रु शांत होंगे।

धनु : समय अनुकूल है। मन मे खुशी रहेगा। साथ ही दौड़-धूप अधिक होगी। बुरी सूचना मिल सकती है। विवाद न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। धनलाभ के अवसर होंगे।

मकर : घर-बाहर पूछ-परख बनी रहेगी। मातृपक्ष से परेशानी होगी। दुर्घटना की संभावना। धन मिलने की परिस्?थिति निर्मित होगी। अंतरप्रेरणा से कार्य करें। धनागम के अवसर बढ़ेंगे। प्रमाद का त्याग करना होगा।

कुंभ : समय अनुकूल नही है। कोई बड़ा जोखिम लेने से बचें। शरीर शिथिलता होगा। शत्रु शांत रहेंगे। लाभ-हानि बराबर रहेंगे। प्रमाद बढ़ेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

मीन : गलत कार्य से बचें साथ ही रिश्वत न लें। नम्रता बनाए रखें।

# मसीही विश्वासियों ने हर्षोल्लास से मनाया ख्रीस्त राजा पर्व

## रांची महाधर्मप्रांत के कैथोलिक विश्वासियों ने विशाल शोभायात्रा निकाली, लगाया ख्रीस्त राजा का जयकारा



ख्रीस्त राजा पर्व पर हरमू में निकाली गयी शोभायात्रा।



ख्रीस्त राजा पर्व पर मेन रोड में निकली शोभायात्रा।

खबर मन्त्र संवाददाता


**रांची।** रांची महाधर्मप्रांत के कैथोलिक विश्वासियों ने हर साल की तरह इस वर्ष के 34 वें रविवार को ख्रीस्त राजा का पर्व धूमधाम से मनाया और इसके साथ ही आगमन काल का स्वागत हुआ। इस अवसर पर रविवार को राजधानी के डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित संत मेरिज कैथेड्रल प्रांगण से कैथोलिक मसीही महिला, पुरुष, युवा तथा बच्चे और बुजुर्ग से लेकर विभिन्न धर्मसमाज के फादर्स, सिस्टर्स, ब्रदर्स ने भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में शामिल मसीह विश्वासी अपने हाथों में कार्डबोर्ड की तख्तियां थामे येसु ख्रीस्त की शान में नारे लगाते हुए, ईश महिमा गान करते और प्रार्थना करते हुए अग्रसर थे। विश्वासी जयकारा लगा रहे थे ख्रीस्त की होसन्ना। ख्रीस्त हमारा मुक्तिदाता। ख्रीस्त हमरा राजा है। ख्रीस्त राजाओं का राजा .... आदि।

संत मेरिज कैथेड्रल परिसर से रविवार को पूर्वनिर्धारित समयानुसार दिन के एक बजे कैथोलिक मसीही विश्वासी अपने परिजनों के साथ एकत्रित हुए। यहां से तय कार्यक्रम के अनुसार मुहल्लेवार विश्वास कतारबद्ध होकर ख्रीस्त राजा की जयकार के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुए। ढोल बाजे तथा पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ ख्रीस्त राजा की महिमा, स्तुति करते हुए विश्वासी शोभायात्रा में कतारबद्ध व पूरी तरह अनुशासन में अग्रसर नजर आए। इस अवसर पर शोभा यात्रा में पीछे के बड़े सुसज्जित वाहन पर रांची के महाधर्माध्यक्ष फेलिक्स टोप्पो पवित्र सक्रामेंत के साथ विराजमान थे। बिशप फेलिक्स टोप्पो के बाएं रांची के पल्ली पुरोहित फादर आनंद डेविड खलखो तथा दाएं ओर कोकर पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर चार्ल्स एसडीबी विराजमान थे। इस सुसज्जित वाहन के आगे श्वेत पोशाक में सुसज्जित कतारबद्ध हो छोटी बालाएं अपने हाथों में ली हुई डलिया से वाहन के मार्ग में पुष्प विखेरती हुई अग्रसर नजर आयी।

शोभायात्रा संत मेरिज कैथेड्रल से निकलकर डॉ कामिल बुल्के पथ से होते हुए मेन रोड, सर्जना चौक, अलबर्ट एक्का चौक होते हुए ओल्ड एचबी रोड से लालपुर चौक की ओर अग्रसर रही। लालपुर चौक से विशाल शोभा यात्रा फातिमा नगर चौक की ओर मुड़ी। फातिमा नगर चौक पहुंचने के बाद वहां से पुनः डॉ कामिल बुल्के पथ होते हुए लोयोला ग्राउंड में आकर सम्पन्न हुई। इस शोभायात्रा के स्वागत में इनके निर्धारित मार्ग पर अनेकों स्थान पर तोरण द्वार तथा रंगीन कपड़ों से सुसज्जित स्वागत द्वार तथा जगह जगह माता मरिया की प्रतिमा को स्थापित कर और स्थानीय विश्वासियों के द्वारा पवित्र बाईबल के वचनों पर आधारित झांकी की प्रस्तुति देखी गयी। लोयोला ग्राउंड पहुंचकर शोभायात्रा आध्यात्मिक सभा में तब्दील हो गयी। इस मौके पर फादर तोबियस रायमंड टोप्पो ने प्रवचन सुनाए। फादर तोबियस ने ख्रीस्त राजा के पर्व के विशेष दिन को नए पूजन वर्ष और आगमन काल में प्रवेश का बताया। कहा कि पूरे विश्व में आाज ख्रीस्तीय समुदाय ख्रीस्त राजा का पर्व सोल्लास मनाया जाता है। संत पिता पियूष ग्यारहवें ने 1925 में इसकी शुरुआत की। इसके माध्यम से लोगों को यह बताने का प्रयास किया गया कि ईश्वर सबके उपर हैं और ईश्वर ही शांति, प्रेम, एकता और भाईचारा का स्रोत है इसलिए हम सभी उसके पास जाएं।

रांची के पल्ली पुरोहित फादर आनंद डेविड खलखो, एवं कैथोलिक ग्राम सभआ के कार्यकारिणी समिति के सदस्य, महिला एवं युवक संघ के देखभाल में इस वर्ष भई यह समारोह पूरे पारंपरिक तरीके से सफलतापूर्वक मनाया गया। इसमें लालपुर, हरमू, डोरंडा, कांके, कोकर पल्ली के पुरोहित और उनके आम प्रतिनिधि तथा विश्वासीगणों ने पूरी सहभागिता देकर शोभा यात्रा को भव्यता प्रदान की।

## ब्रदर्स एकेडमी में नामांकन को जी-सैट परीक्षा आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ब्रदर्स ऐकेडमी के नए सत्र में ब्रदर्स ऐकेडमी के विभिन्न कोर्स में नामांकन के लिए जी-सैट प्रवेश परीक्षा का आयोजन रविवार को हुआ। प्रवेश परीक्षा ऑफलाइन मोड में आयोजित की गई। जिसमें 1225 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहे। जो छात्र रविवार की प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं हुए हैं, वे ब्रदर्स एकेडमी की अगली ग्रैंड-स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट जी-सैट 18 दिसंबर को भाग ले सकते हैं। जी-सैट आवेदन पत्र ऑनलाइन भरा जा सकता है। आवेदन पत्र रांची में लालपुर या डोरंडा परिसर से भी प्राप्त किए जा सकते हैं और भरे जा सकते हैं। पहले 2000 आवेदकों के लिए पंजीकरण निःशुल्क है। जी-सैट महत्वपूर्ण है क्योंकि ये परीक्षा आईआईटी-जेईई और नीट की कोचिंग के लिए ब्रदर्स ऐकेडमी में नामांकन का एकमात्र माध्यम है।

## पासवा का शिक्षक गौरव सम्मान समारोह 4 को

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा आगामी 4 दिसंबर को शिक्षक गौरव सम्मान समारोह सह कार्यशाला का आयोजन करने जा रही है। झारखंड प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे की अध्यक्षता में पासवा कोर कमिटी की बैठक में शिक्षकों के लिए बच्चों द्वारा मोबाइल का इस्तेमाल एक चुनौती एवं नये सत्र में शिक्षक छात्र संबंधों पर कार्यशाला में चर्चा होगी। कार्यशाला में शिक्षाविदों एवं संबंधित विषयों के जानकारों द्वारा मार्गदर्शन किया जाएगा।

तत्पश्चात 1000 से अधिक शिक्षकों को शिक्षक गौरव सम्मान समारोह से सम्मानित किया जाएगा। 2019 में तत्कालीन भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा 2019 में आरटीई कानून में किए गए संशोधन को निरस्त करने की मांग को लेकर, जमीन की बाध्यता कानून को लेकर एवं यूडाइस कोड के संदर्भ में पासवा का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल इस सप्ताह शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो से मुलाकात करेगा। बैठक में कहा गया है कि पूरे देश में झारखंड ही एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां शिक्षा का अधिकार कानून में तब्दीली कर रघुवर दास ने पूरे निजी विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों के खिलाफ साजिश रचने का काम किया।

बैठक में कहा गया कि 24 नवंबर को चतरा जिला पासवा द्वारा सिमरिया में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित कार्यक्रम में प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे शामिल होंगे। बैठक के उपरांत पासवा एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से मुलाकात की एवं उन्हें शिक्षक गौरव सम्मान समारोह एवं कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया। डा.उरांव ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों, बच्चों एवं शिक्षकों के बीच जाना उन्हें काफी अच्छा लगता है।

## ‘वेंकटेशाय मंगलम श्रीनिवासाय’ मंत्र से गूंज उठा बालाजी मंदिर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रविवार को उत्पन्ना एकादशी को लेकर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मन्दिर में कई अनुष्ठान हुये। प्रात विश्वरूपदर्शन, सुप्रभातम और मंगलाशासन के प्श्रात तिरु-आराधना की गयी । श्रीनिवास गोविन्द की आराधना करनेपर आराधन परायण भक्तों को अक्षय फल मिलता है। वहीं, आराधना सोलह उपचार पूर्वक की गई। इसके बाद नक्षत्र कुंभ और कर्पूर से महाआरती हुई।

श्रीभगवान के सुरनरवंदित-चरणकमलों की बारंबार वंदना की गई। शंख-चक्र, गदापाणि अव्ययात्मा भगवान श्रीहरि के हृदय में सदैव विराजमान रहने वाली श्रीश्रीदेवी और श्रीभूमिदेवी लक्ष्मी तथा महाआयुधवर चक्रराज सुदर्शन की भी अर्चना वंदना हुई। श्रीभगवान को फलाहार खीर, फल मेवा का बालभोग निवेदन करके फिर आरती पंचोपचार पूजा आदि विधि से इन्द्राधि पंचदेवता, अब्टलोकपाल को अन्नबालि से तृप्त कर परमात्मा श्रीलक्ष्मीवेंकटेश्वर को श्रुति, उपनिषद और देशिक स्तोत्रों से स्तुति की गयी।

### उत्पन्ना एकादशी



### श्री श्याम प्रभु का हुआ भव्य शृंगार



रांची। अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार को मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष की उत्पन्ना एकादशी का उत्सव अत्यन्त उल्लासपूर्ण वातावरण में पूर्ण भक्ति भाव के साथ आयोजित किया गया। प्रात :काल में श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत किया गया और उनका भव्य शृंगार किया गया। मंदिर में विराजमान शिव परिवार एवं बजरंगबली का भी विशेष शृंगार किया गया । रात्रि 9 बजे श्री श्याम देव के जयकारों के बीच ज्योत प्रज्वलित कर भक्तगण कतारबद्ध होकर ज्योत में आहुति प्रदान की। श्री श्याम मंडल के सदस्यों ने संगीतमय संकीर्तन व भजनों की अमृतवर्षा भी की। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फल, मेवा का भोग अर्पित किया गया।

### खाटू नरेश का हुआ अलौकिक शृंगार




**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में उत्पन्ना एकादशी के अवसर पर एकादशी जागरण व संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। दोपहर विश्राम के बाद खाटू नरेश का दिव्य पावन अलौकिक शृंगार किया गया। कोलकाता से विशेष रूप से मंगाये गये सफेद स्टार फुल, रजनीगंधा, मुर्गन, लाल गेंदा, पीला गेंदा, व तुलसी दल की मोटी मोटी फूल मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया।

मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में खाटू नरेश सहित लड्डू गोपाल, श्री शालिग्राम, श्री श्यामेश्वर महादेव, महाबली श्री बजरंगबली मंडल के प्राचीन फोटो व गुरुजनों का भी मंदिर के आचार्य ने मनोहारी श्रृंगार किया। रात्रि 9:30 बजे मंडल के वरिष्ठ सदस्य कमल लोहिया ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती मंजू लोहिया के साथ खाटू नरेश की अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित कर केसरिया पेड़ा, नारियल, रबड़ी दूध, काजू, किसमिस, अखरोट, गिरी बदाम, अंजीर व मगहीपान का भोग अर्पित कर एवं सुगंधित इत्र निवेदित कर झारखंड राज्य की समृद्धि की कामना की। कमल कुमार विश्नोई ने विभिन्न फलों से सवामणी की सेवा निवेदित की।

### ऑनलाइन 24 घंटे गायत्री महामंत्र का अखंड जप-अनुष्ठान

**रांची।** अखिल विश्व गायत्री परिवार तत्वावधान में एकादशी व्रत समूह संचालन प्रतिनिधि मंडल व परम पूज्य गुरुसत्ता वेदमूर्ति-तपोनिष्ठ पण्डित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं गुरुमाता भगवती देवी के सूक्ष्म सानिध्य में रविवार को उत्पन्ना एकादशी पर 24 घंटे का अखंड गायत्री महामंत्र जपअनुष्ठान का शुभारंभ तड़के चार बजे हुआ। इसकी पूर्णत: सोमवार सुबह चार बजे होगी। इसमें राष्ट्रीय,प्रांतीय स्तर से लेकर स्थानीय मंडल के गृह-गृह आवासीय तपोवन में सैकड़ों गायत्री भक्त शिष्य साधक गण ऑनलाइन शामिल हुए हैं।

## जन सेवा का कार्य हमेशा जारी रहेगा : जालान



**रांची।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से ब्राम्बे के चुंग गांव में समाजसेवी सह व्यवसायी भानू प्रकाश जालान एवं उनके इष्ट मित्रों द्वारा 300 पीस कंबल, 350 पीस शाल 700 पीस मौजा, मफलर तथा सैकड़ों बच्चों के बीच स्वेटर, खिलौने, बिस्कुट, तिलकुट, टॉफी मिठाइयां आदि का वितरण किया गया। इस अवसर पर करीब 800 ग्रामीणों ने खिचड़ी, सब्जी खाकर आनंद लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वृद्धजन, महिलाएं पुरुष उपस्थित थे सभी ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को आशीर्वाद दिया। भानु प्रकाश जालान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आगे भी मानव कल्याण एवं जन सेवा के कार्य निरंतर जारी रहेंगे। उपस्थित लोगों ने इस आयोजन की सराहना की।

# सुंदरकांड का पाठ जीवन के सारे कष्टों का निवारण करता है : संतोष भाई

## महाराजा अग्रसेन भवन में आठवें दिन 2 लाख 11 हजार से अधिक हनुमान चालीसा का पाठ संपन्न हुआ



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हनुमान जी ने अपनी बुद्धि और बल से माता सीता की खोज की। इसी वजह से सुंदरकांड की रचना हुई । हनुमान जी माता सीता की खोज में लंका गए। लंका के सुंदर पर्वत में अशोक वाटिका थी। जहां हनुमान जी को सीता माता मिली थीं। इस वजह से इस भाग का नाम सुन्दरकांड पड़ा।

एक किवदंती भी है कि हनुमान जी की माता उन्हें प्यार से सुंदरा कहती थीं इसलिए वाल्मीकि जी ने इस भाग का नाम सुंदरकांड रखना ही सही समझा। सुंदरकांड का पाठ करने से हनुमान जी खुश होते हैं और मन चाहा वरदान देते हैं। सुंदरकांड पाठ मन को शांति देता है और हमारे जीवन से सारे कष्टों और दुखो को मिटा देता है। श्री नरसिंह बांध बालाजी धाम बर्नपुर के संस्थापक संतोष भाई जी ने अपने अनुयायियों को हनुमान चालीसा पाठ के साथ सुंदरकांड पाठ करने का भी आग्रह किया।

महाराजा अग्रसेन भवन में जारी अखंड सवा लाख श्री हनुमान चालीसा पाठ के आठवें दिन 2 लाख 11 हजार से अधिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जा चुका है। सोमवार को मंगला पाठ के बाद पूणार्हूति होगी। रविवार को आयोजन स्थल पर भजनों की अमृत वर्षा का प्रवाह हुआ।

दिल्ली से आए प्रख्यात भजन गायक गौरव पारीक चिड़ावा से आए देवेश पारीक और रेखा पारीक धनबाद से आए मिनी परितोष आसनसोल से आए संजय केडिया और कोलकाता से आए विक्रम शर्मा ने एक के बाद एक भजन गाकर श्रोताओं को हनुमान की भक्ति में डुबकियां लगवाई। करीब 3 घंटे चले भजनों के बाद हनुमान चालीसा के पाठ शुरू हुए। रविवार को सुबह की आरती राजकुमार ने धर्म पत्नी सुनीता अग्रवाल और अमित ने धर्मपत्नी रिचा खीर वालों के साथ की। जब की शाम की आरती गुड्डू तिवारी और सीमा तिवारी वाह अजय खेतान और अर्चना खेतान ने की।

मीडिया प्रभारी विनोद पांडेय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को सवामणी का प्रसाद अशोक मंगल ज्योति पोद्दार कैलाश पालीवाल गोपी किशन ढांडनिया और विनोद पांडेय द्वारा निवेदित किया गया। सुबह और शाम के भंडारे में अजय अग्रवाल प्रमोद अग्रवाल विकास सिन्हा राजेश सरावगी अशोक मंगल और श्याम सेवा ट्रस्ट द्वारा सहयोग दिया गया। अग्रसेन भवन पहुंचकर संतोष भाई जी का आशीर्वाद लेने के लिए दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा।

## खबर एक नजर में

### गुरुनानक होम बरियातू में मना गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व



**रांची।** गुरुनानक होम बरियातू में गुरुनानाक देव जी का प्रकाश पर्व मनाया गया। आपको बता दें कि 1969 में गुरुनानक होम की स्थापना हुई थी, जहां दिव्यांग बच्चों का इलाज किया जाता है। मौके पर उदय सिंह ने भाई गुरदास द्वारा रचित वाणी का गायन किया। गुरुनानक स्कूल के पूर्व अध्यक्ष हरवंश सिंह देओल ने गुरुजी के सिद्धांतों एवं आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। डॉ हरमिन्दर बीर सिंह ने गुरुनानक जी के तीन सुनहरे सिद्धांतों – किरत करना, ठण्ड छकना एवं नाम जापना पर चर्चा की।

### वनवासी कल्याण केंद्र रांची ने 300 मरीजों को उपलब्ध करायी सेवा



**रांची।** वनवासी कल्याण केंद्र, रांची महानगर समिति के द्वारा सिल्ली प्रखंड के हाकेदाग गाँव के राजकीयकृत मध्य विद्यालय में रविवार को 286 वाँ निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। भगवान श्री राम , भारत माता एवं बिरसा मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पण करने के पश्चात आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। महानगर समिति के अध्यक्ष सज्जन सर्राफ ने बताया कि समिति का मुख्य उद्देश्य वनवासी भाइयों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना और समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है ताकि स्वस्थ भारत का निर्माण हो सके। उपाध्यक्ष किशोरी लाल चौधरी ने बताया कि समिति पिछले 27 वर्षों से लगातार प्रत्येक महीने चिकित्सा शिविर का आयोजन कर रही है। महामंत्री निरंजन सर्राफ ने बताया कि समिति का यह 286 वाँ चिकित्सा शिविर है जिसमें आर्थिक सहयोग द्रोपदी देवी– सीताराम पोद्दार की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र मनोज पोद्दार एवं परिवार से प्राप्त हुआ।

### डॉ शेरान अली और परवेज आलम की जोड़ी चैंपियन



**रांची।** मौलाना अबुल कलाम आजाद कप बैडमिंटन टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को संपन्न हो गया। मॉर्निंग ग्रुप के तत्वावधान में जीईएल चर्च कॉम्प्लेक्स में खेले जा रहे इस मुकाबले का फाइनल मैच डॉ शेरान अली और परवेज आलम की जोड़ी का सामना मो मिमशाद खान और मो शरफुद्दीन की जोड़ी से हुआ। मैच में डॉ शेरान अली की जोड़ी ने अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए मो मिमशाद की जोड़ी को 21/19 और 21/18 से मात देकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम किया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि सुनील सहाय, विशिष्ट अतिथि जय प्रकाश गुप्ता, हाजी साहब अली, वरिष्ठ पत्रकार अमरकांत, हाजी अनवर साहब, विजय साहू को मॉर्निंग ग्रुप के मुख्य संरक्षक हाजी हलीम और अध्यक्ष अकील उर रहमान ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। आज के फाइनल मैच की दोनों जोड़ी को अली क्लब की ओर से हाजी साहेब अली ने ट्रैक सूट देकर उनका हौसला बढ़ाया।

### धर्मेंद्र तिवारी ने क्लिनिक एंड डायग्नोस्टिक सेंटर का किया शुभारंभ

**रांची।** लालपुर थाना के सामने आनंद कंपलेक्स में चिकित्सा गैस्ट्रो लिवर, पेनक्रियाज, क्लिनिक एंड डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ भारतीय जनतंत्र मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के हाथों से किया गया। क्लीनिक का संचालन डॉक्टर अंतरिक्ष कुमार तथा डा मेहा मानसी के द्वारा किया जायेगा।

### प्रणामी सेवा ट्रस्ट के अन्नपूर्णा भंडारे में 1300 से अधिक लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद




रांची। रांची की समाजिक एव धार्मिक संस्था एम .आर . एस .श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा रविवार को गरीब असहाय जरूरतमंदों के बीच बतौर सेवा सेवा के कार्य किए जाते रहते हैं। 60 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का वितरण किया गया। इस 60वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन अपने पोता पोती के जन्मदिवस के सुअवसर पर संस्था की वरिष्ठ सदस्या श्री मती विधा देवी अग्रवाल और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया।

### अगर हिम्मत है तो भाजपा कार्यकर्ताओं को पीट कर दिखायें बंधु तिर्की : सुदर्शन भगत

**लोहरदगा/रांची।** बंधु तिर्की द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं को पीटने के बयान पर सासंद सुदर्शन भगत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि अगर हिम्मत है तो पीटकर दिखायें। सांसद ने यह बात लोहरदगा में आयोजित कैंसर जांच शिविर में पत्रकारों से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा है कि पिछले दो दिनों से राजधानी रांची में जो स्थिति उत्पन्न हुई है, उसे पूरा राज्य देख रहा है। राज्य में अराजकता का माहौल बना हुआ है। उन्होंने इडी का इस्तेमाल सरकार गिराने के आरोप पर कहा कि सरकार अपनी कमियां छुपाने के लिए विपक्ष पर अर्नगल आरोप लगा रहा है। राज्य में जिस तरह की सरकार चल रही है, सभी जान रहे हैं कि किस तरह इस सरकार में अनैतिक कार्य हो रहे हैं।

### योग से शरीर और मन दोनों निरोग रहता है : आचार्य मुक्तरथ




**रांची।** मेकॉन इस्पात कंपनी की ओर से रविवार को मेकॉन कम्युनिटी हॉल में योग-ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इसमें राज्य के प्रतिष्ठित योग गुरु आचार्य मुक्तरथ ने कंपनी के सैकड़ों अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके सुखद जीवन,अच्छे स्वास्थ्य तथा तनावमुक्ति के लिए योगाभ्यास, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। मेकॉन के निदेशक एसके वर्मा ने कहा कि योग मनुष्य के शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मन को भी हल्का कर देता है। इससे कार्यकुशलता बढ़ती है। वहीं, स्वामी मुक्तरथ ने कहा कि योग शारीरिक व्यायाम नहीं है, यह साधना है, तपस्या है और अनुशासन है। मन को साधने वाली योग विधि शरीर और मन दोनों को निरोग कर देता है।

स्पीड न्यूज

## रातू: बिजली खंभे से टकरायी बाइक, किशोर घायल

**रातू।** थाना क्षेत्र के काठीटांड़ चौक स्थित मिलन मेडिकल के समीप ब्रेकर पर असंतुलित आरवन 5 मोटरसाइकिल जेएच 01 ईके 7886 लोहे की बिजली खंभे से टकरा गयी। इससे पिर्रा निवासी स्व मोख्तार अंसारी उर्फ मन्नू के 14 वर्षीय पुत्र सुफियान अंसारी घायल हो गया। टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि उसके हेलमेट और सिर क्षतिग्रस्त हो गये हैं। छाती में भी गंभीर चोटें आयी है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जसलोक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के न्यूरो सर्जरी वार्ड में भर्ती कराया गया है। जहां वह जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। घटना रविवार सुबह करीब 8 बजे की है। सुफियान दो भाईयों में छोटा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक की गति सौ से भी अधिक थी। वह लापरवाही से मोटर साइकिल चलाते हुये घर से चौक की ओर आ रहा था।

## कलश यात्रा के साथ देवी मंडप में मां दुर्गा का पूजन-हवन शुरू

**बुंडू।** बुंडू स्थित देवी मंडप में भव्य कलश यात्रा के साथ अंतराष्ट्रीय सिद्धाश्रम साधक परिवार द्वारा आयोजित दो दिवसीय श्री दुर्गा जी का पूजन.हवन कर्यक्रम आरंभ हो गया।रविवार प्रात: रानीचुआ से देवी मंडप के लिए कलश यात्रा निकाली गई। भूमि पूजन पंडित अनिरुद्ध पांडेय द्वारा किया गया। मौके पर साधक परिवार के अनुप चैल, सनत चैल, भुवनेश्वर प्रमाणिक, चंद्रमोहन महतो, प्रदिप महतो शामिल थे।

## शिव मंदिर प्रांगण में महाजुटान सह महाआरती कार्यक्रम

**बुढ़मू।** रविवार शाम को शिव मंदिर प्रांगण मक्का में हिन्दुओं का महाजुटान सह महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हिन्दूओं के महाजुटान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भैरव सिंह व अन्य अतिथियों के द्वारा महाआरती की गयी। इससे पूर्व भैरव सिंह का बुढ़मू चैक से स्वागत कर मक्का मंदिर परिसर ले जाया गया। भैरव सिंह के आते ही जय जय श्रीराम, एक ही नारा एक ही नाम, जय जय श्रीराम के जयघोष से गुंज उठा। महाआरती से पहले अतिथियों ने अपने संबोधन में हिन्दू एकता की बात कही। बेहतर आयोजन के लिए बजरंग दल और शिव मंदिर समिति का आभार व्यक्त किया। मौके पर कमल किशोर ठाकुर, देवलाल मुंडा, शंकर साहू, विकास साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## इटकी: कार-बाइक की टक्कर में दो घायल

**इटकी।** इटकी-ब्राम्बे मार्ग पर बारीडीह गांव के पाड़े पतरा के समीप रविवार को कार और बाइक की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये है। घायलों को इलाज के लिए अस्पाताल भेजा गया है। घायलों की पहचान खंभा गांव के विनय मिंज और पंकज उरांव के रूप में किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में कर लिया है।

## कुटे से एक बैल और एक गाय की चोरी

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के कुटे गांव के मजबुद्दीन खान उर्फ भोला खान का एक बैल व एक गाय की अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है। इस संबंध में मजबुद्दीन खान ने अज्ञात चोरों के खिलाफ सिकिदिरी थाने में मामला दर्ज कराया है। थाना में दर्ज मामला के अनुसार अन्य दिनों की तरह कुटे स्थित बाजार चौक में शनिवार की रात छह बैल बंधे हुए थे। सुबह छह में से एक बैल और एक गाय गायब मिली।

## राहे प्रखंड में पीएम आवास योजना के सर्वे के नाम पर उगाही

**राहे।** प्रखंड के कई गांवों में इन दिनों प्रधानमंत्री आवास योजना सर्वेक्षण करने के नाम पर ग्रामीणों से अवैध उगाही किया जा रहा है। रविवार को होटलो पंचायत में दो व्यक्ति घर घर जाकर आवास योजना की जानकारी लिये ओर 40 रुपये की फीस लिये। ये अपने को कल्याण विभाग का कर्मचारी बता रहे है।

# ओरमांझी: भटकी बेटी को पिता से मिलाया

- काम के तलाश में मांडर से गई थी शहर, 10 दिन बाद पिता से मिली

### सिर्फ मुंडारी भाषा बोलना जानती थी

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** क्षेत्र के बरवे पंचायत की मुखिया अनिता लिंडा की प्रयास से एक भटकी बेटी को उसके पिता से मिलाया गया। बताया गया कि 14 वर्षीय बेटी की मां की निधन हो गया है। वह अपने पिता व भाई के साथ तमाड़ थाना क्षेत्र की सुदूरवर्ती गांव साधुडेरा में रहती है। गरीबी के कारण वह काम की तलास में रांची शहर आ गई थी, लेकिन वह भटक गई। वह सिर्फ मुंडारी जानती थी, जिसके कारण उसे वह किसी से मदद भी नही ले सकी। तीन-चार दिन शहर में ही भटकने के बाद पांचवे दिन भी जब शाम हो गई। तो एक आटो में बैठ कर चंदवे पहुंच गई। मजदूरी कर के लौट रहे बरवे की महिलाओं ने कुछ युवक से घिरी नवयुवती को देखा तो उसे वहां से साथ बरवे ले गए। पंचायत की मुखिया अनीता लिंडा मामले की जानकारी हुई तो वह उसे सरन दी और उसके स्वजनों का पता लगाने लगी। भाषा समझ नही नही पाने के कारण उसे भी असफलता नही मिली। बाद में जेएसएलपीएस से जूड़ी मुखिया ने संस्था के डीएम से संपर्क की, जिसके बाद जिला भर के कई समुह की दीदियों से संपर्क की गई। काफी प्रयास के बाद पता चला सका। बाद में उसके पिता जग्गा मुंडा व भाई पहुंचे। संतुष्ट होने के बाद भटकी बेटी को उसके पिता को सौंप दिया गया।



भटकी बेटी (बीच में) और पिता को सौंपती मुखिया अनीता लिंडा।

### मुखिया के प्रयास से मिली सफलता

मुखिया अनीता लिंडा ने बताया कि 10 नवंबर को ही वह घर से निकली थी। एक बेटी को सुरक्षित उसके पिता से मिला कर काफी संतुष्टि हुई। बेटी को पिता से मिलाने में मुखिया प्रतिनिधि महेश कच्छप सहित ग्रामीणों द्वारा भी काफी प्रयास किया गया।

## मख्यार गिरोह के पूर्व सरगना दिनेश खेरवार की पत्नी ने फंदे पर झूलकर की आत्महत्या

खबर मन्त्र संवाददाता



**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के बड़काकुरा बरटोली निवासी मख्यार गिरोह के पूर्व सरगना दिनेश खेरवार उर्फ राजा खेरवार की पत्नी 22 वर्षीया सुशीला तिर्की ने उलगाडा. गांव के अपने नए खटाल नुमा घर में फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। वहीं सुशीला की मां लेटे निवासी चरकी देवी ने लापुंग पुलिस के पास लिखित शिकायत दर्ज कराई कि उसकी बेटी के साथ उसका दामाद दिनेश खेरवार मारपीट करता था और हमेशा प्रताड़ित करता था। उसने आशंका जताई है कि कहीं उन्होंने ही तो मारपीट कर उसे फांसी पर लटका दिया। चरकी देवी ने लापुंग थाना में उसकी बेटी सुशीला तिर्की के साथ मारपीट और प्रताड़ना सहित दहेज के लिए पैसे की मांग करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है।

# नगड़ी में फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

### शहीद सूबेदार मेजर शांति तिर्की फुटबॉल टूर्नामेंट

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड के कोलाम्बी मोड़ जाजपुर खेल मैदान में रविवार को शहीद सुबेदार मेजर शांति तिर्की स्पोटिंग क्लब द्वारा आयोजित सात दिवसीय शहीद सुबेदार मेजर शांति तिर्की फुटबॉल टुनार्मेंट भव्य उद्घाटन किया गया टुनार्मेंट का उद्घाटन मैंच में संत जॉन रांची फुटबाल टीम ने जय मशीह फुटबाल टीम बारियातू को एक गोल से हराया मौके पर उपस्थित विशिष्ट अतिथि बैंक आफ इंडिया के वरीय प्रबंधक पास्कल लियो होरो एवम टुनार्मेंट के वरीय संरक्षक डां सुफल एक्का ने मैंन आफ द मैच बनें खिलाड़ी राहुल को शिल्ड देकर सम्मानित किया। इसे पुर्व मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ग्रामीण पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम एवं बिहार रेजिमेंट के कैप्टेन विश्वनाथ मिंजए विशिष्ट अतिथि के रूप मे राष्ट्रीय रेफरी ओम प्रकाश ठाकुर एनगड़ी थाना प्रभारी ओम प्रकाश टोप्पो ए नगड़ी प्रमुख मधु कच्छपए उप प्रमुख अफसाना प्रवीण एसमाजसेवी कलाम आजाद एपंकज शाहदेवए नगड़ी पंचायत के मुखिया जय गोपाल उरांव एपुर्व प्रमुख ललिता एक्काए जेम्स बोन खलखो ए रामेश्वर लाल और बैंक आफ इंडिया के वरीय प्रबंधक पास्कल लियो होरो ने संयुक्त रूप शहीद सुबेदार मेजर शांति तिर्की की धर्मपत्नी को शॉल ओढ़कर सम्मानित किया।

# महान स्वतंत्रता सेनानी थे बिरसा मुंडा: संगीता तिर्की

### सिमलिया में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** आदिवासी सरना विकास समिति, सिमलिया की ओर से भीठाटोली स्थित जमहरिया मैदान में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। पंचायत स्तरीय कार्यक्रम के दौरान जनजातीय विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुयी। बच्चों ने बिरसा की जीवनी पर आधारित मनमोहक झांकी व गीत-नृत्य प्रस्तुत किया। समाज में कला, संस्कृति, धार्मिक, प्रसव, शादी विवाह व मृत्यु संस्कार में विशेष योगदान के लिये दर्जनों लोग सम्मानित किये गये। वहींए गरीबों को कंबल दिया गया। प्रमुख संगीता तिर्की खास मेहमान थीं। उन्होंने धरती आबा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और उन्हें महान स्वतंत्रता सेनानी बताया। श्रीमती तिर्की ने लोगों से उनके बताये मार्ग पर चलने का आह्वान किया। संचालन सुजाता मिंज ने किया। समारोह की सफलता में पूर्व मुखिया मुकेश भगत की सराहनीय भूमिका रही। मौके पर मुखिया फुलमनी देवी, गोयंदा उरांव, राजेश लिंडा, महावीर उरांव, महादेव उरांव, करमा उरांव, आसीन उरांव, सोमा उरांव, विशु उरांव, बबिता कुजूर, रीना उरांव व अनिल लोहरा मौजूद थे।

### बच्चों ने प्रस्तुत की मनमोहक झांकी



### इन्हें मिला सम्मान

अजय उरांव, एतवा लोहरा, राजेश उरांव, महेश उरांव, बुधु उरांव, तेतरी उरांव, बैली उरांव, महावीर मुंडा, रंथु मुंडा, करमा मुंडा, भूषण उरांव, हावड़ा उरांव, पति उरांव, सुखराम उरांव, बिरसा उरांव, मंगरा उरांव, गंदुर उरांव, संजय भगत, लालो लोहरा, रुणियां मुंडा, कृपा मुंडा, सुखनाथ लोहरा, श्याम उरांव, महावीर उरांव, लक्ष्मी भगत, विशेश्वर ओहदार, सावित्री उरांव, जौरी उरांव, जयंती उरांव, सुकरो उरांव, धरमु उरांव, बुधनी उरांव, स्मरण उरांव, निशु कुजूर, रवि पाहन, गुणा उरांव, महावीर केरकेट्टा, सुकरा उरांव, सुनिल उरांव, अधनु पाहन, बहादुर पाहन, परणी देवी, बिमला देवी, मुकेश मुंडा, रमेश मुंडा, घुरती देवी आदि।

# हमें प्रकृति से जोड़ती है योग पद्धति

### ओरमांझी में दस दिवसीय योगाभ्यास शिविर संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन रांची के तत्वधान में एसएस प्लस-टू हाई स्कूल स्टेडियम ओरमांझी में चल रहे दस दिवसीय योगाभ्यास शिविर रविवार को संपन्न हुआ। इस योगाभ्यास में कार्यक्रम में आसपास के दर्जनों लोगों ने नियमित रूप से योगाभ्यास किए। योग प्रशिक्षक शत्रुघन कुमार ने लोगों को योगाभ्यास कराया और कहा निरंतर योगाभ्यास हमारे मन-मस्तिस्क में एक नई ऊर्जा का संचार करती है। योगाभ्यास से शारीरिक ही नही मानसिक व भावनात्मक रूप से काफी लाभ मिलता है। अपने बेहतर स्वस्थ्य के लिए लोगों से योगाभ्यास करने की अपील की और कहा योगाभ्यास के आसनों व प्राणायाम के माध्यम से हम शरीर को सुदृढ़ बनाते हैं। वहीं योग के पद्धतियों के द्वारा हम अपने आपको प्रकृति से भी जोड़ते हैं। योगाभ्यास शिविर के सफल आयोजन में रणधीर चौधरी, प्रमोद सिंह, रोहित लाल, महेश्वर महतो, कुमारी आरती बाला, बसंती सिंह, रीना कुमारी, विजय कुमार, विष्णु चरण महतो, अयोध्या साहू, राजकिशोर महतो, राज कुमार, महेलश्वरी पाठक, जितेंद्र कुमार, विनोद सिंह, मनोज सिंह, सदानंद सिंह, सुधीर ठाकुर शामिल थे।

# होमगार्ड के जवानों को बंधक बना बचरा एक नंबर बंद कोयला खदान में चोरी का प्रयास

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार थाना अंतर्गत बचरा एक नंबर बंद कोयला खदान एवं कोल लेबोरेटरी में अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा चोरी का किया गया। जानकारी के अनुसार शनिवार 1.30 से 2.00 रात्रि के बीच 15 से 17 की संख्या में चोरी करने की नियत से आए अज्ञात चोरों ने बचरा एक नंबर बंद कोयला खदान में ड्यूटी में तैनात सुरक्षा गार्ड को बंधक बनाकर मोबाइल सेट की मांग की और पांच सुरक्षाकर्मियों को हाथ पैर बांधकर एक कमरे में बंद कर दिया एव पांचों सुरक्षाकर्मियों से मोबाइल सेट को लेकर समीप के झाड़ियों में फेंक दिया गया। ड्यूटी में तैनात होमगार्ड इंचार्ज श्याम कुमार सिंह ने बताया कि चोरों ने होमगार्ड के जवान अमित कुमार राम, अंतु कुमार मुंडा, भीमसेन गंझु, उमाशंकर सिंह, वृक्ष साव को कब्जे में लेकर हाथ पैर बांधने के पश्चात एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद खदान के स्टोर रूम की दीवाल तोड़कर एवं अन्य कमरे में ताला तोड़कर चोरी का असफल प्रयास किया। इसके बाद सीआईएसएफ और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस अधिकारी इस मामले की छानबीन कर रहे हैं।

## एक नजर में

## जिला परिषद सदस्य ने किया कंबल वितरण



**खलारी।** खलारी पश्चिमी जिला परिषद सरस्वती देवी ने लपरा पंचायत के विकास नगर और मायापुर पंचायत के कोनका एवं सखुआटाड में 25.25 कंबल का वितरण किया। सरस्वती देवी ने बताया कि वितरण किया गया कंबल वें अपनी तरफ बढ़ते ठंड को देखते हुए गरीब और असहाय को दिया है। मौके पर राजेंद्र रजकए कमल शर्माए रामधारी गंझूए नंदू गंझूए सोगल मलारए चंद्रनाथ मुखर्जीएडेविड सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**अनगड़ा।** गोंदली पोखर विकास सड़क पर रविवार को देर शाम सड़क दुर्घटना में एक मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों ने उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया । बताया गया कि सालहन गांव के पास तेज गति से मोटरसाइकिल सवार ने एक बिजली का पोल से टकरा गया ।बताया गया कि इस सड़क से सटे एक पुराना कुआ रहने के कारण सडक संर्कीन हो गया है जिसके कारण यहां पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है ।

## नगड़ी: कुआं में मिला युवक का शव

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के नगड़ी-लोधमा मार्ग पर स्थित एफसीआई गोदाम के समीप एक खेत के कुआं में एक लगभग 20 वर्षीय व्यक्ति का शव तैरता ग्रामीणों ने देखा गया। इसकी सूचना पर नगड़ी पुलिस सदल घटना स्थल पहुंचाए और कुआं से शव को बाहर निकलाण शव देखने से कई दिनों से कुएं में पड़े रहने से दुर्गंध आ रहा था। बाद में शव का पहचान लापुंग निवासी अनील बड़ाइक के रूप में की गई।मृतक लापुंग निवासी अनिल बड़ाइक एक ट्रक में खलासी का काम करता था।

## चान्हो में आदिवासी महासभा की बैठक

**चान्हो।** आदिवासी महासभा की बैठक चान्हो प्रखंड के सिटी गांव में एतवा उरांव की अध्यक्षता में संगठन विस्तार को लेकर हुई। बैठक में प्रस्तावित आदिवासी आश्रम के निर्माण हेतु विचार विमर्श किया गया। मौके पर उपस्थित पूर्व मंत्री एवं आदिवासी महासभा के संयोजक देव कुमार धान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रस्तावित आदिवासी आश्रम में आदिवासियों के धर्म संस्कृतिए रीति रिवाज एवं परंपरा को बचाने और सहेजने हेतु कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# कलाल-एराकी को अत्यंत पिछड़ी जाति की सूची में शामिल करने का होगा प्रयास: मंत्री आलमगीर आलम



### इटकी में सम्मेलन

**इटकी।** इटकी में रविवार को राज्य स्तरीय कलाल-एराकी सम्मेलन का आयोजन किया गया है। यंग एराकी झारखंड के कन्वेनर शाह उमेर के नेतृत्व में आयोजित सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कलाल . एराकी जाति को अत्यंत पिछड़ी जाति की सूची में शामिल कराने के लिए हर संभव मदद किये जाने का आश्वासन दिया। इस क्रम में उन्होंने विधानसभा के माध्यम से मुख्यमंत्री को इस मांग से अवगत कराने की बातें कहीं। उन्होंने कहा कि जाति की आर्थिक व सामाजिक स्थिति को देखते हुए अत्यंत पिछड़ी जाति की सूची में शामिल करने की आवश्यकता जतायी। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आरक्षण से किसी समाज का भला नहीं हो सकता है। समाज की स्थिति सुधारने के लिये सरकारी स्तर पर रोजगार सृजन करने की आवश्यकता है। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने शिक्षित व संगठित होकर जाति के लोगों को इस मांग को लेकर आंदोलन किये जाने का आह्वान किया। उन्होंने समाज के लोगों को एक प्रतिनिधिमंडल बनाकर मुख्यमंत्री से भेंट किये जाने की बातें कहीं।

# अनगड़ा में कई योजनाओं का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, सांसद संजय सेठ एंव राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने रविवार को अनगड़ा के विभिन्न क्षेत्रों में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया मिलन चौक एवं हेसल चौक में सांसद मद से बने तोरण द्वार का उद्घाटन किया गया । इसके बाद गोंदली पोखर एवं चिलदाग गाव में पीसीसी पथ का शिलान्यास अनगड़ा मुख्यालय में बिरसा पार्क का उद्घाटन तथा गोंदली पोखर पोखर मध्य विद्यालय एवं उच्च विद्यालय में हॉल का शिलान्यास किया गया। इन सभी विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सांसद संजय सेठ एवं राज्यसभा सांसद प्रोफेसर आदित्य प्रसाद साहू के कर कमलो द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इन योजनाओं के निर्माण कार्य के लिए सांसद सांसद संजय सेठ एवं राज्यसभा सांसद प्रोफेसर आदित्य साहू ने अपने सांसद कोष से राशि उपलब्ध कराएं है।



### मौके पर थे मौजूद

इस अवसर पर जेयूटी के कुल सचिव डॉ अमर कुमार चौधरी पूर्व विधायक रामकुमार पाहन जिप सदस्य अनुराधा मुन्डा डॉ रिझु नायक सुरेंद्र महतो माधुरी देवी सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो मुखिया कवीता कुमारी पूर्व मुखिया कामेश्वर चौधरी जाकीर खान सिकन्दर अन्सारी हेमनाथ महतोए उमेश बड़ाईक रंथा महली जयशंकर मुंडा प्रभु दयाल बड़ाईक मनोज चौधरी विशेश्वर चौधरी नीलकंठ चौधरी मनेस महतो रामकृष्ण चौधरी सुनील महतो घनेनाथ महतो दुर्गा महतो कुन्ती देवी विजय महतो सहित सैकड़ो भाजपा कार्य कर्ता उपस्थित थे।

### बिरहोरों के बीच कंबल और कपड़े का वितरण

**बेड़ो।** कपड़ा बैंक बेड़ो की टीम के द्वारा कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में लापुंग के चंपाडीह में बिरहोर जनजाति के लोगों के बीच जरूरमंदों को 450 कपड़ों का वितरण किया। लोगों के बीच ठंढ कपड़े स्वेटर जैकेट कम्बल सौल साड़ी जीन्स पैंट सर्ट कुर्ती बच्चों के कपड़े इत्यादि का वितरण किया गया। जहां कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि कपड़ा बैंक लगातार जरूरतमंदों के बीच कपड़े का वितरण कर रही है। जिन लोगों के पास अनुपयोगी कपड़े हैं वो कपड़ा बैंक में दे सकते हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों को कपड़ा वितरित किया जा सके।

# मांडर में निकली खीस्त राजा की भव्य शोभायात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर।** प्रखंड के मसीहियों द्वारा रविवार को खीस्त राजा की जय, दाऊद के पुत्र की होसन्ना, खीस्त हमारा राजा है के जयकारों के साथ खीस्त राजा की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। यह शोभा यात्रा 7रू30 बजे मांडर पारिश से निकलकर टांगरबसली मोड़ होते हुए मांडर गांव तक गयी। सड़क के किनारे कई झांकियां भी सजाई गई थी। पल्ली वासी अपने यूनिट के साथ तजिया भी श्रृंगार किए यात्रा में शामिल हुए थे। पुरोहित गण पवित्र साक्रमेंट थामे हुए थे। श्वेत वस्त्रों में सजी बालिकाएं व वेदी सेवक इसके आगे आगे चल रहे थे और फूलों की पंखुड़ियां बिखेर रहे थे। मिस्सा पूजा के मुख्य अनुष्ठाता फादर जॉर्ज लकड़ा थे एवं पल्ली पुरोहित फादर प्रसन्न तिर्की अपने संदेश में यह कहा की दुनियाई राजा धन दौलत से आसक्त रहते हैं और प्रजा की शोषण करते हैं। लेकिन राजा खीस्त दुनियाई राजाओं से बिल्कुल ही भिन्न हैं। उनके पास न धन दौलत है और न ही वे अपनी प्रजा की शोषण करते हैं। राजा खीस्त प्रेम शांति न्याय का राजा है और वे हमारे दिलों में निवास करते हैं। मौके पर फादर जॉन शैलेंद्र टोप्पो, फादर नीलम संदीप, फादर जेम्स, फादर एडविन, फादर विलियम, फादर पौल मौजूद थे।

### मैक्लुस्कीगंज में मनाया खीस्त राजा पर्व

**मैक्लुस्कीगंज।** मसीहियों ने मनाया खीस्त राजा पर्वण कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अनुस्ठाता लपरा पल्ली पुरोहित संजय तिर्की ने मिस्सा पूजा से कियाण पवित्र सैक्रामेंत के साथ शोभा यात्रा निकाला गया जो चर्च परिसर से डॉन बॉस्को एकेडमी में आयोजित सभा मे तब्दील हो गयाण बाइबिल पाठ कराते हुए पुरोहित ने कहा कि यीशु ही हमारे दिल के राजा हैंए जो प्रेम शांति और न्याय का संदेश देते हैंण हमे उनके बताए हुए मार्ग का अनुशरण करते हुए लोगो मे प्रेम शांति न्याय को हम खीस्तीय एक दूसरे को बाटतें हैण जिससे हमारे समाज हमारे देश मे प्रभु का राज स्थापित हो सकेण इस दौरान धर्म बहनों द्वारा प्रवेश नाचए चढ़ावा नाच आदि प्रस्तुत किया गयाण तत्पश्चात परम प्रसाद का वितरण कर समारोह का समाप्प्न्न किया गयाण सारे विधि में सहायक फादर विल्फ्रेड ने सहयोग किया।

# श्री बजरंगबली मंदिर पुनर्निर्माण समिति की बैठक में विचार-विमर्श

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** बजरंगबली मंदिर परिसर में रविवार को श्री बजरंगबली पुनर्निर्माण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बालकृष्णा महतो के अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 23 फरवरी 2023 को किया जाएगा। वहीं बैठक में उपस्थित युवाआं ने प्राण प्रतिष्ठा का सफल आयोजन व मंदिर निर्माण कार्य जल्द पुरा कराने का संकल्प लिया। बताया गया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में 21 फरवरी को कलश यात्रा व 22 फरवरी को वेदी पूजन की जाएगी। वहीं नगर भ्रमण व रात्रि में हरि कीर्तन का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में रामकिशोर ओहदार, कुलेश प्रसाद ओहदार, युवराज पासवान, नरेश महतो, रामेश्वर प्रसाद, राजू महतो, जुगुन मुंडा, कुंदन कुमार, राम ओहदार, अशोक ओहदार, प्रीतम शाह, ओंकार सिंह, अनिल कुमार, शिव गोविंद प्रसाद, सुरेश महतो, मनोज महतो, आनंद ठाकुर, रंजीत भगत, दीपक कुमार, अनूप महतो ललकु महतो, सोने लाल महतो, अजय कुमार ओझा, तपेंद्र महतो, कुणाल कुमार, राजन कुमार सहित बुटी गांव व क्षेत्र के बुद्धिजीवियों व ग्रामीण उपस्थित थे।

## व्यापार घाटा बढ़ा

देश से वस्तुओं के निर्यात में लगभग दो साल बाद गिरावट आई है। अक्टूबर में निर्यात सालाना आधार पर 16.65 प्रतिशत घटकर 29.78 अरब डॉलर रह गया। व्यापार घाटा भी बढ़कर 26.91 अरब डॉलर हो गया है। वाणित्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार, मुख्य रूप से वैश्विक मांग में गिरावट के कारण इसमें कमी आई है। रत्न और आभूषण, इंजीनियरिंग, पेट्रोलियम उत्पाद, सभी तरह के कपड़ों से तैयार वस्त्र, रसायन, दवा, समुद्री उत्पाद और चमड़ा समेत प्रमुख निर्यात क्षेत्रों में अक्टूबर के दौरान गिरावट दर्ज की गई। अक्टूबर में आयात छह प्रतिशत बढ़कर 56.69 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो एक साल पहले समान महीने में 53.64 अरब डॉलर था। कच्चे तेल और कपास, उर्वरक और मशीनरी जैसे कुछ कच्चे माल की अधिक मांग से आयात बढ़ा है। वहीं, अप्रैल-अक्टूबर-2022 की अवधि के दौरान निर्यात 12.55 प्रतिशत बढ़कर 263.35 अरब डॉलर हो गया। आयात भी 33.12 प्रतिशत बढ़कर 436.81 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-अक्टूबर, 2022 में व्यापार घाटा 173.46 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। अप्रैल-अक्टूबर, 2021 में यह 94.16 अरब डॉलर था। वैश्विक व्यापारिक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 1.8 प्रतिशत है और वैश्विक सेवाओं में यह चार प्रतिशत है। नकारात्मक वृद्धि दर्ज करने वाले निर्यात क्षेत्रों में रत्न और आभूषण (21.56 प्रतिशत), इंजीनियरिंग (21.26 प्रतिशत), पेट्रोलियम उत्पाद (11.28 प्रतिशत), सभी तरह के कपड़ों से तैयार वस्त्र (21.16 प्रतिशत) सहित अक्टूबर में सकारात्मक निर्यात वृद्धि दर्ज करने वाले क्षेत्रों में तिलहन, खली, इलेक्ट्रॉनिक सामान, तंबाकू, चाय और चावल शामिल हैं। निश्चित ही वैश्विक मंदी का भी असर विश्व व्यापार पर देखने को मिल रहा है।

## निजी क्षेत्र का प्रवेश

भारत ने चार साल पुराने एक स्टार्टअप द्वारा विकसित रॉकेट के जरिए 3 उपग्रहों को कक्षा में शुक्रवार को सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया और इसी के साथ देश की अंतरिक्ष गतिविधियों में निजी क्षेत्र के प्रवेश का प्रारंभ' हो गया। अभी तक सरकारी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का ही इस पर आधिपत्य था। नई शुरूआत के प्रतीक के रूप में इस मिशन को प्रारंभ' नाम दिया गया है। ह्यस्काईरूट एयरोस्पेस' द्वारा बनाए गए विक्रम-एस' का पहला मिशन सफल रहा। भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक विक्रम साराभाई को श्रद्धांजलि देते हुए इस रॉकेट का नाम विक्रम-एस' रखा गया है। स्काईरूट एयरोस्पेस भारत की पहली निजी क्षेत्र की कंपनी बन गयी है जिसने 2020 में केंद्र सरकार द्वारा अंतरिक्ष उद्योग को निजी क्षेत्र के लिए खोले जाने के बाद भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम में कदम रखा है। भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इनस्पेस) के अध्यक्ष पवन गोयनका ने इसरो के मिशन नियंत्रण केंद्र से कहा मुझे स्काईरूट एयरोस्पेस के मिशन प्रारंभ के सफलतापूर्वक पूरा होने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।'' उन्होंने बताया कि रॉकेट 89.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर पहुंचा और उसने 121.2 किलोमीटर की दूरी तय की, जैसी कि ह्यह्यस्काईरूट एयरोस्पेस ने योजना बनाई थी। उन्होंने कहा कि रॉकेट ने योजना के अनुसार काम किया।'' स्पेस-एक्स' चेन्नई से करीब 115 किलोमीटर दूर इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से रवाना हुआ। विक्रम-एस ने चेन्नई के स्टार्ट-अप स्पेस किड्ज', आंध्र प्रदेश के स्टार्ट-अप एन-स्पेस टेक' और आर्मेनियाई स्टार्ट-अप बाजूमक्यू स्पेस रिसर्च लैब' उपग्रहों को लेकर अंतरिक्ष में उड़ान भरी। विक्रम-एस ने पेलोड को लगभग 500 किलोमीटर कम झुकाव वाली कक्षा में प्रक्षेपित किया।

# जलवायु की आग और भारत का धुआं-धुआं




**इस** समय मिस्त्र के शर्म-अल-शेख में संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन में दुनिया जलवायु परिवर्तन के खतरों पर चर्चा कर रही है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने संसार को चेताया है। उनके आगाह करने में भविष्य की पीड़ा है। वो जब यह कहते हैं- जलवायु परिवर्तन के चलते दुनिया नरक के हाइवे और पैर एक्सेलरेटर पर हैं, तो सहसा यकीन नहीं होता पर जिस्म थर्रा जाता है। क्योंकि इस पर अब तक के अध्ययन और निष्कर्ष भयावह हैं। उन्होंने कहा-अपनी जिंदगी की जंग हम तेजी से हार रहे हैं। हमारे पास यह आखिरी मौका है कि आने वाली पीढ़ियों के लिए इस संकट से बचा सकें। अब कोई विकल्प शेष नहीं है। या तो सहयोग करें या नरक में जलें।

अब यह साफ हो चुका है कि दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषण फैलाने वाले देश चीन और अमेरिका हैं। उन्होंने इस दोनों देशों से कहा है कि वे उत्सर्जन में कमी लाएं और मिलकर मानवता को नष्ट होने से बचाएं। हम जलवायु के लिए एकजुट होकर समझौता करें और एक-दूसरे को बचाएं, वर्ना एक साथ आत्मविनाश के रास्ते पर तो बढ़ ही चुके हैं। उन्होंने मनुष्यता की रक्षा के लिए सभी देशों से अपील की है कि किसी भी तरह से 2050 तक शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल किया जाए। हर हाल में दुनिया को 2040 तक कोयला के इस्तेमाल से मुक्त किया जाए। दुनिया के सबसे अमीर और सबसे गरीब देशों के बीच एक समझौता हो। गुटेरस की अपील से इस सम्मेलन के मेजबान मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल सीसी इत्तेफाक करते हैं। उन्होंने कहा है- जलवायु परिवर्तन बिना मानवीय प्रयासों के रुकने वाला नहीं। दुनिया के पास अब बहुत कम वक्त बचा है। संयुक्त राष्ट्र जलवायु प्रमुख सिमोन स्टील ने दुनियाभर के कई बड़े देशों के नेताओं के नहीं आने पर निराशा जताई है। उन्होंने कहा कि ऐसे रवैये से तो समस्या टलने वाली नहीं है।

इस संबंध में आंकड़ों पर गौर करना होगा। महत्वपूर्ण है कि दुनिया को ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन से गर्म कर तबाही की तरफ ले जाने वालों में 15 गीगा टन के साथ सबसे ऊपर चीन है। वह अकेला भारत, अमेरिका और यूरोपीय संघ के 27 देशों से ज्यादा उत्सर्जन करता है। 3.5 गीगा टन के साथ भारत तीसरे स्थान पर है। हालांकि, उत्सर्जन को प्रति व्यक्ति के हिसाब से आंका जाए तो भारत वैश्विक औसत 6.3 टन प्रति व्यक्ति के औसत से आधे से भी कम 2.4 टन प्रति व्यक्ति उत्सर्जन कर रहा है। अमेरिका 15 टन प्रति व्यक्ति उत्सर्जन के साथ सबसे ऊपर है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जियेवा मानती हैं कि दुनिया फिलहाल कार्बन क्रेडिट व्यवस्था से लक्ष्यों से काफी पीछे है। 2030 तक प्रति टन कार्बन की कीमत कम से कम 75 डॉलर होनी चाहिए। फिलहाल यह 2 डॉलर प्रति टन है।

इस हालात पर संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की इमिशन गैप रिपोर्ट कहती है कि ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन मौजूदा स्तर रहा तो सदी के अंत में धरती का तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका होगा। जीवन बचाए रखने के लिए इसमें 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक की बढ़ोतरी नहीं होनी चाहिए। अब यहां पेरिस समझौता को जानना जरूरी है। यह जलवायु परिवर्तन के विषय पर कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय समझौता है। इसे 12 दिसंबर, 2015 को पेरिस में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में 196 देशों और संगठनों ने स्वीकार किया था। मगर हालात जस के तस हैं। एक अध्ययन में साफ हुआ है कि मौजूदा सूरत-ए-हाल के लिए अमीर देश ज्यादा जवाबदेह हैं। हाल ही में आक्सफैम ने ह्यकार्बन बिलियनायरः द इन्वेस्टमेंट इमीशन आफ द वल्ड्र्स रिचेस्ट पीपुलह्न रिपोर्ट में दुनिया के सर्वाधिक अमीर लोगों के निवेश से होने वाले उत्सर्जन का आकलन किया है। आक्सफैम इंडिया के सीईओ अमिताभ बेहर मानते हैं कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए नीतियां बनाते समय दुनिया में हो रहे कुल उत्सर्जन में अमीरों की भूमिका पर बहुत कम ही चर्चा होती है। इसे बदलना होगा। इन अरबपतियों ने ऐसी कंपनियों में निवेश किया हुआ है, जो बड़े पैमाने पर कार्बन उत्सर्जन की जिम्मेदार हैं। आक्सफैम इंटरनेशनल के जलवायु परिवर्तन प्रमुख नेफकोट डाबी ने कहा है- ह्यइन अमीरों को छिपे रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। सरकारों को इन अमीरों के निवेश से होने वाले उत्सर्जन के आंकड़े छापने चाहिए और निवेशकों एवं कंपनियों पर कार्बन उत्सर्जन कम करने का नीतिगत दबाव बनाना चाहिए। प्रदूषण का कारण बनने वाले इनके निवेश पर टैक्स लगाया जाना चाहिए।ह्न आक्सफैम का कहना है कि अमीरों पर टैक्स लगाकर मिला पैसा जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने में बहुत सहायक हो सकता है। टैक्स लगाने से अमीर ऐसे निवेश से दूर भी होंगे, जो पर्यावरण के लिए सही होगा। 40 लाख लोग वीगन बनेंगे, तब एक अरबपति के उत्सर्जन की भरपाई होगी। वीगन ऐसे शाकाहारी होते हैं, जो पशुओं से मिलने वाले उत्पाद जैसे दूध और शहद आदि भी नहीं खाते।

आक्सफैम की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि समय के साथ शीर्ष कार्बन उत्सर्जक अमेरिका ने 1990 से 2014 तक अन्य देशों की जलवायु को लेकर 1.9 ट्रिलियन डॉलर से अधिक का नुकसान पहुंचाया है। इसमें सबसे ज्यादा ब्राजील को 310 अरब डॉलर और भारत को 257 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। साथ ही अमेरिका के अपने कार्बन प्रदूषण ने उसे 183 अरब डॉलर से अधिक का लाभ पहुंचाया। डार्टमाउथ कॉलेज के जलवायु वैज्ञानिक और सह-अध्ययनकर्ता जस्टिन मैनकिन ने कहा कि हो सकता है सभी देश पुनर्स्थापन के लिए अमेरिका की ओर देख रहे हों। अमेरिका ने अपने उत्सर्जन से भारी मात्रा में आर्थिक नुकसान किया है। प्रमुख अध्ययनकर्ता क्रिस्टोफर कैलाहन ने कहा कि विकासशील देशों ने अमीर देशों को भविष्य के लिए कार्बन उत्सर्जन को कम करने में आर्थिक रूप से मदद करने का वादा करने के लिए आश्वस्त किया है। लेकिन वैश्विक जलवायु वार्ता में क्षतिपूर्ति के बारे में कोई बात नहीं होती है। उन वाताओं में अमेरिका और चीन जैसे सबसे बड़े कार्बन उत्सर्जक पर्दे के पीछे से मना कर रहे होते हैं।



- मुकुंद

> अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जियेवा मानती हैं कि दुनिया फिलहाल कार्बन क्रेडिट व्यवस्था से लक्ष्यों से काफी पीछे है। 2030 तक प्रति टन कार्बन की कीमत कम से कम 75 डॉलर होनी चाहिए। फिलहाल यह 2 डॉलर प्रति टन है। इमिशन गैप रिपोर्ट कहती है कि ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन मौजूदा स्तर रहा तो सदी के अंत में धरती का तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका होगा।

### खास बात

## आर्थिक आरक्षण स्वागत योग्य कदम

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का कौन स्वागत नहीं करेगा कि सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थाओं में 10 प्रतिशत आरक्षण का आधार सिर्फ गरीबी होगी। यह 10 प्रतिशत आरक्षण अतिरिक्त है। यानी पहले से चले आ रहे 50 प्रतिशत आरक्षण में कोई कटौती नहीं की गई है। फिर भी पांच में से दो जजों ने इस आरक्षण के विरुद्ध फैसला दिया है और तमिलनाडु की सरकार ने भी इसका विरोध किया है।

उनका कहना है कि 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण देना संविधान का उल्लंघन करना है। संविधान की किसी धारा में आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत निश्चित नहीं की गई है। 1992 का सुप्रीम कोर्ट में आया इंदिरा साहनी प्रकरण बेहद महत्वपूर्ण है। उसी समय नरसिंहराव सरकार ने गरीबी के आधार पर लोगों को आरक्षण देने की घोषणा की थी। उसी घोषणा को 2019 में भाजपा सरकार ने संविधान का अंग बना दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बधाई के पात्र हैं कि उन्होंने इस मामले में ठोस निर्णय का साहस दिखाया। लेकिन यह काम अभी भी अधूरा है। संसद में 2019 में जब गरीबी को आरक्षण का आधार बनाकर सरकार विधेयक लाई थी, तब 323 सांसदों ने उसका समर्थन किया था और सिर्फ 3 सांसदों ने विरोध। लेकिन किसी नेता या पार्टी की आज हिम्मत नहीं है कि वह डॉ. अंबेडकर की इच्छा को मूर्त रूप दे सके। उन्होंने कहा था कि जन्म के आधार पर दिया गया आरक्षण दस साल के लिए काफी है। अब तो इसको पैदा हुए दर्जनों साल हो गए हैं। यह देश में अयोग्यता, अकर्मण्यता, भेदभाव, जातिवाद और मलाईदार वर्ग को प्रोत्साहित करने का साधन बन गया है।

इसी कारण सरकारें रेवड़ी-संस्कृति की शिकार हो रही हैं। यदि नौकरियों के बजाय शिक्षा और चिकित्सा में आर्थिक आधार पर आरक्षण दिया गया होता तो सरकारी भीख पर कौन जिंदा रहना चाहता? गरीबी के आधार पर दिया गया आरक्षण जातीय और सांप्रदायिक आरक्षण से कहीं बेहतर सिद्ध होता। वह भारत में एकता और समानता का मूलाधार बनता ।

## स्मार्ट और बुद्धिमान

### धर्म-प्रवाह

**जग्गी बासुदेव**

**स्मार्ट** होना और बुद्धिमान होना, ये दो अलग-अलग बातें हैं। 25 साल पहले, किसी के बारे में बात करते हुए, हम उसे बुद्धिमान कहते थे। लेकिन आजकल, अलग शब्दों का प्रयोग होता है। आजकल कोई परवाह नहीं करता कि आप बुद्धिमान हैं या नहीं। उनको एक ही फिक्र होती है कि क्या आप स्मार्ट हैं? अगर आप स्मार्ट हैं तो आप दुनिया में अपना काम निकाल सकते हैं - आज की अर्थव्यवस्था में आप पार लग जायेंगे। लेकिन बुद्धि का स्वभाव अलग है। बुद्धि हमेशा आपको कोई दौड़ जीतने के लिये तैयार नहीं करती। वास्तव में आप दूसरे से धीमें हो सकते हैं क्योंकि उन लोगों की अपेक्षा आप कहीं ज्यादा चीजें देख सकते हैं। जो लोग स्मार्ट हैं और सिर्फ इस कोशिश में हैं कि अपने जीवन का कोई छोटा उद्देश्य पूरा कर लें, हो सकता है वे वहां ज्यादा तेजी से पहुंच जाएं और हो सकता है लोग उनके लिये तालियां भी बजायें। लेकिन आपकी बुद्धि इतनी सारी चीजें ग्रहण कर रही होगी, कि वो आपको एक कदम भी उठाने नहीं देगी। अगर आप स्मार्ट हैं तो इसका मतलब ये होगा कि आपने अपने लाभ के लिये परिस्थितियों बना ली है। आप किस तरह के समाज में हैं, समय कैसा है, परिस्थिति कैसी है और आप किस तरह के लोगों के बीच में हैं! आज, वे लोग जो कुछ संकोच मे होते हैं, वे आम तौर पर बेवकूफ माने जाते हैं। बिना किसी संकोच वाले लोग स्मार्ट कहलाते हैं क्योंकि वे जानते हैं कि कुछ खास परिस्थितियों का लाभ कैसे लिया जाये!

**अब** डीबीटी के माध्यम से गरीबों को मिलने वाला लाभ 100 प्रतिशत गरीबों तक सीधे पहुंच रहा है। अकेले डीबीटी की वजह से 1 लाख 70 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा गलत हाथों में जाने से बच रहे हैं। आज ये गर्व के साथ कहा जा सकता है कि घोटालों वाले उस दौर को देश पीछे छोड़ चुका है।

**-पियूष गोयल, केन्द्रीय मंत्री**

### आपके ट्वीट

मैंने ईडी के अधिकारियों को आश्वस्त किया कि आप अपना काम ईमानदारी से करो आपको मेरी सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**पूरी** दुनिया में बड़ी तेजी से पीने का पानी घट रहा है। भारत में भी कई शहरों में भूगर्भीय जल का स्तर लगातार गिर रहा। इसके बावजूद भी हम जल संरक्षण को लेकर गंभीर नहीं। समय करवट ले रहा है। आज से ही तैयारी करनी होगी। **–सुदेश महतो, आजसू**

### कार्टून वर्ल्ड

अटकी सांसें टूटती आस...



# संख्या बल से अधिक प्रभावी है विचार और वाणी का ओज

### विचार

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

**भारतीय** जनसंघ की स्थापना राष्ट्र प्रथम की विचारधारा के आधार पर हुई थी। उस समय देश में कांग्रेस का वर्चस्व था। यह माना जाता था कि जनसंघ को विपक्ष की ही भूमिका का निर्वाह करना है। तब सदन में इसका संख्याबल कम होता था, लेकिन वैचारिक ओज प्रबल था। भारी बहुमत की सरकारें भी नाम मात्र के संख्याबल के विचारों से परेशान थीं। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी जब संसद में बोलते थे, तब लोग ध्यान से सुनते थे। सरकार को भी कई मसलों को सुधारने संभालने की प्रेरणा मिलती थी। जनसंघ और भाजपा की यात्रा में अटल-आडवाणी की जोड़ी का योगदान बहुत महत्वपूर्ण रहा है। जनसंघ के दौर में हिन्दुत्व के मुद्दों को मुखर होकर उठाया जाता था। लेकिन उस समय की परिस्थितियां अलग थी। इन मुद्दों ने जनसंघ को हिन्दी भाषी राज्यों तक सीमित रखा। यहां भी जनसंघ सत्ता से बहुत दूर रही। गैर कांग्रेसवाद अभियान के समय कुछ प्रांतों में संविद सरकारें बनी थीं। जनसंघ उसमें शामिल थी। यह विचार यात्रा का दूसरा पड़ाव था। जनता पार्टी में जनसंघ के विलय एक नया पड़ाव था। आपातकाल के बाद की परिस्थिति में यह विलय अपरिहार्य हो गया था। अन्य पार्टियों के साथ चलने की विवशता थी। लेकिन जनसंघ घटक के लोग अपनी मूल विचारधारा से कभी विमुख नहीं हुए थे। उसी समय अटल बिहारी वाजपेयी को नेहरू की भांति दिखाने संबन्धी चर्चा शुरू हुई थी। किन्तु जनता पार्टी का प्रयोग ढाई वर्ष तक भी नहीं चला। इसके बाद जनसंघ घटक ने भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की। इसमें गांधीवादी समाजवाद की अवधारणा समाहित थी। यह भी विचार यात्रा का एक पड़ाव था। इसमें भी भाजपा ने जनसंघ के समय के अपने मुद्दों का परित्याग नहीं किया था।अयोध्या में श्रीराम मन्दिर निर्माण आंदोलन ने भाजपा को नए पड़ाव पर पहुंचाया। इसके बाद भी उसे अपने दम पर बहुत नहीं मिला। ऐसे में कुछ कशमकश था। गठबंधन की सरकार बनाने या फिर विपक्ष में ही बैठने का विकल्प था। भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनाने का व्यावहारिक निर्णय हुआ। यदि ऐसा न होता तो उन मतदाताओं को निराशा होती जिन्होंने शायद पहली बार भाजपा को इतना बड़ा समर्थन दिया था। वाजपेयी की सरकार करीब दो दर्जन पार्टियों के समर्थन पर आधारित थी। ऐसे में वैचारिक मुद्दों पर अमल सम्भव नहीं था। फिर भी छह वर्षों तक चली इस सरकार ने सुशासन की मिसाल कायम की। विकसित भारत की मजबूत बुनियाद का निर्माण किया गया। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी की राजनीति भी बेमिसाल रही है। करीब आधी शताब्दी तक अटल बिहारी आगे चलते रहे। आडवाणी स्वेच्छा से पीछे रहे। संगठन के कार्य में संलग्न रहे। यह राजनीति की बेमिसाल जोड़ी थी। वह पार्टी को मजबूत बनाने और सरकार को अपेक्षित सहयोग करने की दिशा में सतत प्रयत्नशील रहे। आडवाणी की रथयात्राओं ने भाजपा को नए मुकाम पर पहुंचाया। वस्तुतः भाजपा की यात्रा एक विचार की यात्रा रही है, जिसके आधार पर भाजपा का ह्यपार्टी विद अ डिफरेंसह्न का दावा एकदम सही लगता है। आज यह देश का सबसे लोकप्रिय दल है और इसकी विचारधारा जन-जन तक पहुंच चुकी है।

भाजपा वर्तमान राजनीति में एक मात्र पार्टी है जो व्यक्ति या परिवार पर आधारित नहीं है। यह पूरी तरह विचारधारा पर आधारित पार्टी है। इस विचारधारा के आधार पर ही ऐसे अनेक मसलों का समाधान हुआ है, जिसकी कल्पना करना भी असंभव था। भाजपा की सरकारें सुशासन के प्रति समर्पित रहती हैं क्योंकि यही उनकी विचारधारा है। भाजपा इसी विचारधारा पर आधारित पार्टी है। दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद

### लेटर टू एडिटर

#### एक समान निर्णय

यदि निजी क्षेत्र की कंपनियों का निजीकरण शेयरधारकों के लिए बेहतर है तो मंदिरों पर भी यही दलील लागू होनी चाहिए। यदि आकलन यह है कि उपासना स्थलों को सरकार के लिए छोड़ दिया जाना चाहिए तो क्या यही बात गिरजाघरों और मस्जिदों पर भी लागू नहीं होती? निश्चित तौर पर एक समभाव का प्रकटीकरण इस विषय पर अवश्य होना चाहिए जो आवश्यक है। **– अनीष, खूंटी**

#### जुर्माना मकसद नहीं

**यातायात** पुलिस लोगों का जमकर जुर्माना काटती है। पुलिस का काम लोगों की सहायता करना तथा नियमों की पालना करवाना है, न कि चालान काटना। नियमों को लेकर लोग पहले से ज्यादा सतर्क हैं। ज्यादातर लोग नियमों की पालना करते हैं पर ऐसे में केवल कम चालान काटने पर नोटिस जारी करना कहीं न कहीं गलत है। यह जनता को परेशान करने वाली बात है।

**–रमन कुकरेजा, रांची**

# पानी को बनाया नहीं, सिर्फ बचाया जा सकता है

### पर्यावरण

**उमाशंकर पांडेय**

पानी को बनाया नहीं बल्कि इसे केवल बचाया जा सकता है। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के जखनी गांव की हरियाली सारी दुनिया के लिए उदाहरण है। यहां के मेड़बंदी मॉडल को जल संरक्षण के लिए सारे देश में कई जगह लागू किया जा चुका है। भारत का जल शक्ति मंत्रालय इसे पूरे देश के लिए उपयुक्त मानते हुए हर जिले में दो गांवों को जखनी जैसा जलग्राम बनाने के लिए चुन चुका है। नीति आयोग ने भी इस जल संरक्षण विधि को मान्यता दी है और इस आधार पर जखनी को आदर्श गांव माना है। लोग जागरूक हों तो सूखा और अकाल आ ही नहीं सकता। हमें अपने पूर्वजों के समाधान को अपनाना होगा। पुराने तालाबों और कुंओं का जीर्णोद्धार करना होगा। खेतों की मेड़बंदी कर घरों की नालियों का पानी भी खेतों में पहुंचाना होगा।

हमारे पुरखों की जल संरक्षण पर सोच ह्यखेत पर मेड़, मेड़ पर पेड़' रही है। इसी सोच ने जखनी के जख्म सोख लिए हैं। जखनी के लोगों की प्रशंसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी कर चुके हैं। मगर इस बदलाव के लिए धैर्य की जरूरत होती है। यह एक दिन में संभव नहीं होता। जखनी को हरा-भरा करने के सामुदायिक प्रयास में दो-ढ़ाई दशक लग गए। अब ह्हमारा गांव गरीबी, भुखमरी, अपराध और तमाम विवादों से उबर चुका है। वर्षा जल बूंदों को रोकने से गांव का जलस्तर ही नहीं बढ़ा बल्कि गांव में समृद्धि आई और लोगों के पास पैसा आया।ह्न अब दुनिया के लोग इस तकनीक को जानने के लिए उत्सुक हैं।

पिछले दिनों अहमदाबाद में इस तकनीक पर कई सत्र में चर्चा हुई। यह देखकर अच्छा लगा कि अपना जखनी आज दुनिया को राह दिखा रहा है। यहां जापान, ऑस्ट्रेलिया, यूएसए, फ्रांस, इटली और यूरोप के लोगों से मिलने का मौका सुखद रहा। यह लोग जखनी मॉडल को जानना-समझना चाहते हैं। मोयेज पूनावाला (ऑस्ट्रेलिया) , थॉम हन्ना (यूएसए), वेन मेयर (यूएसए), ओलिवियर गिलोटो (फ्रांस), तोशियो मुरामात्सु (जापान), ब्रूनो बेनाग्लिया (इटली) जेम्स वैलियरे (यूएसए), यूसुफ अत्तरवाला (फोराड) गुजरात, जॉनसन स्क्रीन के ग्लोबल डायरेक्टर क्रेक्स विल्सन (अमेरिका), राकेश अरोरा (पंजाब), विवेक सिंह (भूटान) अनिल शाह (पूना) और सीजीडब्ल्यूबी (जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. आरसी जैन ने गंभीरता के साथ भारत के पुरखों की परंपरागत सामुदायिक जल संरक्षण विधि 'खेत पर मेड़, मेड़ पर पेड़' के चमत्कार को सुनकर दंग रह गए। दुनिया के विकसित देशों के इन जल विशेषज्ञ वैज्ञानिकों ने माना कि जल संकट से घिरी दुनिया को यह विधि उबार सकती है। खुशी इस बात की है कि इजरायल में तो काफी पहले इस विधि पर परीक्षण हो चुका है।

उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश का बुंदेलखंड हर साल गर्मी में सूखे और अकाल से त्राहिमाम-त्राहिमाम करता रहा है। खुशी इस बात की है कि अब हालात बदल रहे हैं। जखनी गांव के लोगों के तीस साल के सामुदायिक प्रयास से सूखा खत्म हो गया है।

खेत हर वक्त लहलहाते रहते हैं। अब तो हर साल मेड़बंदी यज्ञ यात्रा भी होने लगी है। यह वही बुंदेलखंड है जहां कभी आचार्य विनोबा भावे ने भूदान यज्ञ का आगाज किया था।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# भाजपा व आजसू ने झारखंड वासियों को छला: फागू बेसरा

झामुमो ने किया एकदिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता



सभा को सम्बोधित करते अतिथि

**चरही।** सीसीएल चरही ऑफिसर्स क्लब में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड स्तरीय सम्मेलन जिला समिति के तत्वधान में आयोजित किया गया। जिसके अध्यक्षता जिला सचिव नीलकंठ महतो ने किया एवं संचालन दशरथ महतो ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झामुमो केन्द्रीय महासचिव सह झारखंड सरकार समन्वय समिति सदस्य फागू बेसरा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, रामकिशोर मुर्मू उपस्थित हुए। सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि झामुमो केन्द्रीय महासचिव फागू ने कहा कि राज्य में भाजपा और आजसू पार्टी के नेताओं ने झारखंडवासियों को छलने का काम किया है। आगे यह भी कहा कि भाजपा ने महागठबंधन की सरकार को गिराने का प्रयास किया। लेकिन अपने मंसूबों में नाकामयाब रही। आगे कहा कि राज्य के मुखिया पुरे राज्य में गरीबों को सोचते हुए काफी विकास के कार्य कराई है। जिसका रास विपक्षी पार्टियों को नहीं हजम हो रही। जिसके चलते के चलते केंद्रीय जांच एजेंसियों को राज्य के मुख्यमंत्री को डराने के लिए इस्तेमाल कर रही है। विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा माटी कि पार्टी है। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल दिशा- निर्देश से राज्य में विकास कि गंगा बह रही है।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सचिव नीलकंठ महतो, बीस सूत्री अध्यक्ष बाल कुमार महतो, उपाध्यक्ष लखीराम मांझी, पुर्व प्रखंड अध्यक्ष छोटन महतो, सहित पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हर हाल में गरीबों को ठंड से बचाया जायेगा : विकास पांडेय



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बढ़ते ठंड को देखते हुए बुध बाजार चीफ हाउस पंचायत में रविवार को गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि भुरकुंडा ओपी प्रभारी बलवंत दुबे व मुखिया विकास पांडेय द्वारा 95 गरीब-असहाय व जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर ओपी प्रभारी बलवंत दुबे व मुखिया विकास पांडेय ने कहा कि हर हाल में गरीबों को ठंड से बचाया जायेगा। उन्होंने कहा कि बचे जरूरतमंदों के बीच भी जल्द से जल्द कंबल का वितरण किया जायेगा।

## सभी योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में कराएं दर्ज:डीसी



सयाल मध्य विद्यालय में निरीक्षण करती डीसी व अन्य

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा ने रविवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत पतरातू प्रखंड के चैनगडा व सयाल मध्य विद्यालय आदि मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत चल रहे कार्यों का जायजा लेते हुए कर्मियों को 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले प्रत्येक योग्य व्यक्ति का मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सर्वे कराकर जो व्यक्ति जिले में निवास नहीं कर रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची से हटाएं। निर्वाचन प्रक्रिया को शड्यूल करने के लिए यह बहुत जरूरी है। उन्होंने मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक करने के कार्य को जल्द परा करने का भी निर्देश दिया।

## स्पीड न्यूज

### विश्व हिन्दू परिषद द्वारा चलाया गया हितचिंतक अभियान

**टाटीझरिया।** प्रखण्ड के खैरा पंचायत में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के टाटीझरिया प्रखंड संयोजक रवि कुमार के द्वारा हिंदू हितचिंतक अभियान चलाया गया । अभियान के दौरान स्वेक्षा पूर्वक लोगों ने 20 रु का रसिद कटवाकर हिन्दू हित में अपना योगदान राशी देकर सनातन अथार्त हिंदू धर्म रक्षा ,प्रचार- प्रसार करने का शंकल्प लिये। मौके पर बजरंग दल के कार्यकर्ता शंकर प्रसाद वर्मा , बिनय कुमार दास समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### भारतीय जनता पार्टी करेगी राज्य सरकार की नीतियों का विरोध

**ईचाक।** प्रखंड के विभिन्न गावों फूफन्दी, गरडीह, तुरी, बभनी, कारिचाटन का दौरा कर लोगो को सरकार कि गलत नीतियों के विरोध मे लोगों से अधिक से अधिक संख्या मे भाग लेने का अपील किया गया ' भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आगामी 23 नवम्बर को निर्धारित कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर दौरा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बटेश्वर प्रसाद मेहता अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला सचिव रमेश कुमार हेम्ब्रोम पूर्वी एवं पश्चमी मण्डल अध्यक्ष सुभाष सोनी, जयनन्द मेहता, पूर्व बिससूत्री अध्यक्ष गौतमनारायण सिंह, डाडीघाघर पंचायत के मुखिया नंदकिशोर कुमार, राजकुमार राम, अनिल मेहता, धनेश्वर सोनी एवं अन्य लोग शामिल थे।

### ज्योतेंद्र प्रसाद साहू निर्विरोध बने जदयू जिलाध्यक्ष




**कुजू।** जदयू रामगढ़ जिला अध्यक्ष निर्वाचन को लेकर रविवार को नया मोड़ कुजू स्थित जदयू कार्यालय में पार्टी के सक्रिय कार्यकताओं की एक दिवसीय बैठक हुई। इस बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों के लगभग 127 सक्रिय सदस्य शामिल हुए। चुनाव को लेकर आयोजित इस बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो, मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत पटेल, प्रदेश स्तरीय नेता आरके मंडल, बतौर चुनाव पर्यवेक्षक प्रदेश महासचिव भगवान सिंह, चुनाव प्रभारी मोहम्मद सफीक अंसारी मौजूद थे।

### विधायक ने विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास



**कुजू।** रविवार 20 नवंबर का दिन क्षेत्र के लिए उदघाटन व शिलान्यास का दिन रहा। मांडू विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल दिन भर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में घूम घूम कर योजनाओं का शिलान्यास व उदघाटन करते दिखे। विधायक श्री पटेल ने सबसे पहले कुंदरिया बांध कुजू में पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। तत्पश्चात वे बोंगाबार राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में 1 लाख 99 हजार रूपए की लागत से निर्मित वाटर हार्वेस्टिंग योजना का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इसके बाद विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष युगेश वेदिया आदि स्थानों विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया।

## कई मायनों में ऐतिहासिक होगी जनाक्रोश रैली : सन्नी कुशवाहा



बैठक में उपस्थित भाजपा किसाना मोर्चा के लोग

**भदानीनगर (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की बैठक रविवार को भदानीनगर में हुई। इसकी अध्यक्षता मोर्चा के जिला अध्यक्ष सन्नी प्रसाद कुशवाहा व संचालन जिला महामंत्री रामकृष्ण दुबे ने किया। बैठक में मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर अमरनाथ चौधरी ने कहा कि वर्तमान की हेमंत सरकार किसान विरोधी व भ्रष्टाचार में लिप्त है। इसे उखाड़ फेकना होगा। उन्होंने कहा कि इन्हीं सब मुद्दों को ले 23 नवंबर को रामगढ़ जिला मुख्यालय में आहूत जनाक्रोश रैली को सफल बनावें। वहीं जिलाध्यक्ष सन्नी प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि वर्तमान की झारखंड सरकार अपनी आखिरी दिन गीन रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा चलाये गये जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर यह साबित कर दिया है कि वर्तमान सरकार किसान विरोधी है। श्री कुशवाहा ने कहा कि कई मायनों में 23 की जनाक्रोश रैली ऐतिहासिक होगी। धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष दिनबंधु पोद्दार ने की। मौके पर जागेश्वर महतो, राजेंद्र मुंडा, संतन सिंह, हीरालाल महतो, हरिलाल महतो, सत्यजीत सिंह, हरि महतो, संतोष साहू, संजय श्रीवास्तव, जर्नादन सिंह, अरूण साव, सामो बेदिया सहित कई भाजपाई मौजूद थें।

## लोगों के स्वास्थ्य के लिए क्लब हमेशा उठाता रहेगा कदम : लायन राजेंद्र महतो

9 दिनी शिविर में सैंकड़ों लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ, 29 को लगेगा मोतियाबिंद जांच शिवर

खबर मंत्र संवाददाता



शिविर में वृद्ध का स्वास्थ्य जांच करते डॉक्टर

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विश्वव्यापी संस्था लायंस क्लब इंटरनेशनल की अनुषंगी इकाई लायंस क्लब अफ भुरकुंडा के तत्वावान में राज नर्सिंग होम में 12 नवंबर से चल रहे 9 दिवसीय मधुमेह व रक्तचाप जांच सह जागरूकता शिविर का रविवार को समापन हुआ। शिविर में भुरकुंडा कोयलांचल के सैकड़ों लोग पहुंचे और स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर का उद्देश्य सामाजिक प्रचार के माध्यम से लोगों को अल्पायु में हो रहे मधुमेह और रक्तचाप के खतरों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस रोग से निजात पाने हेतु चिकित्सकों का परामर्श और विशेषज्ञों द्वारा आवश्यक उपाय जैसे कि व्यायाम, दैनिक खानपान, दिनचर्या में बदलाव आदि की सलाह दी गई। मौके पर कार्यक्रम की प्रभारी उपाध्यक्ष लायन माला शर्मा ने कहा कि कोयलांचल वासियों के बेहतर स्वास्थ्य को ले लायंस क्लब अफ भुरकुंडा कटिबद्ध है, और आगे भी हमेशा तत्पर रहेगा। अध्यक्ष एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो ने कहा कि क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य जरूरतों के प्रति क्लब के लोग हर सार्थक कदम उठाते रहेंगे। क्लब का उद्देश्य ही समाज व जनहित में कार्य करना है। कोषाध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा ने बताया कि लायंस क्लब अफ भुरकुंडा द्वारा आगामी 29 नवंबर दिन मंगलवार को राज नर्सिंग होम के बगल में स्थित उत्सव मैरिज हल में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर लगाया जायेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। बताया गया कि शिविर में मोतियाबिंद पाए जाने पर मरीजों को निशुल्क अपरेशन और भेजने, खाने-पीने की पूरी व्यवस्था की जाएगी। शिविर को सफल बनाने में लायन अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, प्रमोद शर्मा, संजय सिंह, मो. मुमताज, राज नर्सिंग होम की सिस्टर संगीता, नीतू, युसूफ अंसारी, अर्चना आदि मौजूद थें।

## एक नजर में

### विधायक मद से होगा 500 फीट पीसीसी पथ का निर्माण



**कुजू।** मांडू प्रखंड के कुजू पश्चिमी पंचायत अंतर्गत कुंदरिया बांध टोला में मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के द्वारा रविवार 20 नवंबर को पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंदरिया बांध टोला निवासी ललन अग्रवाल के घर से रहमान मियां के घर तक 500 फीट पीसीसी पथ जिसकी प्राक्कलित राशि 4लाख 99 हजार रूपए है। विधायक जेपी पटेल ने नारियल फोड़कर व शिलापट्ट का अनावरण कर योजना की आधारशिला रखी। मौके पर विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि मांडू विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने के लिए वे सदैव तत्पर हैं। यहां की जर्जर सड़क की मिली जानकारी के बाद मैंने इसे प्राथमिकता के तौर पर लिया।जल्द हीं इस क्षेत्र के लोगों की परेशानियां दूर होगी। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, कुजू पश्चिमी पंचायत मुखिया जय कुमार ओझा उर्फ बुच बाबा, रहमान मियां सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

### झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन के पदाधिकारियों का हुआ स्वागत



**बरही।** झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन के पदाधिकारियों का बरही प्रखंड का दौरा के दौरान संगठन के अध्यक्ष विनोद भगत, उपाध्यक्ष छोटे लाल साहू, संगठन मंत्री मधुसुधन मेहता सहित कई अन्य लोगों को प्रखंड के निजी विद्यालय संघ के पदाधिकारियों व संचालकों द्वारा बहुत ही गर्मजोशी के साथ माला पहनाकर स्वागत किया गया। विशेष मुलाकात में आगामी आठवीं बोर्ड की परीक्षा पर विचार किया गया और वर्तमान में जितने भी विद्यालय यू डाइस कोड को फुल फील कर रहे हैं, सभी स्कूलों को नवोदय का फॉर्म भरने के लिए पात्रता देने को लेकर चर्चा की गई। कहा कि जिन स्थानों पर पहले ही 3 किलोमीटर के रेंज में हाई स्कूल है, वहां पुनः किसी भी स्कूल को हाई स्कूल में अपग्रेड सरकार ना करें। बैठक में मुख्य रूप से निजी विद्यालय संघ बरही के अध्यक्ष मिथिलेश यादव, सचिव नितेश कुमार, विजय यादव, शंकर जी, अनुज प्रजापति, राजेश केशरी आदि उपस्थित थे।

### महज कुछ दिनों में पपड़ी तरह उखड़ी सड़क, विरोध भी बेअसर



**चौपारण।** प्रखंड के ग्राम पेटुला में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 1 किलो मीटर लंबी बनी कालीकरण सड़क महज कुछ ही दिनों में पपड़ी की तरह उखड़ रहा है। ग्रामीणों ने घटिया सड़क निर्माण कार्य का विरोध करते हुए सोसल मीडिया में बीडीओ वायरल कर रहे है। करीब 42 लाख की अधिक लागत से बनी यह रोड में ठीकेदार द्वारा सिर्फ लिपापोती की गई। जमीन पर ही सामग्री को लेप कर ठीकेदार चलता बना। निर्माण स्थल पर योजना बोर्ड पर कार्य प्रारंभ की तिथि 31 अक्टूबर 2020 लिखा गया है जबकि कार्य पूर्ण की तिथि जून 2021 लिखा गया और रोड बनाया गया नवम्बर 2022 में । इससे स्पष्ट होता है कि पहले प्राकलन राशि निकाली गई उसके बाद ही रोड बनाया गया। सड़क निर्माण कार्य पर सवाल कई खड़े किए जा रहे है पर ग्रामीणों का विरोध भी बेअसर दिखाई दे रहा है। लोगो को ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कोई देखने और सुनने वाला नही हो।

## दबंगों ने ढाब सलोनिया जंगल में करवा ली बंदोबस्ती, ग्रामीणों में आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता



विवाद के केंद्र में जमीन

**चौपारण।** गोविंदपुर पंचायत के ढाब सलोनिया मौजा के रैयतों ने सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी हजारीबाग को पत्र लिखकर गैरमजूरवा जमीन खाता संख्या 43 का प्लॉट नम्बर 162, 228, 235, 237, 192, 337 आदि का बंदोबस्त निरस्त करने का आग्रह किया। इस संदर्भ मे चंदवारा प्रखण्ड में ढाब के ग्रामीणों ने लिखित आवेदन देकर बताया कि 15 से 20 वर्ष पहले हुए सर्वे में ढाब के सभी रैयतों ने आपसी सहमति से ढाब सलोनिया स्थित सर्वाजनिक व निजी जमीन पर पेड़ पौधा लगाकर जंगल तैयार कर दिया थे, जो अभी भी कायम है। जंगल लगाने से पहले ढाब के ग्रामीण ढाब सलोनिया मौजा में समस्त ढाब के ग्रामीण जोतकार थे। बताया आज तक सभी रैयत ढाब व सलोनिया के निजी व सरकारी जमीन का लगान साल दर साल आज तक दे रहे है। ढाब सलोनिया बेचिरागी मौजा होने के कारण उक्त मौजे का मालिकाना हक ढाब के समस्त ग्रामीणों को सरकार द्वारा रसीद कटवा कर दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि नई सर्वे 2017 - 18 में अपने ही ग्राम ढाब के कुछ दबंग प्रवित्ति के कुछ गिने चुने लोगों ने भूमि निबंधन कार्यालय के पदाधिकारियों व कर्मियों के मिलीभगत से अपने अपने परिवार के नाम से निबंधन करवा लिया और रात के अंधेरे में जेसीबी लगवाकर जंगल उखाड़ कर ट्रेन कटवा लिया है। कहा समस्त ग्रामीणों के जमीन को 10 से 12 परिवार के लोग 20 से 25 एकड़ के मालिक हो गए और बाकी ग्रामीण भूमिहीन हो जा रहे है। इस संदर्भ में रैयत सरयू यादव ने कहा कि अगर निबन्धित जमीन निरस्त नही हुवा तो समस्त ग्रामीण आंदोलन को मजबूर होंगे।

## कांग्रेस पार्टी नहीं, बल्कि एक सोच और विचारधारा है



बैठक करते कांग्रेस कार्यकर्तागण

**बरही।** कांग्रेस की भारत जोड़ो कार्यक्रम में प्रखण्ड के गौरियाकरमा पंचायत में प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मनोज कुमार को पंचायत का अध्यक्ष व मो क्यूम अंसारी को सचिव बनाया गया। इस दौरान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि 4 दिसम्बर को पूरे पंचायत में भारत जोड़ो यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जहां कांग्रेस पार्टी के विचारों को जनजन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी नहीं, बल्कि एक सोच और विचारधारा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पहले देश को धर्म के नाम पर बांटा और अब जात-पात के नाम पर बांट रही है। वहीं कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा निकालकर लोगों को जोड का काम कर रहे हैं। मौके पर मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, मनोज कुमार, महेश यादव, मो मनौवर, मो सेराज, मो शमीम, मो मजीद अंसारी, सुरेश यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## माकपा की भुरकुंडा में हुई बैठक

**बासल (रामगढ़)।** माकपा पतरातू लोकल कमेटी की बैठक रविवार को भुरकुंडा कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता एतवा मुंडा ने किया। बैठक में सर्वप्रथम कोडियरी बालष्ण, केरल राज्य सीपीएम के पूर्व राज्य सचिव एवं पार्टी के केंद्रीय कमेटी सदस्य एवं केन्द्रीय कमेटी सदस्य सह समाजवादी पार्टी के नेता मुलायम सिंह यादव की असामयिक निधन पर एक मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त किया गया। बैठक में पार्टी के जिला कमेटी सचिव आरपी सिंह चंदेल ने राजनीतिक विषयों पर पार्टी के लाईन की जानकारी दी। बैठक में शाखाओं की नियमित बैठक कराने, आगामी लोकल कमेटी की बैठक रंका चोरधरा शाखा में 25 दिसम्बर को करने, आगामी लोकल कमेटी की बैठक में विशेष कोष संग्रह कर जमा करने, 26 नवंबर तक बकाया राशि का भुगतान किरण कुमार द्वारा जिला सचिव के पास जमा करने, 26 नवम्बर को भुरकुण्डा शाखा कार्यालय में पार्टी सदस्यों द्वारा संविधान की रक्षा करने की शपथ लेने सहित परमेश्वर उरांव, रंका चोरधरा शाखा को स्थायी आमंत्रित लोकल कमेटी सदस्य के रूप काउंट करने आदि निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

## शारीरिक व मानसिक विकास की सीख देता है खेलकूद : प्रवीण

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रतियोगिता में दौड़ लगाते बच्चे

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा में शनिवार को सपोर्ट्स डे का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने किया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से पांच तक के प्रतिभागियों के बीच 50 मीटर दौड़, बोरा दौड़, अंधा दौड़, चम्मच दौड़, समेत विभिन्न स्पर्द्धाओं का आयोजन हुआ। जिसमें आशीष करमाली, मनन कुमार, अमन सिंह, इशांत कुमार, मनीषा कुमारी आदि ने अपने-अपने इवेंट में जीत दर्ज की। सभी विजयी प्रतिभागियों को निदेशक श्री राजगढ़िया ने पुरस्त किया। इसके अलावा प्रतियोगिता में शामिल होने वाले अन्य प्रतिभागियों को भी पुरस्कार दिया गया और उन्होंने कहा कि खेलकूद हमें मानसिक और शरीरिक रूप से फिट रखता है। साथ ही यह हमें अनुशासित रहते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की भी प्रेरणा देता है। श्री राजगढ़िया ने कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग है, इससे शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है। आयोजन को सफल बनाने में नाजिया तौहिद, शालिनी कुमारी, सीमा लकड़ा, नदीम अहमद आदि का योगदान रहा।

## खेलो झारखंड के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**गिद्दी।** राज्य परियोजना निदेशक रांची तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक हजारीबाग के आदेशानुसार डाड़ी प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में 17-18 नवंबर को दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रा.म.विद्यालय गिद्दी और मध्य विद्यालय डाड़ी में खेलो झारखंड का आयोजन गिद्दी सी स्टेडियम में खेला गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि लखनलाल महतो मुखिया डाड़ी द्वारा किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में 50 मीटर दौड़, चम्मच दौड़, बोरा दौड़, जलेबी दौड़ एक से पांच वर्ग के बच्चों के बीच तथा 6-7 के बच्चों में 100, 200,400,800,मीटर का दौड़ एवं लम्बी कूद, डिस्कस थ्रो, ऊंची कूद, कबड्डी आदि की प्रतियोगिता हुई। 50मीटर दौड़ में आदित्य सोरेन, रिया कुमारी,पियूस कुमार तथा सना परवीन प्रथम, चम्मच दौड़ -प्रथम रितेश कुमार,खुशी कुमारी, 400 मीटर दौड़ पियूस कुमार,अर्चना कुमारी विवेक कुमार आंचल कुमारी प्राप्त की। पुरूस्कार का वितरण 21 नवंबर को मुखिया लखनलाल महतो द्वारा दिया जाएगा।

## विद्यार्थियों को समय के महत्व को जानने की जरूरत है: राकेश रोशन

खबर मंत्र संवाददाता



क्विज प्रतियोगिता में शामिल बच्चे

**बरही।** हजारीबाग रोड स्थित पानी टँकी के नजदीक रोशन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में क्विज एवं खेल का आयोजन किया गया। जहां कंप्यूटर एवं कंपटीशन के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपना योगदान दिया। यह प्रतियोगिता बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। जिसमें कंप्यूटर से संबंधित क्विज प्रतियोगिता, वर्ड पासिंग, बूझो तो जाने, मटर उठाओ प्रतियोगिता एवं चम्मच-बॉल रेस शामिल थे। कंप्यूटर क्विज में चार टीमों ने भाग लिया। जिसमें टीम सैनिक, टीम अंशु, टीम नन्दनी एवं टीम सोहराब शामिल थे। क्विज दो राउंड में हुआ। पहला राउंड में दो टीमों ने क्वालीफाई किया एवं दो डिसक्वालिफाई हो गए परन्तु चारों टीमों ने अपना बेहतर योगदान दिया। दूसरे राउंड के लिए टीम सोहराब एवं टीम नन्दनी ने क्वालीफाई किया। दूसरे राउंड में टीम सोहराब ने 1 पॉइंट से बढ़त बनाकर टीम नंदिनी से विजय प्राप्त किया। बता दें कि टीम सोहराब में मो. सोहराब, मो. हसनैन, उदय पंडित, शुभम कुमार, कशिश प्रवीण, ललिता कुमारी, प्रियांशु गुप्ता, स्वीटी कुमारी एवं वैशाली कुमारी शामिल थी। जबकि टीम नन्दनी में नन्दनी साहनी, तन्नू कुमारी, अनिल यादव एवं अन्य शामिल थे।

## मुखियाओं को एक सूत्र में पिरोकर संघ को बुलंदियों तक ले जाना लक्ष्य : अभय



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड मुखिया संघ की चुनाव को ले रविवार को भदानीनगर में बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष पद पर तीन प्रत्याशी मैदान में थें। इसमें सीसीएल सौंदा पंचायत के मुखिया अभय प्रताप सिंह ने बाजी मारी। अभय प्रताप को 19, किशोर कुमार महतो को 11 व संदीप उरांव को 9 मत मिला। वहीं सचिव पद पर केके पंचायत की मुखिया, कोषाध्यक्ष पद पर सयाल दक्षिणी मुखिया जगदीश साव व सेंट्रल सौंदा मुखिया तिलेश्वर साव चुने गये। अभय प्रताप सिंह ने कहा कि सभी मुखियाओं को एक सूत्र में पिरोकर और सामंजस्य बैठाकर संघ को बुलंदियों तक ले जाना मेरा लक्ष्य होगा।

## तिलेश्वर साहू सेना की केदारुत पंचायत में कार्यसमिति गठित, प्रदीप कुमार दास बने अध्यक्ष

**बरही।** प्रखण्ड के केदारुत पंचायत में तिलेश्वर साहू सेन के तत्वाधान में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तिलेश्वर साहू सेना के केदारुत पंचायत कार्यसमिति के गठन को लेकर चर्चा हुई। बैठक में बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा, प्रकाश दास, प्रधान महासचिव विष्णुधारी महतो, प्रवक्ता छोटी राम, मीडिया प्रभारी बबलू साहु, राजू मेहता, विनय पासवान सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से तिलेश्वर साहू सेना बरही पंचायत कार्यसमिति केदारुत का गठन किया गया।

स्पीड न्यूज

## किसानों को मिला सरसो का बीज



**कैरो।** जिला कृषि विभाग सह आत्मा द्वारा राज्य बीज विनिमय एवं वितरण योजना अंतर्गत प्रत्यक्षण हेतू प्रखंड के उतका में रविवार को निशुल्क बीज वितरण किया गया। जिसके तहत प्रति किसान दो-दो किलो सरसो बीज वितरण किया गया। इस मौके पर पंचायत के उप मुखिया रवि प्रजापति ने कहा कि जहाँ एक तरफ सुखाड़ के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ऐसे में सरकार द्वारा कृषि विभाग के माध्यम से निशुल्क बीज का वितरण होने से किसानों को काफी लाभ मिलेगा। सरसो से जहाँ किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगी वहीं दूसरी तरफ सुद्ध तेल भी प्राप्त होगा जिससे स्वास्थ भी अच्छा रहेगा। मौके पर कृषक मित्र प्रतिमा देवी, सुनील साहू रामप्रसाद यादव, देवेन्द्र उरांव, मोहिद अंसारी, राजकुमार यादव, रितिका कुमारी सहित किसान मौजूद थे।

## सेवा भारती ने लगाया हेल्थ कैंप



**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर में लगातार 22 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का शुभारंभ सोनिया पोद्दार एवं अंजलि सर्राफ ने संयुक्त रूप से भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया। शिविर में 25 लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य जांच हुआ। मौके पर डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि सेवा भारती लोहरदगा के लोगों द्वारा लगातार कर रहे समाज सेवा का कार्य काफी प्रशंसनीय है।जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ व सचिव जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है।उन्होंने कहा की यह निशुल्क सेवा का कार्य 1 जून से चल रहा है। मौके पर देवानंद महतो,अंजलि सर्राफ,अतुल सर्राफ,गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता,संजय साहू,प्रभा देवी,शिमला देवी,सोनिया पोद्दार,अजय पोद्दार,सुंदरी देवी, सुबोध प्रसाद महतो,मनीष कुमार,अजय पोद्दार,विश्वनाथ प्रसाद,गोपाल प्रसाद,नंदन महाली,कृष्णा प्रसाद,सोमा कुमारी,सुंदर देवी,उदय कुमार कांस्यकार,मनोज कुमार,भीम तिवारी,अनीमा देवी,दिनेश कुमार आदि मौजूद थे।

## रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनी



लोहरदगा।रानी लक्ष्मीबाई जी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर बाल कार्य विभाग द्वारा बीआईडी बस्ती में रानी लक्ष्मीबाई जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ की गई और छोटे-छोटे बच्चियों ने झांसी की रानी रानी लक्ष्मीबाई का स्वरूप बनकर प्रस्तुती की। बच्चों ने वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई जी की वीरता का गुणगान किया एवं इसके साथ साथ सभी बच्चे- बच्चियों ने प्रतिज्ञा ली की यदि अपने धर्म , अपने देश के प्रति भारत माता की रक्षा हेतु हम सब को कभी भी रानी लक्ष्मी बनना पड़े तो तनिक भी देर नहीं करेंगे। और ईट का जवाब पत्थर से देंगे। इस कार्यक्रम का नेतृत्व नगर बाल प्रमुख सत्यम कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर रिया कुमारी ने यह बताया कि रानी लक्ष्मीबाई एक वीरांगना थी और यह भी बताया कि रानी लक्ष्मीबाई की तरह अपनी कमजोरी को ताकत बना कर वीरता के साथ लड़ना चाहिए और एक मिसाल देना चाहिए। कार्यक्रम में सचिन कुमार, आराध्या सिंह, रिया कुमारी, स्नेहलता पाठक, अनुष्का रानी, सृष्टि पांडे, पीहू कुमारी, आराध्या रानी, तनीषा तिर्की, चांदनी उरांव, अर्पिता कुमारी, विराट कुमार, तनिश कुमार, शौर्य पांडे, आदित्य तिर्की, साक्षी सिंह, हंसमुख कुमार, सिद्धि कुमारी, आव्या कुमारी, काव्या कुमारी, नव्या कुमारी, मानसी कुमारी आदि मौजूद थे।

## डॉ. संदीप कुमार 26 को गुमला में

**गुमला।** चर्म, कुष्ठ व थाईराईड रोग विशेषज्ञ डा संदीप कुमार 26 नवंबर को पालकोट रोड स्थित नीलेश मेडिकल हॉल में रोगियों की जांच करेंगे। यह जानकारी दिलीप नीलेश ने दी है।

## उर्सुलाइन की टीम अगले चक्र में

**गुमला।** संत इग्नासियुस स्ट्रोट्रफ हॉकी मैदान चल रहे परमवीर अल्बर्ट एक्का हॉकी लीग के चौंतीसवे दिन का मैच बालिका वर्ग में उर्सु लाइन स्कूल गुमला बनाम उर्सु लाइन स्कूल बसिया के बीच खेला गया। जिसमें उर्सु लाइन स्कूल गुमला की टीम 4-0 से बिजय हासिल किया और अगले चक्र में प्रवेश किया। वहीं बालक वर्ग में दलमदी हॉकी बसिया बनाम बागंरकेला बसिया के बीच होना था। लेकिन बागंरकेला की टीम ससमय उपस्थित नहीं हुए इसलिए वाक ओवर दिया गया। अगले शनिवार से सुपर लीग प्रारंभ होगा । मौके पर नोर्बट कुजूर, अमित एक्का, रोशन मिंज,चुमनु उरांव, कैप्टन लोहरा उरांव,बहुरा उरांव,अभय टोप्पो, संदीप टोप्पो,अनुप फ्रांसिस कुजूर,बिबयानी कोंगाड़ी समेत कई लोग उपस्थित थे।

# शबरी आश्रम की बच्चियां जनजातीय गौरव को दे रही हैं बढ़ावा

- शबरी आश्रम में दूर-दराज की पढ़ रहीं है बच्चियां : कमलेश उरांव
- वनवासी कल्याण केंद्र गुमला ने मनाया जनजातीय गौरव दिवस
- सरोज गुटगटिया की मदद से बने भवन का हुआ उदघाटन





खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** वनवासी कल्याण केंद्र के द्वारा रविवार को तर्री स्थित शबरी आश्रम में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक कमलेश उरांव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, सुमन सुहसरिया, सरोज गुटगुटिया, मंजू बजरिया, वनवासी कल्याण केंद्र के क्षेत्र नगर कार्य प्रमुख हिरेंद्र सिन्हा व जगन्नाथ उरांव ने की। इस अवसर पर सरोज गुटगटिया के द्वारा दिये गये मद से बने भवन का उदघाटन भी अतिथियों ने की। मौके पर पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने कहा कि शबरी आश्रम क्षेत्र में जनजातीय गौरव का प्रतीक बनता जा रहा है। शबरी आश्रम में जिले के दूर-दराज से बच्चियां आकर शिक्षा ग्रहण कर रही है। शिक्षा प्राप्त कर बच्चियां जहां नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रही है। वहीं शिक्षा प्राप्त कर बच्चियां जनजातीय गौरव को बढ़ा रही हैं।

श्री उरांव ने कहा कि वे बहुत पहले से शबरी आश्रम से जुड़े हैं और अपने विधायक काल में आश्रम के विकास के लिए फंड भी प्रदान किया। जिला भाजपा उपाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि कार्यक्रम से जनजातीय संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

टोटो स्कूल की छात्राएं व शबरी आश्रम की बहनों ने आकर्षक नृत्य की प्रस्तुती की। कार्यक्रम में सुलेखा कुमारी, पूनम लालजी, चंपा देवी, शशि रंजन अखौरी, अशोक कुमार साहु, अविनाश, अगनु उरांव, अशोक साहु, ललिता कुमारी व नरेश गुप्ता को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दिलीप नीलेश, गोपाल कुमार, पुनित लाल, दिलीप श्रीवास्तव, नरेश उरांव, पंचम सिंह, केशव साय, पवन अग्रवाल, किशोर फोगला, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन खेदु नायक ने व धन्यवाद ज्ञापन दिलीप नीलेश ने की।

# राज्य में विकास के काम ठप : डॉ उरांव

## सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है : भाजपा

खबर मन्त्र संवददाता

**गुमला।** भाजपा द्वारा आयोजित जन आक्रोश रैली के समापन कार्यक्रम को लेकर रविवार को पालकोट रोड स्थित उत्कल धर्मशाला में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की तैयारी बैठक जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में 22 नवंबर को आयोजित जन आक्रोश रैली को सफल बनाने पर चर्चा की गई। उक्त रैली में केंद्रीय मंत्री सह पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा शिरकत करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए सामूहिक वंदे मातरम गान के साथ किया गया। जिसमें मुख्य रुप से पूर्व आइजी सह भाजपा नेता डॉ अरुण उरांव, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष सहित जिला पदाधिकारी शामिल हुए।


भाजपा नेता डॉ अरूण उरांव ने कहा कि हेमंत सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। सरकार 1932 का खतियान, सरना कोड लागू ना कर नौवीं अनुसूची में भेजकर सिर्फ राज्यवासियों के साथ भावनात्मक खिलवाड़ कर रही है। आदिवासी मूलवासी को बेवकूफ बनाने का काम कर रही है। राज्य में विकास का काम व कानून व्यवस्था बिल्कुल फेल है।



22 को जनाक्रोश रैली को लेकर बैठक करते पूर्व आइजी अरुण कुमार।

आदिवासी समाज धीरे-धीरे सरकार की नौटंकी को समझ रही है। राज्य की जनता भाजपा का शासन देख चुकी है। पूरे प्रदेश में जनता हाहाकार कर रही है। राष्ट्र विरोधी कार्य ज्यादा सक्रिय हो गए हैं। बैठक का संचालन जिला महामंत्री मिशीर कुजूर ने व धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने की। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मिश्रा, जिला महामंत्री सत्यनारायण पटेल-मिसिर कुजूर, जिला उपाध्यक्ष सुजीत नंदा, प्रदीप प्रसाद,दामोदर कसेरा, निरंजन सिंह, शमीम खान, निसार खान,चितरंजन मिश्रा, आफताब आलम लाडले, गोपाल गोप,शकुंतला उरांव, भोला चौधरी,नीलम गुप्ता ,किरण कुमारी ,ज्योति कुमारी, केदार साहू ,सुमन साहू ,लक्ष्मीकांत बड़ाईक, आजाद खान ,बबलू वर्मा, सुबा एल्बम तिग्गा, सौरभ पांडे, मंगल सिंह भोक्ता, अरविंद मिश्रा, संतोष सिंह, कंचन सिंह, संजय साहू,सनोज वर्मा ,अजीत त्रिपाठी,हरि सिंह, शिव केश्वर सिंह,गोपाल प्रसाद केसरी, राधेश्याम कुशवाहा, राजेश सिंह, दिनेश सिंह, निर्मल गोयल, पारसनाथ दास,पायल तिवारी, गीता मिश्रा, बालकेश्वर सिंह,विजय शंकर दास,रविन्द्र राम उपस्थित थे।

## पालकोट सुग्रीव गुफा रोड में झुका बिजली का खंभा



**पालकोट।** पालकोट प्रखंड के दक्षिणी पंचायत स्थित सुग्रीव गुफा जाने वाला रोड में बिजली का खंभा झुकर टेड़ा हो गया है जो दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। इस रोड पर प्रतिदिन बाहर से पर्यटक आते हैं। बिजली पोल के गिरने से बड़ी दुर्घटना घट सकती है। स्थानीय लोगों ने कहा कि बिजली खंभा लगाने के दौरान कम गड्ढा किये जाने से पोल एक ओर झुकता जा रहा है। वहीं तारों के बोझ से भी पोल टेड़ा हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग से बिजली खंभें को ठीक करने की मांग की है।

# खीस्त राजा जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

## खीस्त मुक्ति दाता : फादर खोया

**गुमला।** खीस्तीय विश्वासियों द्वारा खीस्त राजा पर्व के अवसर पर रविवार को भव्य शोभायात्रा शहर में निकाली गई। शोभायात्रा संत पात्रिक मैदान से आरंभ हुआ जो शहर के मुख्य मार्गों में घूमी। शोभायात्रा के दौरान खीस्त राजा अमर रहे, खीस्त राजाओं के राजा हैं जैसे गगन भेदी नारे धर्म विश्वासी लगाते रहे। शोभायात्रा में फादर मनोहर खोया सज्जे हुए वाहन में पवित्र संक्रामेंट के साथ चल रहे थे। संक्रामेंट वाले वाहन के आगे बच्चियां फुलों की वर्षा कर रही थी। शोभायात्रा में शामिल धर्म विश्वासी प्रभु खीस्त का गुणगान करते हुए अपनी आस्था व भक्ति प्रगट की और कतार बद्ध तरीके से शोभायात्रा में प्रभु की महिमा पर गीत गाते चल रहे थे। तेरा वचन मेरे लिये प्रभु, खीस्त राजा आओ आदि गीत विश्वासी गा रहे थे। खीस्त राजा की शोभायात्रा में लोग कई आकर्षक झाकियां लेकर शामिल हुए। शोभायात्रा संत पात्रिक मैदान से आरंभ होकर सिसई रोड होते हुए टावर चौक, थाना रोड, लोहरदगा रोड, मेन रोड होते हुए संत पात्रिक मैदान में जाकर समाप्त हुआ। खीस्त राजा की जयंती के अवसर पर मसीही विश्वासियों द्वारा अपने घरों के सामने आकर्षक झाकियां बनाई गई। बच्चे-बच्चियां भी पीछे नहीं रहे और कई आकर्षक झांकी की चरिचित्रण किया। शोभायात्रा में दाउद नगर, रश्मि नगर, बेहराटोली, सरना टोली, पुगु, डुमरटोली, करमडीपा, चंपा नगर, संत इग्नासियुस, उर्सु लाईन कान्वेंट, संत अन्ना छात्रावास, लीवंस छात्रावास, संत पात्रिक स्कूल, सोसो आदि स्थानों से छात्र-छात्राएं व धर्म विश्वासी शामिल हुए। संत पात्रिक स्थित मैदान में फादर मनोहर खोया के द्वारा पवित्र खीस्तागी मिस्सा पूजा बलिदान चढ़ाया गया। मिस्सा पूजा में शामिल धर्म विश्वासियों को संबोधित करते हुए बिशप ने कहा कि खीस्त राजा मुक्ति दाता थे। खीस्त राजाओं के राजा है। उन्होंने कहा कि खीस्त मसीही विश्वासियों को जीवन जीने की राह दिखलाता है। उन्होंने कहा कि ईश्वर की महिमा के बदौलत खीस्त राजा ने हाजारों शोषितों को मुक्ति का मार्ग दिखाया। धर्म विश्वासी खीस्त राजा को अपना आदर्श मानते हुए उनके बताये मार्ग पर चले। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में खीस्त राजा को याद कर मसीही विश्वासी उन्हें नमन कर रहे हैं। मौके पर वीजी फादर सिप्रियन्न कुल्लू, फादर जेरोम एक्का, फादर अगस्तुस, सेत कुमार एक्का, विजय केरकेट्टा, सहित हजारों की संख्या में मसीही विश्वासी शामिल हुए।



## चेकडैम निर्माण से कुलकुपी व दहीदोईन गांव में श्मशान घाट के अस्तित्व पर संकट



**सिसई।** कुलकुपी और सेन्हा प्रखंड के मुरपा टेंगरिया गांव के बीच करोड़ों की लागत से बन रहे चेकडैम के कारण कुलकुपी व दहीदोईन के श्मशान घाट को खतरा बढ़ गया है। इन गांवों के सैकड़ो ग्रामीणों ने श्मशान घाट स्थल पर उत्पन्न खतरे को देखते हुए चेकडैम निर्माण का विरोध किया है। ग्रामीण हरगोविंद यादव, पहलवान सिंह, बिहारी यादव, जोगेन्द्र यादव, विगन सिंह, रामचंद्र सिंह, रतनु यादव, कृष्णा सिंह, बालेश्वर ठाकुर, अजय सिंह, जगमोहन यादव आदि ग्रामीणों का कहना है कि लघु सिंचाई विभाग लोहरदगा के द्वारा चेकडैम का निर्माण जिस जगह पर कराया जा रहा है वहां पर श्मशान घाट है। जिसमें आदिकाल से कुलपी और दहीदोईन गांव के ग्रामीण शव को जलाने का काम करते आ रहे हैं। श्मशान घाट के लिए शेड का निर्माण भी किया गया है। लेकिन वहां पर चेकडैम निर्माण होने से श्मशान घाट ही पूर्ण रूप से खत्म हो जाएगा और हम ग्रामीण ऐसा नही होने देंगे। चाहे इसके लिए सड़क पर ही उतर कर प्रशासन के खिलाफ आंदोलन ही करना क्यों ना पड़े। चेकडैम बन रहा है उसे हम ग्रामीणो को कोई आपति नहीं है। लेकिन चेकडैम का निर्माण या तो श्मशान घाट के उपर हिस्से पर किया जाए या तो फिर घाट के नीचे हिस्से में।

# नगर परिषद चुनाव को लेकर गजट जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद द्वारा नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2023 के लिए 14-लोहरदगा नगर परिषद (वर्ग ख) के लिए वार्ड पार्षद के स्थानों/ पदों के आरक्षण एवं आवंटन उपरांत जिला गजट का प्रकाशन कर दिया गया है।

जिसके अनुसार शहरी स्थानीय निकाय में जनसंख्या 57,411 है। जिसमें एसटी 14,262, एससी 2,295 और अन्य 40,854 है। लोहरदगा नगर परिषद में कुल पद -23 है। जिसमे अध्यक्ष का पद अनुसूचित जनजाति, महिला के लिए आरक्षित है। वहीं

## एसटी- 6, एससी-1 और अन्य के लिए 16 पद आरक्षित

एससी के लिए आरक्षित 01, एसटी के लिये आरक्षित 06 तथा अन्य के लिए 16 पद है।

**वार्डवार आरक्षण :** वार्ड संख्या 01 - अनारक्षित, अन्य। वार्ड संख्या 02 - अनारक्षित, महिला। वार्ड संख्या 03 - अनारक्षित, अन्य। वार्ड संख्या 04 - अनारक्षित, महिला। वार्ड संख्या 05 - अनुसूचित जनजाति, अन्य। वार्ड संख्या 06 - अनुसूचित जनजाति, अन्य। वार्ड संख्या 07 - अनारक्षित, अन्य। वार्ड संख्या 08 - अनारक्षित, अन्य। वार्ड संख्या 09 - अनारक्षित, अन्य। वार्ड संख्या 10 - अनारक्षित, अन्य। वार्ड संख्या 11 - अनारक्षित, महिला। वार्ड संख्या 12 - अनारक्षित, महिला। वार्ड संख्या 13 - अनारक्षित, अन्य। वार्ड संख्या 14 - अनारक्षित, महिला। वार्ड संख्या 15 - अनुसूचित जनजाति, महिला। वार्ड संख्या 16 - अनारक्षित, महिला। वार्ड संख्या 17 - अनारक्षित, महिला। वार्ड संख्या 18 - अनारक्षित, महिला। वार्ड संख्या 19 - अनारक्षित, अन्य। वार्ड संख्या 20 - अनुसूचित जनजाति, अन्य। वार्ड संख्या 21 - अनुसूचित जनजाति, महिला। वार्ड संख्या 22 - अनुसूचित जनजाति, महिला। वार्ड संख्या 23 - अनुसूचित जाति, अन्य के लिए आरक्षित किया गया है।

**नामांकन दाखिल कराने को लेकर अधिकारियों की सूची जारी :** नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली 2012 के नियम 25 एवं 26 के अध्यधीन प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड लोहरदगा जिला अंतर्गत नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2022-23 के निमित्त अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के निर्वाचन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा नामित किये गए निम्नांकित पदाधिकारियों को निवार्ची पदाधिकारी एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारी के रूप में पदाभिहित एवं नाम निर्दिष्ट करते हुए अधिसूचिना जारी किया गया है।

एक नजर में

## नप से बने पीसीसी सड़क व आरसीसी पुलिया का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने किया उद्घाटन



गुमला। नगर परिषद गुमला विभाग के द्वारा वार्ड नंबर 19 एवं वार्ड नंबर 22 में बने पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाली का उद्घाटन रविवार को नगर परिषद के अध्यक्ष दीप नारायण उरांव एवं उपाध्यक्ष कलीम अख्तर ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर वार्ड पार्षद नूतन रानी, संवेदक मनोज सिंह, ब्रजेश भगत सहित काफी संख्या में मुहल्ले वासी मौजूद थे।

## झारखंड नवनिर्माण दल का कन्वेंशन कल

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल गुमला का कैडर कन्वेंशन जिला मुख्यालय गुमला में 22 नवंबर होगा। कन्वेंशन में मजदूर किसानों की समस्याओं को लेकर 13 दिसंबर 2022 को रांची के राजभवन के समक्ष धरना व 28 फरवरी को रांची में झारखंड को बचाने के सवाल पर आयोजित विशाल महापंचायत की तैयारी को लेकर विशेष चर्चा के अलावा गुमला को रेल लाइन से जोड़ने गुमला -लोहरदगा के सीमांत पर अल्युमिनियम कारखाना का निर्माण कराने , जिले में फैले भ्रष्टाचार पर रोक और कई जनसमस्याओं को लेकर जन गोलबंदी तथा आंदोलन की रणनीति बनायी जाएगी ।

## उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों का थाना प्रभारी ने किया दौरा



**घाघरा।** घाघरा के थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी ने रविवार को दलबल के साथ प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती उग्रवाद प्रभावित इलाका का दौरा किया। थाना प्रभारी ने बताया कि बीमरला पिकेट के अलावे कई गांवों का दौरा कर नक्सली गतिविधि की जानकारी ली गयी। बता दें कि कोलेबिरा में घटित घटना के बाद सभी थाना के थानेदार पुलिस के जवान सतर्कता से कार्रवाई कर रहे है। इस संबंध में थानेदार अमित कुमार चौधरी ने यह भी कहा की वरीय पुलिस पदाधिकारी के द्वारा निर्देश प्राप्त हुआ है कि माओवादियों के द्वारा चलाए जा रहे माओवादी सप्ताह के दौरान पूरे क्षेत्र में सतर्कता बरतते हुए कार्रवाई करनी है। जिसके निर्मित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर मुआयना किया जा रहा है। इस दौरान बिमरला माइंस क्षेत्र में चलने वाले बॉक्साइट ट्रक, कर्मी व मजदूरों को निर्देश दिया गया है कि शाम होते ही सभी पिकेट के समक्ष वाहन लगा देंगे और अपने अपने सुरक्षित स्थान पर रहेंगे। इस मौके पर एसआई राहुल सिंह के अलावे कई पुलिस के जवान मौजूद थे।

## चैनपुर में मनायी गयी खीस्त राजा की जयंती



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में रविवार को धूमधाम से खीस्त राजा पर्व मनाया गया। चैनपुर के संत जोसेप पारिस से भव्य जुलूस निकाला गया। जिसमें समस्त कैथोलिक समुदाय के लोग प्रभु के जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। वहीं जगह-जगह पर प्रभु यीशु के जीवन पर आधारित झांकी प्रदर्शन की गई। यह जुलूस चैनपुर के मेन रोड से होते हुए थाना रोड, ब्लॉक रोड, चर्च रोड से आगे जाकर पुनः चर्च पहुंचकर समाप्त हुआ। जहां सामूहिक प्रार्थना का आयोजन हुआ। मौके पर फादर रजत एक्का ने कहा कि मुक्तिदाता ईश्वर मानव सेवा के लिए धरती पर अवतरित हुए और लोगों को प्रेम व एकता का पाठ पढ़ाया। उनका एकमात्र उद्देश्य लोगों को प्रेम व शांति का संदेश देना था। इस मौके पर मुख्य रुप से फादर राजेंद्र तिर्की, फादर इनोसेंट,फादर अजीत कुजूर सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनायें : बड़ाईक



सिसई। कांग्रेस कला संस्कृति एंव फिल्म विभाग झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष भानु प्रताप बड़ाईक और जिला अध्यक्ष रोशन बरवा ने सिसई विधानसभा के पुसो मंडल के सुरसा गांव का दौरा किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने पंचायत स्तरीय बूथ कमिटी के पदाधिकारियों से मुलाकात कर संगठन को मजबूती करने एवं भारत जोड़ो कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। मौके पर भानु प्रताप बड़ाईक ने कार्यताओ के साथ बैठक कर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रोशन बरवा,यूथ कॉंग्रेस जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष बैबूल अंसारी, विकास साहू, उप प्रमुख निलेश उरांव, सफीक अंसारी, करीम अंसारी, पप्पु होत, बुण्डो पंचायत मुखिया सोनी तिर्की, पुसो मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र लोहरा, उपाध्यक्ष रवि राम, बेलास तिर्की सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता व नेतागण उपस्थित थे।

## विकास के लिए रणनीति बनायें ग्रामीण



गुमला। गांव चलो गांव बदलो अभियान के तहत मिशन बदलाव के संयोजक जितेश मिंज, लखन गोप , विनय गोप व दुर्जय पासवान ने भरनो प्रखंड के बटकुरी आताकोरा गांव का दौरा किया। मौके पर मिशन बदलाव के सदस्यों ने ग्रामीणों से कहा कि गांव की समस्या के समाधान के लिए शुरूआती पहल गांव के ग्रामीणों के द्वारा किया जाना चाहिए। इसके लिए ग्रामीण रणनीति भी बनाये। मिशन बदलाव के सदस्य अलग अंदाज में समस्या से रूबरू होने की पहल की। पहले तो गांव वाले को बैठाकर 6 टीम में विभाजन किया। कुछ टीम को गांव की समस्या के बारे लिखने को बोला गया। कुछ टीम को गांव की समस्या के निदान के बारे में लिखने को बोला गया। इसके बाद गांव को आदर्श ग्राम के रूप में क्या क्या होना चाहिए इसके बारे रेखांकित चित्र बनाने के लिए कहा गया। सभी ग्रामीणों ने बताया कि हम सभी अगर चाह ले तो सभी कोई मिलकर गांव की समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। सभी ग्रामीणों ने आम सहमति बनाई की आदर्श गांव बनाने के लिये सभी लगातार बैठक कर प्लांनिग करेंगे।

स्पीड न्यूज

## विधायक सबिता महतो ने सड़क व चेक डैम निर्माण की रखी आधारशिला



**चांडिल।** रविवार को विधायक सविता महतो एवं जिला पार्षद पिंकी लायक में लगभग साढे चार करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 3 योजनाओं का आधारशिला रखी। इस साढें चार करोड़ कि योजना में चांडिल के रामगढ़ में सड़क निर्माण, भुईंयाडीह में चेक डैम निर्माण एवं दुबराजपुर में सड़क निर्माण का कार्य किया जाएगा। विधायक सविता महतो ने कहा यह सड़क बनने से क्षेत्र के लोगों का आवागमन शुगम होगी एवं चेक डैम निर्माण से ग्रामीणों को गर्मी के समय में पानी की किल्लत से काफी हद तक राहत मिलेगी। जिला परिषद पिंकी लायक ने कहा आने वाले समय में क्षेत्र में कई विकास के कार्य धरातल पर दिखेगी। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद ओम प्रकाश लायक, काब्लू महतो, राहुल वर्मा, मिलन तंतुबाय, संजय महतो, ष्णा महतो, संकर लायक सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जमशेदपुर महिला विवि: यूजी नामांकन के लिए एक और मौका

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में यूजी पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए कुलपति के आदेश से चांसलर पोर्टल खोल दिया गया है। इंटरमीडिएट कंपार्टमेंटल परीक्षा का परिणाम आने के बाद माननीय कुलपति प्रो.( ड.) अंजिला गुप्ता ने छात्राओं को नामांकन का एक और मौका देने का फैसला लिया है। 25 नवंबर तक छात्राएं यूजी में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल पर आवेदन कर सकती हैं। यह आखिरी अवसर होगा।

## नानक पेड़ ने आयोजित की कई प्रतियोगिताएं



**जमशेदपुर।** नानक पेड़ की 25 वी वर्षगांठ पर आज ड्राइंग देश भक्ति गायन एवं क्विज प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री अचिन्तम गुप्ता विशिष्ट अतिथि शिव शंकर सिंह पूर्वी घोष श्री पवन अग्रवाल श्री संतोष ठाकुर गुरदयाल सिंह निशान सिंह केके ओझा प्रियंका कुमारी द्वारा बच्चों को उस पुरस्कार वितरण किया गया इस मौके पर कुलबीर सिंह सुरेंद्र सिंह पुष्पेंद्र सिंह पुरुषोत्तम मिश्रा विनय जी शीला शर्मा एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे इस कार्यक्रम का संचालन देवनाथ प्रसाद रोशन लाल मारवा है मधुमिता सान्याल अमरिक सिंह एवं बलबीर सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## खुला ईजी होम टूर ट्रैवल का ऑफिस

**जमशेदपुर।** ईजी होम टूर ट्रैवल ने टेल्को चिन्मया स्कूल के पास अफिस का उद्घाटन किया गया भाजपा नेता पप्पू मिश्रा,महेश तिवारी भाजयुमो के जिला प्रवक्ता अमित सिंह भी उपस्थित हुए। ईजी होम के प्रोपराइटर दिलीप दास ने कहा कि आज हमलोग टूर ट्रैवल का अफिस टेल्को चिन्मया स्कूल के बगल में बिरसानगर जोन 1बी में अफिस खोले इसका एक उद्देश है की लोग यह पंजीत करके जाते हैं तो उन्हें वहां पर पूरी तरह से सुविधा मिलेगी।

## रोट्रेक्ट क्लब ने नेत्र जांच शिविर का किया आयोजन

**जमशेदपुर।** परियोजना ज्योति नेत्र जांच शिविर के अन्तर्गत रोट्रैक्ट क्लब अफ स्टील सिटी ने बारीडीह के मोची बस्ती में निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया।आयोजन का मुख्य उद्देश्य मोची बस्ती के लोगों का इलाज था जिसके संदर्भ में कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक सरयू राय द्वारा किया गया। बताते चलें कि, विशेषज्ञ नीरज और अब्दुल कादिर द्वारा सभी मरीजों की जांच की गई जिसका लाभ लगभग 126 लोगों ने उठाया एवं जरूरतमंदों के बीच चश्मा आदि का वितरण किया गया। साथ ही गंभीर मरीजों के लिए विस्तृत जांच की व्यवस्था मुहैया करवाया।

# जमशेदपुर रन-ए-थन में 4000 से अधिक लोगों ने लगाई दौड़

- 10 किमी दौड़ में दीपक भट्ट और अराधना बने चैम्पियन
- 7 किमी की दौड़ में शुभम सिंधु और सुनीता गुर्जर बने चैम्पियन
- 5 किमी दौ ड़ में जसवंत सरोज और श्रुति शर्मा बने चैम्पियन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



10 किमी की दौड़ में प्रतिभागियों के साथ दौ ड़ते टाटा स्टील के सीइओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन।



10 किमी महिला की विजेताएं टीवी नरेंद्रन, रुचि नरेंद्रन और चाणक्य चौधरी के साथ।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील की मेजबानी में जमशेदपुर रन-ए-थन-2022 का सातवां संस्करण आज गाड़ी टाटा स्पोर्ट्स कंपक्स में आयोजित किया गया। 10 किलोमीटर की दौड़ को टाटा स्टील के एमडी एवं सीईओ टीवी नरेंद्रन,उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रुचि नरेंद्रन और टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट सीएस चाणक्य चौधरी ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस बार 10 किलोमीटर और 7 किलोमीटर के लिए आयु सीमा 19 वर्ष और उससे अधिक थी । 5 किलोमीटर श्रेणी में 16 से 19 वर्ष की आयु के बच्चों और वयस्कों के लिए आयोजित किया गया। 10 किलोमीटर की दौड़ इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन द्वारा रोड रेस के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत दूरी है। जमशेदपुर रन-ए-थन 2022 का आयोजन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में पेशेवर और डोमिन विशेषज्ञों के सक्षम सहयोग के साथ किया गया।

इस बार 10 किलोमीटर की दौड़ में प्रथम स्थान दीपक भट्ट ने प्राप्त किया और उन्हें इनाम के रूप में 51000 रुपये का चेक और ट्रॉफी सौंपी गई। दूसरे स्थान पर सुनील कुमार रहे जिन्हें 41000 रु. का चेक और ट्रफी प्रदान की गई जबकि तीसरे स्थान पर अरशद अली को रु. 31000 का चेक और ट्रॉ फी प्रदान की गई । महिला संवर्ग में 10 किलोमीटर की दौड़ में प्रथम स्थान पर आराधना सिंह रहीं जिन्हें रु. 51000 का चेक और ट्रॉफी प्रदान की गई जबकि दूसरे स्थान पर प्रिंसी रही जिन्हें 41000 रु. का चेक व ट्रॉफी सौंपा गया जबकि तीसरा स्थान पर आई ज्योति को एक 31000 का चेक और ट्रॉफी मिली। 7 किलोमीटर की दौड़ में प्रथम स्थान पर पुरुष संवर्ग में शुभम सिंधु रहे जिन्हें बतौर इनाम रु 25000 का चेक और ट्रॉफी सौंपी गई जबकि दूसरे स्थान पर अरविंद आए जिन्हें 20000 का चेक व ट्रॉफी और महेंद्र पाल मौर्य तीसरे स्थान पर है जिन्हें 15000 का चेक और ट्रफी सौंपी गई। 7 किलोमीटर महिला संवर्ग में प्रथम स्थान पर विनीता गुर्जर रहीं जिन्हें रू. 25000 का चेक और ट्रॉफी सौंपा गया जबकि दूसरा स्थान पर संध्या यादव रहीं जिन्हें रु. 20000 का चेक और ट्रॉफी और तीसरे स्थान पर संध्या मुर्मू रही जिन्हें रु. 15000 का चेक और ट्रॉफी सौंपी गई। जमशेदपुर रामधन के उद्घाटन समारोह में टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट अवनीश गुप्ता, वीपी टीवी सुंदर रामम, वीपी एचआरएम अत्रेई सान्याल, पीइओ प्रभात कुमार,जमशेदपुर कंटीन्यूअस एनीलिंग एंड प्रोसेसिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के एमडी उज्जवल चक्रवर्ती और टाटा वर्कर्स यूनियन के महासचिव सतीश कुमार सिंह के अलावा जमशेदपुर के एसपी प्रभात कुमार भी उपस्थित थे।

# लोगों का विश्वास ही टाटा की पूंजी : भास्कर भट्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



### बिना नैतिकता के चलने वाली कंपनी बर्बाद हो जाती है : नरेंद्रन

जेआरडी टाटा व्याख्यान में सभी को संबोधित करते हुए टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन ने कहा कि एक्सएलआरआइ ने हमेशा नैतिकता को अपनाने पर बल दिया है.ताकि देश व दुनिया को बेहतर बिजनेस लीडर दे सकें। उन्होंने कहा कि छात्रों के लिए नैतिकता के महत्व को समझना और महत्व देना महत्वपूर्ण है। बिना नैतिकता के कोई भी कंपनी लंबा नहीं चल सकता। कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कई उदाहरण देखने को मिले हैं जिसमें अनएथिकल कार्य करने वाली कंपनियां किस प्रकार से बर्बाद हो गयी।

### राजनीतिक पार्टियों को भी पूरी पारदर्शिता से देती है चंदा

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के एक सवाल का जवाब देते हुए भास्कर भट ने कहा कि टाटा ग्रुप राजनीतिक पार्टियों को चंदा देने में भी पारदर्शिता बरतती है। चेक के माध्यम से चंदा दी जाती है। वहीं, टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन ने कहा कि टाटा ग्रुप में एक इलेक्टोरल फंड होता है। जिसके जरिये सभी राजनीतिक पार्टियों को चंदा दिया जाता है। टाटा ट्रस्ट के सौजन्य से टाटा ग्रुप की विभिन्न कंपनियां इसमें अंशदान करती है। जीती गयी सीट के हिसाब से राजनीति दलों को चंदा दिया जाता है।

### टाटा है मोस्ट ट्रस्टेड ब्रांड

भास्कर भट ने एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से टाटा ग्रुप के एथिक्स को दर्शाया। इस दौरान उन्होंने बताया कि टाटा के एक कर्मचारी द्वारा किये गये एक शोध के अनुसार सबसे ट्रस्टेड ब्रांड टाटा है। क्रमवार टाटा, इंफोसिस, एलआईसी, रिलायंस, एयरटेल, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, विप्रो, महिंद्रा, एचसीएल शामिल हैं।

**जमशेदपुर।** गत शनिवार 19 नवंबर की शाम एक्सएलआरआइ में जेआरडी टाटा व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में टाटा एसआइए ( विस्तारा ) के चेयरमैन सह टाटा संस के डायरेक्टर भास्कर भट जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन मौजूद थे। दोनों ने एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जर्ज, जेआरडी टाटा सेंटर फर बिजनेस एथिक्स के चेयरमैन फादर कुरुविला पांडिकुट्टू व डीन एकेडमिक्स प्रो.संजय पात्रो के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस दौरान भास्कर भट ने देश के भावी मैनेजरों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राहकों व लोगों का विश्वास ही टाटा की सबसे बड़ी पूंजी है। यह विश्वास व भरोसा एक दिन में नही बनी है। कंपनी के बड़े अधिकारियों से लेकर अंतिम पायदान के कर्मचारियों ने पूरी लगन, निष्ठा, ईमानदारी व नैतिक मूल्यों के साथ अनवरत कार्य किया। टाटा ग्रुप के 9,35000 कर्मचारी दुनिया के अलग-अलग करीब 100 देशों व 6 महाद्वीपों में कार्य कर रहे हैं। उनकी बदौलत ही टाटा ग्रुप को लगातार सातवां साल दुनिया की सबसे एथिकल कंपनी घोषित की गयी है।

उन्होंने कहा ईमानदारी और नैतिकता मेरे लिए एक शब्द है, दो शब्द नहीं. छात्रों के सवालों का जवाब देते हुए भास्कर भट ने टीसीएस में कम पैकेज के सवाल पर कहा कि हम नौकरियां लेने में नहीं बल्कि उसे बनाए रखने में विश्वास रखते हैं. यही हमारी नैतिकता है। ट्विटर व अन्य मल्टीनेशनल कंपनियों पर भारत में हो रहे मुकदमे के सवाल पर उन्होंने कहा कि कोई भी कंपनी अगर भारत में कार्य कर रही है तो उन्हें भारत सरकार के नियमों का पालन करने का आह्वान किया।

एक नजर में

## भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में संथाली साहित्य के योगदान पर सेमिनार संपन्न



**जमशेदपुर।** आज सांसतिक मंत्रालय साहित्य अकादमी नई दिल्ली, जाहेर थान कमिटी तथा लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कलेज, जमशेदपुर का संयुक्त तत्वधान में एल बी एस एम कलेज, करनडीह में ''भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में संताली साहित्य के योगदान'' पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। इस समारोह में मुख्य अतिथि वयोवृद्ध संताली लेखक सी आर माझी ने समारोह का उदघाटन किया। उदघाटन समारोह का अध्यक्षता जाहेर थान कमिटी के सचिव श्री रबिन्द्र नाथ मुर्मू ने किया, साहित्य अकादमी कोलकाता के क्षेत्रीय सचिव डा.देवेन्द्र कुमार 'देवेश' ने स्वागत अविभाषाण दिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में डा.अशोक कुमार झा 'अविचल', समारोह में परिचय वक्तव्य साहित्य अकादमी के संताली के संयोजक श्री मदन मोहन सोरेन ने परिचय वक्तव्य दिया, संताली के नामचीन लेखक श्री सोभानाथ बेसरा मुख्य वक्तव्य दिया। मुख्य अतिथि सी आर माझी ने अपना वक्तव्य में कहा कि ई जे मान द्वारा लिखित अंग्रेजी पुस्तक ''संताली एण्ड संताल'' का जिक्र करते हुए कहा कि इस पुस्तक में सिर्फ सिदो-कान्हू का ही जिक्र है लेकिन उनके भाई चाँद, भैरव उनके बहन फूलो एवं झानो का कोई जिक्र नहीं है जो अपूर्ण है।

## मानगो में नगर निगम चुनाव के विरोध में मशाल जुलूस निकाला गया



**जमशेदपुर।** मानगो नगर निगम चुनाव के विरोध मे संयुक्त ग्राम सभा संघर्ष समिति की ओर बाबा तिलका माझी चौक डिमना में विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संविधान के 74वें संशोधन अनुच्छेद 243 फ1 के अनुसार परिवर्तनीय शहरी क्षेत्र के अंतर्गत मानगो नगर निगम का गठन किया गया है।इसका मुख्य आधार 2006 में शहरी क्षेत्र ( मार्ग निर्देशिका निर्धारण) नीति बनाए गए जो पूर्वी सिंहभूम के 5वीं अनुसूची क्षेत्र के कानून को नजरअंदाज करते हुए झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 जागरण थोपा गया।मानगो नगर निगम चुनाव को संविधान सम्मत और न्याय पूर्ण तरीका से लागू करने के लिए झारखंड पंचायत राज अधिनियम 2011 के अनुरूप होनी चाहिए थी। वक्ताओं ने कहा झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 सामान्य क्षेत्र के लिए है। अनुसूचित क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण संशोधन की जरूरत है।

## मायुमं सुरभि शाखा के शिविर में 82 लोगों ने करायी स्वास्थ्य जांच



**जमशेदपुर।** रविवार की सुबह मारवाड़ी युवा मंच स्अील सिटी सुरभि शाखा द्वारा गोलमुरी पार्क में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच डी-क्लब (डायबिटिक क्लब) का आयोजन किया गया। जिसमें 82 लोगों की रक्तचाप, मधुमेह एवं वजन की जांच की गई। शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी ने बताया कि हर बीमारियों का जड़ मोटापा, रक्तचाप एवं मधुमेह है। अगर हम समय रहते इन तीन चीजों को नियंत्रण में कर लें तो हमें बड़ी बीमारियों का खतरा कम रहेगा। इसी उद्देश्य के साथ शाखा इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है और आगे भी करती रहेगी।

## कबीर मेमोरियल उर्दू स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जमशेदपुर।** कबीर मेमोरियल उर्दु उच्च विद्यालय, जाकिरनगर, जमशेदपुर में छात्रध्छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु एक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया । इसकी अध्यक्षता श्री सय्यद शमीम अहमद मदनी ने किया ।संचालन श्री मोहम्मद जमालुद्दीन सशिक्षक ने किया । कार्यक्रम का आरंभ तिलावते कुरआन से हुआ। छात्र के द्वारा हम्द, नात एवं स्वागत गान प्रस्तुत किए गए। मनतशा परवीन तथा मोहम्मद शहबाज ने भाषन प्रस्तुत किए। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के उन छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दे कर उत्साहवर्धन किया गया जिन्हां ने विद्यालय के बाहर आयोजित होने वाले प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त की । विद्यालय के छात्र मोहम्मद रहीम ने 49 जवाहरलाल नेहरु विज्ञान प्रदर्शनीय में राज्य स्तरीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। अरमान एन सीसी के छात्र को फायरिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर पुरस्त किया गया । इसके अतिरिक्त अल हेरा लाइब्रेरी, तहरीके पैगामे इस्लामी, समाज बचाव इत्यादी संस्थाओं के द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में सफल होने वाले छात्रध छात्राओं को भी पुरस्कार दे कर उत्साहवर्धन किया गया ।

## राज्य सरकार के खिलाफ 25 को डीसी ऑफिस घेरेगी भाजपा



तैयारी बैठक में भाग लेते संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी व अन्य भाजपाई।

**जमशेदपुर।** राज्य में हेमंत सरकार के उदासीनता, वादाखिलाफी और विफलता पर भाजपा हमलावर हो गयी है। हेमंत सरकार के खिलाफ प्रखंड कार्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन के बाद भाजपा जमशेदपुर महानगर सरकार को जिला स्तर पर घेरने की तैयारी की है। झारखंड भाजपा द्वारा निर्देशित आगामी 25 नवंबर को उपायुक्त कार्यालय पर होने वाले जनाक्रोश प्रदर्शन को लेकर रविवार भाजपा जमशेदपुर महानगर की बैठक बिस्टुपुर स्थित चौम्बर ऑफ कमर्स के भालोटिया सभागार में सम्पन्न हुई। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बिहार-झारखंड के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, प्रदेश मंत्री सह जिला के प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू, पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार समेत प्रदेश पदाधिकारी, जिप उपाध्यक्ष एवं जिप सदस्य, जिला पदाधिकारी, मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षगण के अलावे विभिन्न मोर्चा के जिला अध्यक्ष शामिल हुए।

इस दौरान उपायुक्त कार्यालय पर होने वाले जनाक्रोश प्रदर्शन की सफलता और हेमंत सोरेन सरकार को घेरने को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने बीते दिनों महानगर अंतर्गत चारों प्रखंड कार्यालय पर हुए आक्रोश प्रदर्शन की जानकारी दी।

## महिलाओं को एकजुट कर उन्हें मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया है आजसू ने : सहिस

अखिल झारखंड महिला संघ की जिला अध्यक्ष बनी बुल्लू रानी सिंह सरदार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** रविवार को दोपहर 12 बजे से मंगल सिंह अखाड़ा कदमा में अखिल झारखंड महिला संघ जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा की महिला सशक्तिकरण और मजबूतिकरण के लिए देश में योजनाये है जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, माताओं के लिए मातृत्व सहयोग योजना , साक्षर बनने के लिए बेटी कस्तूरबा गांधी साक्षर योजना, घर में काम करने के लिए उज्ज्वला योजना, प्रशिक्षण और रोजगार योजना जैसे कई योजनाएं देश में है लेकिन वर्तमान की राज्य सरकार में महिलाओ के साथ महिला उत्पीड़न और शोषण किया जा रहा है और सरकार मौन है। अधिकार और हक तो दूर उनके साथ दुर्व्यहार करने में झारखंड प्रदेश अव्वल हो गया है। महिलाओ के असली हक और उनका अधिकार दिलाने के लिए आजसू पार्टी त संकल्पित है क्योंकि पार्टी के सुप्रीमो श्री सुदेश कुमार महतो ने प्रथम बार सरकार में मंत्री बने तो महिलाओ के प्रति पंचायत चुनाव से लेकर त्रिपक्षीय चुनाव में महिलाओ को भागीदारी सुनिश्चित करने का सतत्त प्रयास किया और उस वक्त राज्य में महिला संजीवनी योजना के तहत प्रत्येक वार्ड में प्रत्येक पंचायत में महिला समूह का निर्माण कर महिलाओ को राजनीति में उनका अधिकार दिलाने का प्रयास किया है और आगे भी निरंतर आगे बढ़ते रहना है ।

सम्मेलन में प्रो रविशंकर मौर्या ने कहा की इस राज्य में आजसू पार्टी ने महिला सशक्तिकरण हेतु महिला समूह का निर्माण कर मातृशक्ति को सम्मान दे कर महिलाओ के प्रति राजनीति में एक अवसर देने का काम किया है ताकि राज्य के सेविका दीदी सहायिका दीदी रोजगार से जुड़े इस के लिए महिला सब को एकजुट कर पार्टी ने चूल्हा प्रमुख बना कर उनके हक और अधिकार को दिलाने का कार्य किया है । आजसू पार्टी राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर भी महिलाओ को 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आंदोलनरत है।

## 30 नवंबर से सरयू राय गली-गली,मोहल्ला-मोहल्ला नापेंगे, जनता से लेंगे हालचाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



कार्यकर्ता मिलन समारोह के उद्घाटन समारोह में उपस्थित विधायक सरयू राय।

**जमशेदुपर।** भाजमो के संस्थापक और जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय ने 30 नवंबर से 20 दिसंबर तक अपने विधानसभा क्षेत्र के हर गली-मोहल्ले में जनता से सीधी पहुंच बनाने के उद्देश्य से महत्वकांक्षी योजना तैयार की है। इस जन संपर्क अभियान के तहत वे विधायक कोटे से हो रहे विकास कार्यों का न सिर्फ खुद जायजा लेंगे बल्कि जनता से सीधा संपर्क कर उनकी आकांक्षा भी जानेंगे। वास्तव में सरयू राय का यह जन संपर्क अभियान उनकी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनतंत्र मोर्चा यानी भाजमो में नयी जान फूंकने के लिए है जो कातिपय कारणों से अब तक पूरे विधानसभा क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ने में बहुत प्रभावी साबित नहीं हुई है।

सरयू राय ने आज बारीडीह पार्टी कार्यालय के बगल में स्थित मैदान में विधानसभा कार्यकर्ता मिलन समारोह के दौरान माहव्यापी जनसंपर्क अभियान की घोषणा की। विधायक सरयू राय ने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा की अल्प सूचना में आयोजित इस कार्यक्रम में अनुमान से अधिक संख्या में कार्यकर्ता आज उपस्थित हुए हैं यह कार्यकर्ताओं की निष्ठा को दर्शाता है जो हमारे साथ सक्रिय हैं और जो पूर्व में चुनाव के दौरान हमारे साथ सक्रिय थे सभी को एकत्रित करने और तीन वर्ष बीत जाने के उपरांत वर्तमान में संगठन की वास्तविक स्थिति पर समीक्षा करने और संगठन को निचले स्तर तक सशक्त बनाने के लिए आगे की योजना के लिए विचार विमर्श करने के उद्देश्य से यह समारोह का आयोजन किया गया है।

# गरीबों की आवाज,आन-बान और शान हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी : सांसद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



सांसद कार्यालय का उद्घाटन करते विद्युतवरण महतो और वरिष्ठ कार्यकर्ता।

**जमशेदपुर।** सांसद विद्युत वरण महतो ने आज बहारागोड़ा के डाक बंगला के पास सांसद कार्यालय का उद्घाटन किया । इस अवसर पर एक विशाल रैली वीणापानी स्टेडियम,बहारागोड़ा से निकाली गई । यह रैली डाक बंगला मैदान में जाकर समाप्त हुई । यहां पर उन्होंने एक विशाल जनसभा को इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा केंद्र में सत्तासीन नरेंद्र मोदी की सरकार एकमात्र लक्ष्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपनों को साकार करना है । आजादी के बाद पहली बार किसी सरकार ने गरीब के लिए शौचालय, मकान और इलाज के लिए आयुष्मान भारत जैसी योजना लेकर आई है ।

सांसद ने कहा कि यह सरकार गरीबों के आंसू पोछने के लिए बनी है। वहीं दूसरी ओर राज्य में जनता को गुमराह करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार लोगों को ठगने में लगी हुई है। एक और सरकार कहती है वह द्वार द्वार जा रही है वहीं दूसरी ओर ऋण वसूली सहित अन्य बकाया को लेकर पुलिस जनता के घर-घर जाकर उस पर मुकदमा दायर कर रही है ।

उन्होंने जनता को आगाह किया भारतीय जनता पार्टी ही उनकी सही शुभचिंतक है और भारतीय जनता पार्टी ने ही झारखंड राज्य का गठन किया है ।इस देश को महामहिम द्रौपदी मुर्मू जैसा राष्ट्रपति भी दिया है ।

उन्होंने कहा कि चूंकि जमशेदपुर आने जाने में बहरागोड़ा क्षेत्र की जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने इस कार्यालय का शुभारंभ किया है और वे यहां पर नियमित रूप से आया जाया करेंगे और उनकी समस्याओं का हरसंभव समाधान करने का प्रयास करेंगे।

सभा को इन्होंने भी किया संबोधितः- सभा को भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सरोज कुमार महापात्र, दिनेश साव, परमेश्वर हेंब्रम, आशुतोष मिश्रा समेत अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

# 4800 घनफीट बालू जब्त, मोरम खनन के भी मिले प्रमाण

## बालू खनन, भंडारण एवं परिवहन को लेकर अज्ञात संलिप्त व्यक्तियों पर लातेहार थाना में दर्ज करवायी प्राथमिकी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** अवैध बालू खनन,भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने रविवार को जवाहर नवोदय विद्यालय चटनाही औरंगा नदी,बारियातू औरंगा नदी का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अवैध रूप से 4800 घनफूट भंडारित बालू को जप्त किया एवं अज्ञात संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ लातेहार थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने पाया कि बैरियर लगा हुआ है एवं बालू भंडारित कर परिवहन किया जा रहा है, जिस पर उन्होंने अविलंब कार्रवायी करते हुए बैरियर को किया सील कर दिया एवं टैच काट रास्ते को को भी बंद कर दिया।

जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया रविवार को अवैध बालू खनन,परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम को लेकर औरंगा नदी चटनाही एवं बारियातू खलासा जवाहर नवोदय विद्यालय औरंगा नदी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सड़क के बाई ओर बैरियर लगा हुआ है कच्चे रास्ते से अवैध बालू का खनन कर भंडारित एवं परिवहन किया जा रहा है। जिस पर उन्होंनें अविलंब कार्रवाई करते हुए बैरियर को सील कर दिया एवं टैच काट कर रास्ते को बंद कर दिया।


निरीक्षण करते डीएमओ

वहीं निरीक्षण के क्रम में चटनाही जवाहर नवोदय विद्यालय के रास्ते में दो स्थलों पर एक हजार एवं 48 सौ घनपफुट बालू का अवैध खनन कर भंडारित किया गया है जिसे अविलंब जप्त कर लिया गया वही जवाहर नवोदय विद्यालय बाउडीबॉल के पास स्थल पर मोरम खनिज अवैध रूप से उत्खनन एवं परिवहन किए जाने के भी प्रमाण मिले, इसके उपरांत निरीक्षण के दौरान बारियातू खालासा जवाहर नवोदय विद्यालय सड़क के किनारे आर्यन उरांव के घर के समपी लगभग 1500 घनफुट एवं 2000 घनफुट भंडारित बालू पाया जिसके बाद जेम्स पोर्टल पर जांच की गयी तो खनन विभाग के द्वारा स्थल पर किसी प्रकार के लाइसेंस निर्गत नहीं किया गया है, जिसके बाद जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा बालू को जप्त कर लिया गया एवं अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण करने वाले अज्ञात संलिप्त व्यक्तियों पर लातेहार थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी।

जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि बालू के अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन करने वालों को चिहिंत किया जा रहा है। इस कार्य में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान होते ही जेल भेजा जाएगा।

**एक नजर में**

## नगर पंचायत के सभी उन्नीस बूथों का पर्यवेक्षकों ने किया निरीक्षण


बूथ का निरीक्षण करते हुए पर्यवेक्षक

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत के सभी उन्नीस बूथों का निरीक्षण करते हुए पर्यवेक्षक अतुल कुमार एवं फदीनंद लकड़ा ने बताया की सभी बूथों में बीएलओ पुरा दिन रह कर प्रपत्र छह नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र सात नाम हटाने के लिए प्रपत्र आठ नाम सुधार के लिए फॉर्म सिक्स बी आधार को जोड़ने समेत कई कार्य किया गया। ज्ञात हो की अब वर्ष में चार तिथि फॉर्म भरने का निर्धारण चुनाव आयोग द्वारा कर दिया गया है।

## बस व चेचिस वाहन में टक्कर

**चंदवा।** एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा के इंदिरा गांधी चौक पर रविवार की शाम सिंहवाहिनी यात्री बस व चेचिस वाहन के बीच जोरदार टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में बस का दाएं साइट का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

## धूमधाम से मनाया गया खीस्त राजा पर्व, लगा मीना बाजार



खीस्त राजा पर्व के मौके पर मौजूद लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** काथोलिक चर्च चंदवा में रविवार को खीस्त राजा पर्व धूमधाम में साथ मनाया गया। सर्वप्रथम फादर फादर संजय गिद्ध की अगुवाई में मिस्सा पूजा अनुष्ठान कराया गया। जिसमें फादर मानुवेल केरकेट्टा, फादर जोसेफ एक्का, फादर अल्फोंस, फादर वासिल डिंगडुंग ने उनका साथ दिया। मिस्सा अनुष्ठान के बाद भव्य शुभा यात्रा निकाली गई जो संत अन्ना कॉन्वेंट गेट से निकलकर मेन रोड होते खीस्त राजा मैदान पहुंची जहां पवित्र सक्रामेंत की अराधना की गयी। मौके पर संदेश देते हुये फादर संजय, फादर एमानुएल केरकेट्टा व जोसेफ एक्का ने प्रभु येशु के बताये मात्र का अनुशरण कर जीवन में आगे बढ़ने की बात कही। इन्होने कहा कि खीस्त हमारा का सम्पूर्ण जीवन गरीबो के लिए समर्पित था। हम सभी को उनके द्वारा बताए गए सच्चाई व अच्छाई के मार्ग को अनुसरण करना चाहिए।

मीना बाजार का हुआ आयोजन

इधर पवित्र सक्रामेंत में आराधना के उपरांत विद्यालय के बच्चों के द्वारा मीना बाजार का आयोजन किया गया। जहां विद्यालय के बच्चों के द्वारा एक के बढ़कर एक लजीज व्यंजन परोसा गया ज जिसका लुत्फ अभिभावकों एवं मीना बाजार में आये लोगो ने उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में काथोलिक सभा के सुमन सुनील सोरेंग, विनय खलखो, कुलदीप लकड़ा, मारकुस गुड़िया, धवल कुजूर, राजेश लकड़ा, प्रमोद कुजूर, महिला सभ की फूलजेंसिया बेक, सुचिता टोपनो, मनिषा, सुशिला सोरेन, सुनिता कुजूर, बिंदू सोरीन समेत खीस्तीय विश्वासियों ने अहम भूमिका निभाई।

### मुस्लिम, हिंदू सरना भाइयों ने सभी के लिए पानी और नाश्ता की व्यवस्था की

# खीस्त राजा त्योहार को लेकर इसाई समुदाय ने निकाली शोभायात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** 20 नवम्बर दिन रविवार को डाल्टनगंज धर्मप्रांता के संत जोसेफ चर्च महुआड़ाड में सभी बिश्वाश्यों ने बिशप थियोडोर के साथ मिल कर खीस्त राजा पर्व मनाया।

प्रातः 9:00 बजे मिस्सा पूजा द्वारा पर्व की शुरूआत किया गया। मिस्सा के मुख्य अनुष्ठाता डाल्टनगंज के बिशप थियोडोर रहे। बिशप ने लोगों को अपने संदेश में राजा खीस्त की महानता को बताया। उन्होंने कहा कि हम जिस राजा को मानते हैं वे राजा संसारिक राजाओं से भिन्न हैं। हम उस राजा के मार्ग पर चलते हैं जिसने राजा होते हुए भी सबका सेवक बना।


शोभा यात्रा निकालते इसाई समुदाय के लोग

बिशप ने तीन बिंदुओं पर अपनी विचार व्यक्त किया। मिस्सा के अंत में खीस्त राजा पर्व पर शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमे महुआड़ाड पल्ली, साले, गोठगांव, चीरोपाठ, पकरीपाठ, चेतमा, टुंटोली, दौना और गारू पालियों से विश्वासियों ने भाग लिया। इस शोभा यात्रा में 10 हजार से अधिक ईसाइयों ने भाग लिया जहा। पूरे शोभा यात्रा में हिंदू, मुस्लिम और सरना भाइयों ने ईसाई समुदाई को साथ दिया। उन्होंने रास्ते में जगह जगह पर पानी बिस्कुट दिया। पूरे शोभा यात्रा में लोगों का विश्वास और भाईचारा देखने को मिला। लोगों ने मिल कर इंसानियत का परिचय दिया। अंत में पुनः सोभा यात्रा संत जोसेफ मैदान में एकत्र हुई जहां बिशप थियोडोर ने सभी को धन्यवाद दिया। इस मौके पर बिशप थियोडोर के साथ सभी 9 पल्ली के लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

इस अवसर पर फादर सुरेश किड़ो, साथ दिलीप एक्का, फादर सुमन सहित अन्य कई फादर और सिस्टर के साथ उप प्रमुख अभय मिंज, विनोद टोप्पो,आदिवासी जाग्रति मंच के सदस्यों इस सफल बनाने में अपना योगदान दिया इस खीस्त पर्व में मेला का आयोजन किया गया था। वहीं एसडीओ नीत निखिल सुरीन, डीएसपी राजेश कुजूर नेतृत्व विधि व्यवस्था की देखरेख हो रही थी प्रशासन द्वारा शोभायात्रा में हर संभव मदद किया गया।

## ऑनलाइन सेंटर खुलने से लोगों को होगी सहूलियत: दीलू लोहरा


फीता काटकर उद्घाटन करते एसडीपीओ व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत अंतर्गत कुटमु चौक के समीप रविवार को शिवांगी ऑनलाइन सेंटर का उद्घाटन बरवाडीह एसडीपीओ दीलू लोहरा, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, जिला परिषद सदस्य संतोषी कुमारी, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, मुखिया मंजू देवी सदानंद पाठक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा ने कहा कि क्षेत्र में ऑनलाइन सेंटर खुलना खुशी की बात है एवं लोगों को अपने कार्य निष्पादन करने में सहूलियत होगी।

वहीं प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि टेक्नोलॉजी के समय में सभी कार्य लगभग ऑनलाइन ही हो रहा है, ऐसे में प्रतिष्ठान का खुलना क्षेत्र के विकास की बात है।

## सीजेन्टा इंडिया प्रालि. ने फसल प्रदर्शनी का किया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** सीजेन्टा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा चंदवा प्रखण्ड के जीलिंग में फसल प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां किसान बिंदेश्वर गंझू के खेत मे लगे सीजेन्टा का एस 4003 धान का फसल प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में जिलिंग व बोरसीदाग गांव के दर्जनों किसान व सैकड़ो लोग मौजूद थे। जिन्हें कम्पनी के क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव कुमार सिंह व फील्ड ऑफिसर देवसुंदर यादव ने बताया कि सीजेन्टा का एस 4003 धान 2 नम्बर जमीन के लिए उपयुक्त और बेहतरीन धान है, जो कम समय मे ही ज्यादा उपज देती है, जिससे किसानों को काफी लाभ होता है। इस दौरान किसानों को धान की बीमारी के बारे में बताया गया। साथ ही साथ एनके कंपनी के मक्का के बारे में भी जानकारी दी गयी।


फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अंकित कुमार

### ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री व ग्रामीण विकास मंत्री कार्यालय रांची पहुंचकर सौंपा आवेदन

# डूबकुलवा नदी में पुल निर्माण की मांग


झारखंड मंत्रालय

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के फूलसु पंचायत के मंजूवाखाड़ के ग्रामीणों ने डूबकुलवा नदी में पुल निर्माण करवाने के लिए झारखण्ड के मुख्यमंत्री व ग्रामीण विकास मंत्री कार्यालय रांची पहुंचकर दो सौ से भी अधिक ग्रामीणों की हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौपा। आवेदन सौंपने गए ग्रामीण कुलदीप गंझु, सुरेंद्र गंझु, अनिल गंझु, अजित गंझु, राजा गंझु ने आवेदन मे बताया है की मंजुवाखाड़ से नवादा जाने वाली सड़क के बीच डूबकुलवा नदी पड़ता है। उक्त नदी मे सालो भर पानी रहता है। पुल मे नदी नहीं होने के कारण आसपास के दर्जनों गाँव के ग्रामीणों को बरसात मे आने जाने मे काफी कठिनाई होती है। वर्तमान मे 19 सितम्बर 2022 को मंजुवाखाड़ निवासी नरेश गंझु व हेंठार निवासी सबूर गंझु दो व्यक्ति नदी पार कर रहे थे की उसी दौरान अचानक तेज पानी की बाढ़ मे बह गए। राहत कार्य बचाव मे बहुत मसक्कत के बाद शव बरामद की गई थी। डूबकुलवा नदी मे पुल नहीं होने के कारण पिछले कई वर्षों से अनगिनत बैल, बकरी सहित अन्य पशु बह गए हैं। जिससे क्षेत्र के गरीब किसानों को आर्थिक क्षति होते रहता है। वर्तमान मे घटित घटना से प्रभावित होने के बाद सम्बंधित ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के अभियंता व प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा डूबकुलवा नदी मे पुल निर्माण सम्बंधित मापी की गई थी। परन्तु निष्कर्ष शून्य निकला। साथ ही बताया की डूबकुलवा नदी असंख्य गाँवो के ग्रामीणों को जोड़ते हुए अंतर्राज्य सड़क को जोड़ती है। जिसमे आवागमन अधिक होती है। पुल नहीं रहने से आए दिन नदी मे लोग बहते रहते हैं जिससे कई घरों का सहारा व साया उजड़ चूका है। ग्रामीणों ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व ग्रामीण विकास मंत्री से नदी मे पुल निर्माण करवाने का आग्रह किया है।

## ट्रांसफार्मर जलने के कारण चार माह से अंधेरे में डूबा है केकराही ग्राम


जानकारी देते ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत केकराही ग्राम में 16 केवीए के ट्रांसफार्मर विगत लगभग 4 माह पूर्व जल गया। ट्रांसफार्मर के जल जाने के बाद से ही केकराही गांव के दर्जनों परिवार के सैकड़ो लोगो को ढिबरी युग मे जीवन व्यतीत करना पड़ रहा है।

बच्चो की पढ़ाई, कृषि व कई जरूरी कार्य भी प्रभावित हो गया। रविवार को पंचायत की पंचायत समिति सदस्य लाछो देवी गांव पहुंची व ग्रामीणों से मुलाकात कर समस्या को जाना। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि मामले को लेकर 3 माह पहले बिजली विभाग लातेहार को आवेदन दिए थे, लेकिन अभी तक बिजली विभाग की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

जिसका कारण वर्तमान समय मे सबसे अहम जरूरत बन गयी बिजली की सुविधा से हम सभी महरूम हो गए है।

समस्या सुनने के बाद पंसस लाछो देवी ने उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा को भी मामले से अवगत कराया, प्रमुख ने विभाग के अधिकारियों से समस्या को लेकर बात की और नया ट्रांसफार्मर लगाने की बात कही। माल्हन पंचायत पंचायत समिति लाछो देवी व ग्रामीणों ने उपायुक्त भोर सिंह यादव से ट्रांसफार्मर लगवाने की गुहार लगाई है।

## महिला का शव नदी से किया गया बरामद

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत लुहुर नदी से पुलिस ने एक अधेड़ महिला का शव बरामद किया है। फिलहाल घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस महिला की हत्या या आत्महत्या समेत अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है। मृत महिला की पहचान पैरा निवासी पनपतिया देवी 55 वर्ष के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बरवाडीह थाना क्षेत्र के लुहुर स्थित नदी में एक महिला का शव देखकर गांव में यह बात आग की तरह फैल गई। जिसके बाद इस बात की सूचना बरवाडीह थाना को दी गई।

## संदीप पर गोली चलाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**लातेहार।** बीते 11 नवंबर को शहर के रेलवे स्टेशन रोड में संदीप यादव नामक एक युवक के उपर जान से मारने की नियत से गोली चलायी गयी थी.हालांकि इस हमले में वह बाल -बाल बच गया था। पुलिस ने इस गोली चालन की घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## जेजेएमपी के उग्रवादियों ने जुआरियों के साथ की मारपीट व दस लाख की लूट

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जेजेएमपी उग्रवादियों ने शुक्रवार की शाम सदर थाना क्षेत्र के गोवा गांव में जुआरियों के साथ जमकर मारपीट कर उनके पास से लगभग दस लाख रुपए लूट लिए। हालांकि इस दौरान कई जुआरी भागने में सफल रहे। मिली जानकारी के अनुसार गोवा गांव के समीप प्रति दिन की तरह बड़े पैमाने पर जुआ का खेल चल रहा था। इसकी भनक जेजेएमपी उग्रवादियों को लगी और उन्होंने मौके का फायदा उठाकर सभी जुआरियों को घेरने का प्रयास किया। इस दौरान कुछ जुआरी पकड़े गए और उसके पास से मारपीट कर गहना, बाईक समेत नगद रुपये लूटपाट की गई। वहीं कई जुआरी मौके के फायदा उठाते हुए फरार हो गए।

इस संबंध में सदर थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि पुलिस को मामले की सूचना मिलते ही गांव पहुंचकर मामले की जांच की गई है। इस गांव में जुआरियों के साथ लूटपाट की घटना हुई है। मौके पर पुलिस भेजी गई थी। पुलिस के पहुँचने तक सभी फरार हो गए थे। अभी किसी के द्वारा मामला दर्ज नहीं कराया गया है। इस बात को लेकर गांव से लेकर शहर तक चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## अवैध कोयला लदा ट्रक धराया

**बालूमाथ।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ पुलिस ने एक अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया की शनिवार देर रात लातेहार एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर उनके निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया और बालूमाथ थाना क्षेत्र के गणेशपुर ग्राम के पास छापेमारी कर अवैध कोयला लदा ट्रक जेएच01 सीजे 7129 को पकड़ा गया। वही छापेमारी दल में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद,अमरवाडीह पिकेट प्रभारी प्रेम कुमार सहित शस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### मनिका प्रखंड की कई पंचायतों में 16 करोड़ रुपये की योजनाओं का स्थानीय विधायक ने किया शिलान्यास

# सड़क के निर्माण से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का विकास होगा: रामचंद्र सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में दिन रविवार को स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने 16 करोड़ रुपए की योजनाओं का फीता काटकर व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। जिसमें 31 लाख रूपए की योजना विधायक कोटे की थी। योजनाओं में पीसीसी पथ निर्माण, कालीकरण पथ निर्माण, पुल निर्माण, इत्यादि शामिल है। जिसमें बंदुआ, बरवैया, पांकी, कुरुंद, हेसातु समेत अन्य गांवों को जोड़ने वाली बंदुआ मुख्य पथ भी शामिल है। सड़क निर्माण का कार्य ठेकेदार मुमताज खान के द्वारा पूरा किया जाएगा। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के विकास के लिए कार्य तेजी से की जा रही है। सड़क के निर्माण होने से यहां के लोगों को आवागमन के लिए काफी सुविधा मिलेगी और सड़क दुर्घटना जैसी घटना कम होगी। सड़क के निर्माण से क्षेत्र में विकास का कार्य आसान होगा। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा कि बंदुआ मुख्य पथ निर्माण के लिए काफी दिनों पूर्व से ग्रामीणों द्वारा मांग की जा रही थी। इस सड़क की स्थिति वर्तमान में इतनी दयनीय है कि लगातार सड़क दुर्घटना जैसी घटना होती रहती है। सड़क निर्माण हो जाने से लोगों को सुविधा मिलेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव ने कहा कि स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के प्रयास से आज बंदुआ मुख्य पथ निर्माण का शिलान्यास किया गया। क्षेत्र के विकास के लिए स्थानीय विधायक हमेशा तत्पर हैं। आगे भी लोगों के हित में विकास का कार्य जारी रहेगा। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, सुरेंद्र भारती,बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, वरिष्ठ नेता कामेश्वर प्रसाद यादव, ठेकेदार मुमताज खान, बंदुआ पंचायत की मुखिया अनीता देवी, मुखिया पति भरदुल सिंह, तस्लीम अंसारी, अंजू यादव, समौधी यादव, गुलाम हुसैन, साबिर अंसारी, सरवर अंसारी, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश कुमार यादव, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।


योजनाओं का शिलान्यास करते विधायक व अन्य

## मनिका प्रखंड के पचफेड़ी चौक के पास सैलून दुकान में लगी आग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड अंतर्गत स्थित पचफेड़ी चौक के समीप सैलून दुकान में रविवार की सुबह शॉर्ट सर्किट की वजह से अचानक आग लग गई। जिसके कारण दुकान में रखे हजारों की संपत्ति जलकर बर्बाद हो गए। घटना की जानकारी देते हुए सलून दुकान संचालक उमेश ठाकुर ने बताया कि दुकान में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी है जिसमें हमारा काफी नुकसान हो गया है। वहीं घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची दमकल वाहन की टीम के द्वारा आग पर काबू पाया गया। मौके पर मनिका पुलिस प्रशासन भी घटनास्थल पर पहुंचकर घटना के कारण जानने का प्रयास कर रहे थे।


शॉर्ट सर्किट की वजह से जली हुई दुकान

स्पीड न्यूज

## घर का ताला तोड़ छह लाख के गहने और नगदी की चोरी

**कतरास।** अंगार पथरा ओपी क्षेत्र अंतर्गत सीआइएसएफ कैम्प के बगल में शौकत खान के घर में संध्या के समय चोरों ने लगभग 6लाख के गहने और 70000 हजार रूपया नगद चुरा लिया। बता दें कि मोहम्मद खान अपने पत्नी के साथ अंगार पथरा बस्ती में एक विवाह कार्यक्रम में गए थे। जहां पत्नी को पहुंचा कर स्वयं तेतुलमारी चले गए थे। करीब 1घंटा के बाद पुनः पत्नी के साथ घर लौटे तो देखा कि घर के दरवाजे में लगे ताला टूटा है ,घर में समान बिखरा पड़ा हुआ है, और सौकेज का ताला तोड़ा हुआ है । सौकेज में रखे सोना चांदी के जेवरात गायब है। वही दूसरे सौकेज का भी लॉक तोड़ कर 70000 हजार रूपया चोरों द्वारा चुरा लिया ।अंगार पथरा पुलिस पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है । आवेदक द्वारा लिखित शिकायत नहीं दिया गया है।

## बीआईटी के अल्युमिनी मीट में 120 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

**सिन्दरी ।** बीआईटी सिंदरी में अलुमनी मिट के अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को एनएसएस बीआईटी सिंदरी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निदेशक डॉ डी के सिंह ने रक्तदान का महत्व बताते हुए बच्चों का प्रोत्साहन बढाया। मौके पर एनएसएस बीआईटी सिंदरी के प्रोफेसर इन्चार्ज प्रोफेसर रघुनंदन ने भी रक्तदान में बच्चों का मनोबल बढाया। बीआईटी सिंदरी के जनरल वॉडन प्रोफेसर आर के वर्मा एवं सभी छात्रों ने पूरे मन से भाग लिया व 120 यूनिट से अधिक रक्त एकत्रित कर सफलतापूर्वक कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर 2019 के एनएसएस बीआईटी सिंदरी के सदस्य राजहंस राज, सागर, सानु, अमित, अंजली, खुशी, हर्षित, धिरज, योगेश, नदिम, सिवनंदन व 2020 के सदस्य मौजुद थे।

## डिक्की से माल टपाने वाले दो गिरफ्तार

**बोकारो।** बाइक की डिक्की तोड़कर खोलकर सामान व माल टपाने वाले दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दुगदा थाना प्रभारी कन्हैया राम ने बताया है कि उड़ीसा के निवासी ये दोनों अपराधी फुसरो क्षेत्र के राजबेड़ा ढोरी में किराये पर रहते हैं। दुगदा बाजार के मुद्रा.संग्रहकर्ता की डिक्की तोड़कर उसमें रखे दो लाख रूपया टपा चुके ये शातिर पुलिसिया अनुसन्धान के क्रम में पुलिस के हत्थे चढ़ गए। इनके पास से पंद्रह हजार रूपयाए वारदात में प्रयुक्त एक बाइक और लोहे का औजार बरामद हुआ है।

## श्याम बाबा का अखंड ज्योत श्री श्याम मंदिर में प्रतिस्थापित

**झरिया ।** राजस्थान स्थित खाटू धाम से आगरा बनारस होते हुए सड़क मार्ग से बाबा श्याम का अखंड ज्योत झरिया धाम श्री श्याम मंदिर में प्रतिस्थापित किया गया। शनिवार 19 नवंबर को गोविंदपुर से बाबा श्याम भक्तों की विशाल शोभायात्रा भ्रमण करती झरिया धाम पहुंची। सुबह से ही श्याम भक्तों का उत्साह देखने को मिल रहा था। वही आज देर शाम भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह झरिया स्थित श्याम मंदिर पहुंची जहा उन्होंने श्याम प्रभु की विधिवत पूजा अर्चना कर परिवार एवं समस्त कोयलांचल वासियों के लिए आशीर्वाद मांगा तत्पश्चात वहा भजन कीर्तन में सम्मिलित हुई जहा कलाकारों के द्वारा श्री श्याम भजन प्रस्तुत किया गया।

## भाजपा का 23 नवंबर को बोकारो में होगा जन आक्रोश प्रदर्शन

**बोकारो।** झारखण्ड सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचारए ध्वस्त कानून व्यवस्थाएठप विकासए तुष्टीकरण एवं स्थानीय जन समस्याओं को लेकर प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आगामी 23 नवंबर को जिला मुख्यालय पर बोकारो जिला भाजपा के तत्वावधान में आहूत जन आक्रोश प्रदर्शन की तैयारी के लिए बोकारो के सभी मंडल अध्यक्ष, प्रखंड मंडल प्रभारी, जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ की बैठक हुई।

# चार माह से नहीं मिला पानी ग्रामीणों ने की सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/गोमिया।** पानी की समस्या को लेकर गोमिया प्रखंड के होसिर लरैयाटांड के ग्रामीणों ने गोमिया पेटरवार मुख्य सड़क को जाम कर दिया। यह जाम लगभग एक घंटे तक रही। जाम के कारण गोमिया पेटरवार मुख्य सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 4 माह से उन्हें पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है। वह लगातार पेयजल एवं आपूर्ति विभाग और वॉटसन समिति के पदाधिकारी और जलसहिया से संपर्क कर पेयजल आपूर्ति की मांग करते रहे हैंए लेकिन इसके बाद भी उन्हें पानी नहीं मिल रही थी। रविवार को विवश होकर गोमिया मुख्य सड़क के होसिर पुल पर सभी ग्रामीण महिलाए पुरुष और बच्चे बैठ गएए और बांस का बैरियर लगा दियाए जिसके कारण मुख्य सड़क जाम हो गई। एक घंटे सड़क जाम के कारण सैकड़ों गाड़ी की लंबी कतार लग गई। सड़क जाम की जानकारी मिलते ही गोमिया थाना के थाना प्रभारी राजेश रंजन सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी दल बल के साथ जाम स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों से बात की। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को समझा.बुझाकर सड़क जाम को हटाया। लेकिन ग्रामीणों ने कहा कि यदि पंद्रह दिन के अंदर उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सभी प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित कर सड़क जाम किया जाएगा। थाना प्रभारी ने उन्हें समझाया कि पानी की समस्या के निजात के लिए स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी से मिलकर बात करें वहीं से ही समाधान होगा। सड़क जाम करने से आवागमन बाधित होती है और जरूरी काम करने के लिए जा रहे लोगों को परेशानी होती है। सड़क जाम करना कानून का उल्लंघन है।

## चिरकुंडा नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर आरजेडी का महाधरना

**चिरकुंडा।** जन–जागरण अभियान यात्रा के तहत चिरकुंडा नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर आरजेडी द्वारा चिरकुंडा शहिद चौक के समिप महाधरना का आयोजन किया गया। धरना को संबोधित करते हुए राजद समर्थित नगर अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी सुनिता सिंह ने कहा कि नगर परिषद में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है यह क्षेत्र को देखने पर ही महसुस हो रहा है। क्षेत्र के तीन चौक चौराहे का सौंदर्यकरण शहीद चौक ,नेहरू रोड चौक व अम्बेदकर चौक में एक करोड़ में तीनो चौक का सौंदर्यीकरण किया गया केवल नाम मात्र का वहीं शहीद चौक में सुंदरीकरण के नाम पर शहीदों के सर से छत तक को छीन लिया गया।जरूरतमंद लाभुकों को सही रूप से प्रधानमंत्री आवास तक नहीं मिला होल्डिंग टैक्स तो बढ़ा दी गई है पर जन सुविधा नदारद है मुख्य सड़क वार्डों में नाला की निकासी नहीं होने से सड़क पर गंदा पानी बहता है सिंह ने कहा है कि मॉडल शौचालय के नाम पर जमकर हुई है लूट मॉडल शौचालय के स्थानों का सही चयन नहीं किया गया और शौचालय का निर्माण कर दिया गया जिससे कि एक शौचालय को अंततः तोड़ना पड़ा। स्टेडियम के नाम पर सरकारी भूमि का सौदा किया गया 10 सालों में विकास कार्यों में केवल करोड़ों का घोटाला हुआ जिसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग भी उन्होंने सरकार से की। मौके पर सुनीता सिंह के अलावे बिट्टू मिश्रा, हरेराम यादव,उपेंद्र यादव, मक्केश्वर यादव,भीम साहब, संतोष यादव,नौशाद खान आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### मेयर पद पर जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उभरकर सामने आई सुमन महतो



**धनबाद।** झारखंड के पूर्व मंत्री व वर्तमान टुंडी विधायक मथुरा महतो का पुत्र वधू सुमन महतो का हौसला बुलंद दिख रहा है। धनबाद नगर निगम चुनाव में मेयर पद पर जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उभरकर सामने आई है। सुमन महतो को धनबाद नगर निगम क्षेत्र से अपार समर्थन मिल रहा है मातृ शक्ति के रूप में मेयर प्रत्याशी श्रीमती महतो को क्षेत्र की जनता ने ठाना है धनबाद नगर निगम क्षेत्र से मेयर बनाना है। मौके पर विकाश महतो, राजन महतो ,राजेश महतो, धीरज रवानी, सोनू पांडे, दीपक साव, लखेंदर महतो, पनालाल महतो, नारायण महतो, विवेक प्रमाणिक, बब्लू महतो, किशोर महत , मोहित महतो, बिंद्यनाथ चटर्जी आदि लोग मौजूद थे।

### लायंस क्लब ऑफ कतरास ने लगाया चिकित्सा कैंप





**कतरास।** रविवार को लायंस क्लब ऑफ कतरास के द्वारा कतरास आकाशकिनारी काली मंदिर के प्रांगण में निशुल्क ब्लड प्रेशर ब्लड शुगर जांच एवं निशुल्क दवा वितरण का कैंप आयोजित किया गया। जिसमें करीब 156 मरीज लाभान्वित हुए। तथा स्क्रीनिंग के दौरान कई नए शुगर एवं ब्लड प्रेशर के मरीज चिन्हित हुए। कार्यक्रम लायंस क्लब कतरास के अध्यक्ष डॉक्टर उमाशंकर के निर्देशन में हुआ तथा इस कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ कतरास के प्रतीक मिश्रा,सौरव सिंह,विवेक सिंह,कृष्ण कन्हैया राय,विवेक सिन्हा, विभूति सिंह, विष्णु प्रसाद चौरसिया,मधुमाला,डॉक्टर स्वतंत्र कुमार विवेक सिन्हा अचिंरो कुमार बोस ,राजकुमार प्रसाद,सुरेश रजक, आगंतुक अतिथि के रूप में जीतू कुमार दसौंधी,पंकज कुमार सिन्हा , लायंस क्लब बाघमारा सेंटेनियल के लायन सुनील कुमार सिंह,तथा लायंस बबलू मिश्रा जी तथा कई अन्य सक्रिय भूमिका में मौजूद थे।

## मील का पत्थर साबित होगा झारखंड समृद्धि ट्रस्टः सुनीता

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत सचिवालय में रविवार को झारखंड समृद्धि ट्रस्ट द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि बोकारो जिला परिषद अध्यक्षा सुनीता देवी विशिष्ट अतिथि समाजसेवी चितरंजन साव पंचायत की मुखिया पार्वती देवीए धन आरोग्य योजना के स्टेट हैड रिजवान अंसारीए जिला सुपरवाइजर देवेन्द्र कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। समारोह के उपरांत ट्र्स्ट के अध्यक्ष विजय कुमारए सचिव रंजीत कुमार एवं कोषाध्यक्ष सरिता कुमारी के नेतृत्व में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को बुक्के देकर व शोल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने जीप अध्यक्ष सुनीता देवी एवं विशिष्ट अतिथि पार्वती देवी ने ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं सदस्योंको धन्यवाद देते हुए कहा कि किसानों के हित मे क्षेत्र में इस तरह के कार्यक्रम होने से किसानों को हर तरफ से लाभ होगा। कहा की आने वाले समय मे झारखंड समृद्धि ट्रस्ट मिल का पत्थर साबित होगा। स्टेट हैड रिजवान अंसारी एवं जिला सुपरवाइजर देवेन्द्र कुमार ने भी अपने सम्बोधन में किसान धन आरोग्य योजनासे किसानों को मिलने वाले लाभ के संबंध में बताया।

## कसमारः हाथियों के पहुंचने से ग्रामीण परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र के पोंडा पंचायत के ठाकुरपोंडा में 45 की संख्या में हाथियों का झुंड पहुंचने से गांव व आसपास में अफरातफरी मच गयी।यह झुंड सुरजुडीह से सटे धान खेत में रात भर धान की फसलों को खाकर अहले सुबह ठाकुर पोंडा पहुंच गया। ठाकुर पोंडा में पलास के जंगल व झाड़ियों में सभी हाथी छिपकर बैठ गए। कई बार तो हाथियों ने ग्रामीणों को खदेड़ा भी। इधर हाथियों के झुंड की खबर मिलने के बाद से ही वन विभाग के अधिकारीए कर्मियों व हाथी भगाओ दल के कार्यकर्ता ठाकुर पोंडा पहुंचे और हाथियों को खदेड़ना शुरू किया। समाचार लिखे जाने तक टीम ने मशालए पटाखा व गाजे बाजे की मदद से पोंडा बस्ती के नीचे की ओर ले जा रहे थे। टीम के सदस्यों ने बताया कि जल्द ही सभी हाथियों को जंगल में सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया जाएगा। इधर कसमार थाना क्षेत्र में हाथियों के झुंड आ धमकने की खबर के बाद कसमार पुलिस भी सक्रिय हो गयी थी। पुलिस हाथियों की चहलकदमी के अनुसार सभी को गांव में अलर्ट कर सभी को घर पर ही रहने की अपील कर रहे थे।

### बीआईटी सिन्दरी में प्रयास इंडिया की दो छात्राओं का चयन



**सिन्दरी।** बीआईटी सिन्दरी के छात्रों द्वारा संचालित सामाजिक व गैर सरकारी शैक्षणिक संस्था प्रयास इंडिया की दो छात्राओं ने जेई मेंस परीक्षा में अद्भुत प्रदर्शन कर परिवार सहित प्रयास इंडिया का नाम रौशन किया है। दो छात्राओं सपना कुमारी रवानी ने सीएमएल रैंक 196 प्राप्त कर बीआईटी सिन्दरी में विद्युत अभियंत्रण व संजना कुमारी ने सीएमएल रैंक 809 प्राप्त कर रसायनिक अभियंत्रण में जगह बनाई है। नि:शुल्क शिक्षा की जागृत संस्था प्रयास इंडिया की इस सफलता की चहुंओर प्रशंसा की जा रही है। प्रयास इंडिया परिवार ने छात्र छात्राओं के सफलता के लिए सभी कर्मठ स्वयंसेवकों, बच्चों के अभिभावकों तथा संस्था के सहयोगियों को बधाई देते हुए उक्त छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि इसके पीछे सभी स्वयंसेवकों का सफल योगदान है।

# तेनुघाट जेल में जागरूकता शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** माननीय सर्वोच्च न्यायालयए झारखंड उच न्यायालय एव प्रधान जिला जज बोकारो रंजना अस्थाना के निर्देश पर तेनुघाट जेल में जेल अदालत सह कानूनी जागरुकता शिविर का आयोजन तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम विशाल गौरव की अध्यक्षता मे हुई। जिसमे एक बन्दी अर्जुन साव उर्फ टार्जन साव के बंदी आवेदन पर सुनवाई करते हुए उसके सजा की अवधि के पूरे हो जाने के बाद जेल से रिहा किया गया। बताते चलें टार्जन साव के विरुद्ध आईएल थाना में चोरी का मामला वर्ष 2013 में दर्ज कराया गया था। जिसके बाद वह अभी तक लगभग 6 महीने 20 दिन तक जेल में रहा। उस आधार पर एसीजेएम विशाल गौरव की अदालत से जेल की अवधि पूरा हो जाने के बाद टार्जन साव को रिहा किया। वही जेल में बंदियों को जागरूकता शिविर में ऐसीजेएम विशाल गौरव के द्वारा कानूनी की जानकारियां देते हुए बताया कि आप जेल में जो कसूर पर आए हुए हैं वह या तो आवेश में हो गया है या फिर आपने गलतफहमी से यह काम किया है। इसलिए आप जेल में रहकर खुद उस पर विचार करते हुए सुधार कर अपने आप को जेल से बाहर निकाले। जिससे आपके घर एवं परिवार भी आपसे खुश रहे। अधिवक्ता रितेश जयसवाल ने भी बंदिओं को कानून की जानकारियां दी।

## करमा गांव में कुड़मालि भाखिचारि आखड़ा के लोगों ने लिया दृढ़ संकल्प

**बोकारो/कसमार।** कुड़मी जाति के विलुप्त एवं मिटती जा रही भाषा, संस्कृति, धर्म एवं जन्म, विवाह व मृत्यु के नेग नियम को पुनः स्थापित करने की सख्त जरूरत है। तभी कुडमी जाति का पहचान व अस्तित्व बचेगा । उक्त बातें कुड़मालि भाखिचारि आखड़ा ;केबीसीएद्ध के अध्यक्ष तरनि बानुहड़ ने कही। वे कसमार प्रखंड के करमा गांव में आयोजित कुडमालि भाखिचारी जागरन जडुआहि में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। मानगर बानूहड़.ने कहा कि कुड़मी जाति का विस्तार क्षेत्र पूरब में पश्चिम बंगाल के बांकुड़ाए मेदनीपुर व पुरूलिया से पश्चिम में छतिसगढ़ के सरगुजा तक एवं उत्तर में गिरिडीह से लेकर दक्षिण में उड़िसा के क्योंझरए मयूरभंज तक फैले हैं। कुड़मी जाति विशुद्ध रूप से जलए जंगलए जमीन के उपासक रहें हैं।कालांतर में इस क्षेत्र के कुछ संभ्रांत कुड़मी महतो लोग वैदिक धर्म वालों के संपर्क में आये और फूल.प्राणए सहिया.मिता जोड़ लिये। परिणाम स्वरूप आज कुडमी जाति की अस्तित्व व पहचान मिटने लगी है। जिसे आज पुनः स्थापित कर अपनी गौरवशाली परंपरा को बनाये रखने की जरूरत है।इस अवसर पर पूर्व विधायक अर्जून राम महतोए डॉ त्रिलोचन महतोए डॉ नंदकिशोर बानुआरए दीपक पुनरिआरए प्रो पांडव पुनरिआरए बैजनाथ केरिआरए झूमर सम्राट भोलानाथ महतोए झूमर कवि गोविंद हस्तुआरए नरहरि मुतरूआरए आदि मौजूद थे।

### करगली में कोयला श्रमिक संघ का अधिवेशन

बेरमो ।अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ और अखिल झारखंड श्रमिक संघ का अधिवेशन महिला मंडल कारगली में केन्द्रीय अध्यक्ष रोशन लाल चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। झारखंड के सभी जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता अधिवेशन मे शामिल हुए।मौके पर मुख्य अतिथि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतोए सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी आदि मौजूद थे।

## बीएसएल में प्रेरणा बिजनेस एवं मैनेजमेंट क्विज का समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के एचआरडी सेंटर में प्रेरणा बिजनेस एवं मैनेजमेंट क्विज. 2022 दो सत्रों में आयोजित किया गया। अधिकारियों के क्विज के प्रथम सत्र में ईडी;प्रोजेक्टद्ध चितरंजन महापात्रा बतौर मुख्य अतिथि व सीजीएम;एचआरडीद्ध मनीष जलोटा सहित 23 टीमों के सदस्य उपस्थित थे। क्विज कम्पीटीशन में प्रथम स्थान पर वरीय प्रबंधक;एसआईजीएसद्ध आनंद राज एवं एजीएम ;जीयूद्ध एस डब्लु किसपोट्टाए द्वितीय स्थान पर प्रबंधक;ईआरएसद्ध शुभम वर्मा एवं प्रबंधक ;एचएसएमद्ध आर आर पंडा तथा तृतीय स्थान पर एजीएम ;आरएमपीद्ध फजल महमूद एवं एजीएम ;कॉन्ट्रैक्ट सेलद्ध आर के गुप्ता की टीम रही तथा क्विज मास्टर के रूप में जीएम ;एचआरडीद्ध सुश्री नीता बा का अहम् रोल रहा।दुसरे सत्र में कर्मियों की 21 टीमें भाग ली जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सीजीएम प्रभारी ;टीएसद्ध बी एस पोपली रहे।इसमें प्रथम स्थान पर ओसीटी ;डीएनडब्ल्यूद्ध के दुर्गा प्रसाद तथा नयन चक्रवर्ती रहे।

## दुगार्पुर में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के दुगार्पुर पंचायत के दुगार्पुर मैदान में एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबाल टूनार्मेंट का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मुखिया अमरलाल महतो ने किया। उद्घाटन मैच कुंदा पंचायत एवं धवैया पंचायत की टीम के बीच खेला गया। फाइल मुकाबले में मारंग मुरूंग क्लव मेढ़ा एंव एस एस क्लब तितयतरिया के बीच खेला गया। जिसमें एस एस क्लब तितयतरिया की टीम विजय हासिल की। मुखिया अमरलाल महतो ने कहा कि ग्रामीण खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए पंचायत स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबाल प्रतियोगिता यहां कराई जा रही है। इस प्रतियोगिता में दुगार्पुर पंचायत की कई टीम भाग ले रही है। मौके पर धनंजय महतो सहायक अध्यापकए मिथिलेश कुमार महतोए रंजीत कुमार महतोए निर्णायक अवधेश कुमार सोरेनए बृजु सोरेनएसमरेश सोरेनएअजय सोरेनए प्रदीप कुमार सोरेनए जीतलाल मुर्मू आदि शामिल थे।

# ईदगाह मैदान में 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह

## कार्यक्रम में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता



**केंदुआ।** ख्वाजा गरीब नवाज फाउंडेशन की ओर से केंदुआ 4 नंबर ईदगाह मैदान में 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह ( इजतेमाई निकाह )कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता उपस्थित हुए। उन्होंने ख्वाजा गरीब नवाज फाउंडेशन को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह का सामूहिक विवाह का आयोजन समाज के लिए एक नेक कार्य है। फाउंडेशन ने समाज में एक अच्छा संदेश देने का काम किया है। इस तरह के सामूहिक विवाह सभी जाति धर्म के लोगो को करना चाहिए और कहा कि समाज के बड़े लोगो को,पूंजीपतियों को एवं समाज के समृद्ध लोगों को एक नजीर पेश करनी चाहिए कि हम लोग ना दहेज लेंगे और ना देंगे, और फिजूलखर्ची से बचेंगे, और सभी बच्चे बच्चियों को एक समान देखेंगे। ख्वाजा गरीब नवाज फाउंडेशन के फाउंडर गुलाम ख्वाजा ने बताया कि फाउंडेशन सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन कराती है। फाउंडेशन की ओर से सभी 21 जोडो को घर गिरस्ती के सामान दीवान पलंग, अलमीरा, फ्रिज, सिलाई मशीन, बक्सा, टेबल कुर्सी, मिक्सर, पंखा, पूरा बर्तन सेट देकर विदाई दी गई।

### कार्यक्रम में थे शामिल

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी, पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, शाहिद कमर,शाहिदा कमर, मुख्तार अहमद, जूली बाजी, रुस्तम अंसारी, शमशेर आलम,निसार अहमद,जयप्रकाश चौहान, बिट्टू सिंह,राम गोपाल भुवानिया,अवधेश पासवान, श्रीराम चौरसिया,संजय जयसवाल,जुबेर खान गुड्डू खान,कयूम खान.इस सामूहिक विवाह समारोह को सफल बनाने में ख्वाजा गरीब नवाज फाउंडेशन के अध्यक्ष हाजी गुलाम ख्वाजा,समाजसेवी मनव्वर हुसैन,केंदुआ 4 नं. सदर मो. कलाम,डॉ. रिजवान, गुलाम अहमद रजा उर्फ राजन, मुमताज आलम, कलामुद्दीन, मो. निजाम, मिस्टर, शमशाद, बदरुद्दीन, वकार आदि मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### फायरिंग में चार ...

क्राइम ब्रांच ने भी मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

**कैसे हुई घटना :** जानकारी के अनुसार कोयला चोरी रोकने के क्रम में ये मुठभेड़ हुई। कोयला चोरों ने जवान पर पथराव किया। उनके वाहन क्षतिग्रस्त कर दिये। क्विक रिस्पांस टीम मौके पर पहुंची तो धंधेबाजों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। कोयला चोरों ने जवानों को घेर लिया। सीआइएसएफ ने बयान जारी कर कहा है कि कोयला चोरी रोकने के दौरान हुई मुठभेड़ में जवानों से राइफल छीनने की कोशिश की गयी। अंततः गोली चलानी चलानी पड़ी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गयी। दो अन्य घायल हैं। सभी असामाजिक तत्व के थे। घटना कि सूचना मिलने पर बाघमारा, बरोरा,कतरास की पुलिस भी मौके पर पहुची। घायलों में दो युवक और सीआइएसएफ के दो जवान शामिल हैं। बादल रवानी और रमेश रविदास नामक शख्स को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया है।

**छावनी बना केंद्रीय अस्पताल :** घायल दोनों जवान को इलाज के लिए धनबाद स्थित केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके नाम पिंटू कुमार और दिनेश कुमार है। जवानों के भर्ती होने के कारण पूरा अस्पताल परिसर छावनी में तब्दील हो गया है।

### 80 स्कूलों में नये ...

सीबीएसइ से सरकार ने मांगा एफलिएशन : स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के लिए चयनित राज्य के 80 स्कूलों के लिए राज्य सरकार ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से एफलिएशन मांगा है। सीबीएसइ से एफलिएशन मिलेत ही इन स्कूलों में सीबीएसइ के तर्ज पर पढ़ाई शुरू कर दी जायेगी। सरकार की ओर से भेजे गये आवेदन में कहा गया है कि सीबीएसइ की कैटेगरी में शामिल होने वाले स्कूलों में वह सारी सुविधाएं उपलब्ध करा दी गयी हैं, जो एक सीबीएसइ स्कूल को चाहिए। सरकार की ओर से सीबीएसइ को बताया गया है कि स्कूलों में लैब लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, स्मार्ट हॉल के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करा दी गयी हैं।

### वैशाली में ट्रक ...

स्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रक का ड्राइवर शराब के नशे में था। हादसे की सूचना पर हाजीपुर सदर अस्पताल से शव वाहन और एंबुलेंस को रवाना कर दिया गया है। सदर अस्पताल में डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ को अलर्ट कर दिया गया है। घटना के बाद मौके पर शव बिखरे पड़े रहे। मृतकों में ज्यादातर बच्चे हैं। घटनास्थल पर परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है। अपने बच्चे का शव देखकर रोने बिलख रहे हैं।

# गगनयान मिशन के पैराशूट एयरड्रॉप का परीक्षण सफल

एजेंसी

**परीक्षण की सफलता ने देश के इंसान को अंतरिक्ष में भेजने के पहले गगनयान को मिला बल**

चेन्नई । भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र (इसरो) ने गगनयान मिशन के क्रू मॉडयूल की सुरक्षित लैंडिंग के लिए इंटीग्रेटेड मेन पैराशूट एयरड्रॉप टेस्ट( आईमैट) का सफल परीक्षण कर लिया है।

विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र जहां गगनयान को लेकर कई गतिविधियां हो रहीं हैं। इसी केंद्र ने उत्तर प्रदेश के झांसी जिले की बबीना फील्ड फायरिंग रेंज में शुक्रवार को यह सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण की सफलता ने देश के इंसान को अंतरिक्ष में भेजने के पहले मिशन गगनयान को बहुत बल मिला है।

इस टेस्ट में पैराशूट की ताकत और क्षमता का परीक्षण किया जा रहा था ताकि भविष्य में गगनयान के क्रू मॉड्यूल की लैंडिंग के समय दिक्कत न हो। इस टेस्ट में क्रू मॉड्यूल के भार के बराबर पांच टन का भार को हवो में 2. 5 किलोमीटर ऊपर ले जाकर वायुसेना के विमान आईएल-76 से गिराया गया। दो छोटे पायरो बेस्ड मोरटार आधारित पायलट पैराशूट और इसके बाद मेन पैराशूटखुला। मेन पैराशूट के खुलने से भार की जमीन की ओर गिरने की रफ्तार कम हुई और दो से तीन मिनट में भार सुरक्षित जमीन पर उतर गया।

क्रू मॉड्यूल इसरो और डीआरडीओ के सम्मिलित प्रयास से बनाया गया है। देश के गगनयान मिशन की सफलता में देश की प्रमुख एजेंसियां इसरो, डीआरडीओ, भारतीय वायुसेना और भारतीय सेना मिलकर काम कर रही हैं।



### ओशनसैट-3 और आठ लघु उपग्रहों का प्रक्षेपण 26 को

बेंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष संगठन (इसरो) 26 नवंबर को श्रीहरिकोर्ट अंतरिक्ष केंद्र से ओशनसैट-3 आठ लघु उपग्रहों के साथ पीएसएलवी-सी54/ईओएस-06 मिशन के तहत प्रक्षेपण करेगा। इसरो ने बताया कि प्रक्षेपण के लिए शनिवार पूर्वाह्न 11 बजकर 56 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। इसरो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि पीएसएलवी-सी54 के जरिए ओशनसैट-3 और आठ लघु उपग्रह - पिक्सेल से आनंद, भूटानसैट ध्रुव अंतरिक्ष से दो थायबोल्ट और स्पेसफ्लाइट यूएसए से चार एस्ट्रोकास्ट प्रक्षेपित किए जाएंगे।

## स्पीड न्यूज

### आप में शामिल हुए पूर्व सांसद महाबल मिश्रा



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व सांसद महाबल मिश्रा दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव से पहले रविवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। मिश्रा ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया की मौजूदगी में एक जनसभा के दौरान आप का दामन थाम लिया।

### केरल में नाव डूबने से चार की मौत

**मलप्पुरम ।** केरल में पुरथुर के पास पुंचिकादावु में भरतपुझा नदी में नाव पलटने से दो महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य महिलाएं घायल हो गयीं है। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान रुखिया (60) उसकी बहन सायनाभा (54) अब्दुल सलाम (55) और अब्बोबकर (65) के रुप में हुई है। ये सभी लोग पास के कुंजिकादावु के रहने वाले थे। महिलाओं के शव शनिवार को और पुरुषों के शव सुबह बरामद किए गए।

### अमेरिका में विमान दुर्घटना में चार मरे

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका में स्नोहोमिश काउंटी के हार्वे फील्ड हवाई अड्डे के समीप में एक लघु विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोगों की मौत हो गई। स्नोहोमिश काउंटी पुलिस कार्यालय के मुताबिक ने दुर्घटना शुक्रवार को सेसना 208बी विमान के रेंटन से उड़ान भरने के करीब एक घंटे बाद हुआ। घटना में विमान में सवार चारों लोगों की मौत हो गयी। स्नोहोमिश काउंटी मेडिकल परीक्षक पीड़ितों की पहचान कर रहे हैं। दुर्घटना की जांच राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड और संघीय उड्डयन प्रशासन कर रहा है।

### अफगानिस्तान में बस पर चट्टान गिरने से 10 मरे

काबुल । अफगानिस्तान के सलंग दर्रे में एक यात्री बस पर से गिर जाने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गयी और 40 अन्य घायल हो गये। टोलो न्यूज ब्रॉडकास्टर ने रविवार को बगलान सुरक्षा विभाग के एक प्रवक्ता के हवाले से कहा,ह्लकाबुल-बाघलान राजमार्ग पर शनिवार को एक दुर्घटना में कम से कम 10 बस यात्रियों की मौत हो गई और लगभग 40 घायल हो गए।ह्लप्रवक्ता के मुताबिक, यह घटना सालंग दर्रे के मलखान इलाके में हुई।
हिंदू कुश पहाड़ों में स्थित सलांग दर्रा प्राथमिक पर्वत दर्रा है। दर्रे के नीचे 2.67 किलोमीटर लंबी (1.65 मील) सलांग सुरंग है जिसे सोवियत संघ द्वारा 1964 में पूरी की गई थी। सुरंग उत्तरी अफगानिस्तान को राजधानी काबुल और देश के दक्षिणी हिस्सों से जोड़ती है।

## पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ कर ज्यादा से ज्यादा मतदान : मोदी

**गुजरात की जनता इस बार भी भाजपा को देगी आशीर्वाद**



**वेरावल ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में अपने तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन रविवार को कहा कि लोकतंत्र के इस उत्सव को एक-एक नागरिक को मनाना चाहिए। श्री मोदी ने आज सुबह सोमनाथ मंदिर में दर्शन करके पूजा-अर्चना की। उसके बाद वेरावल में जनसभा को गुजराती में संबोधित करते हुए कहा कि सौराष्ट्र में एक प्रकार से यह मेरी पहली रैली है और वह भी सोमनाथ दादा की पवित्र धरती पर से। उन्होंने कहा कि इस बार का अपना लक्षांक अलग है भाई और लोगों से पूछा पूरा करोगे ना। इस बार पुराने रिकॉर्ड तोड़ने हैं। मैं आपके पास इसलिए ही आया हूं। आप पोलिंग बूथ में पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ कर ज्यादा से ज्यादा मतदान करा सकेंगे तो मेरा यहां आना सफल होगा। चुनाव लोकशाही का उत्सव है। मतदान तो करना ही चाहिए। सभी कमल का बटन दबाएं एसा हम नहीं कहते परंतु मतदान आवश्यक है। लोकतंत्र के इस उत्सव को एक-एक नागरिक को मनाना चाहिए, मेरा आप सब को आग्रह है। उन्होंने कहा कि लोकशाही रक्षा की जवाबदारी भी हमें ही निभानी है। सुशासन से गुजरात को प्रगति की नई ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए एक भी पोलिंग बूथ ऐसा ना हो जिसमें भाजपा का विजय ना हुआ हो। भाइयों भाजपा को जिताना है। इस बार हमें सभी पोलिंग बूथ जीत कर लोकशाही के उत्सव को मनाना है। दूसरी मेरी इच्छा है कि नरेंद्र के सारे रिकॉर्ड भूपेंद्र तोड़ें। उसके लिए नरेन्द्र काम करें। हमें पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ने हैं क्यों कि अपने गुजरात को प्रगति की राह पर ले जाना है। उसके लिए हमें जितनी मेहनत करनी पड़े करेंगे। गुजरात की जनता ने भाजपा को हमेशा आशीर्वाद दिया है। इस बार भी जनता आशीर्वाद देगी।

# स्वयंसेवक और प्रचारक हैं पीएम मोदी : भागवत

## संघ प्रमुख बोले-किसी को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियंत्रित नहीं करता आरएसएस

एजेंसी



भोपाल । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि संघ केवल शाखा लगाने का ही काम नहीं करता है, यह लोगों को देश के लिए काम करने को प्रोत्साहित करता है। संघ का काम है आदत डालना। इस बीच भागवत ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक स्वयंसेवक और प्रचारक हैं और आज भी वह एक प्रचारक के रूप में काम कर रहे हैं। आरएसएस प्रमुख ने शनिवार को जबलपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, जब भी संघ का नाम आता है, आप मोदीजी का नाम लेते हैं। हां, मोदी संघ के स्वयंसेवक भी रहे हैं और प्रचारक भी रहे हैं। विहिप भी हमारे स्वयंसेवकों द्वारा चलाई जाती है। लेकिन संघ किसी को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियंत्रित नहीं करता, वे स्वतंत्र रूप से काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हम केवल परामर्श और सलाह दे सकते हैं, लेकिन उन्हें नियंत्रित नहीं कर सकते। बुद्धिजीवियों और प्रमुख लोगों की एक सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा, भारत भाषा, व्यापारिक हित, राजनीतिक शक्ति और विचार के आधार पर एक राष्ट्र नहीं बना। यह विविधता में एकता व वसुधव कुटुम्बकम के आधार पर राष्ट्र बना है। उन्होंने यह भी कहा कि एक व्यक्ति या एक संगठन या एक राजनीतिक संगठन बड़ा बदलाव नहीं कर सकता है। संघ प्रमुख ने कहा, हिंदुत्व का अर्थ है सभी को गले लगाने का दर्शन है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना ही हिंदुत्व की प्रमुख भावना है। सार्वजनिक अनुशासन की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि धर्म का अर्थ रिलीजन या पूजा पद्धति नहीं है, बल्कि इसका अर्थ अनुशासित तरीके से अपने कर्तव्यों का पालन करना है। उन्होंने व्यापक रूप से प्रकृति संरक्षण प्रयासों का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें धार्मिक रूप से वृक्षारोपण और जल संरक्षण करना चाहिए, क्योंकि हम प्रकृति से बहुत कुछ लेते हैं।उन्होंने कहा कि भाषा या पूजा प्रणाली समाज नहीं बनाती है। समान उद्देश्य वाले लोग समाज का निर्माण करते हैं। आरएसएस प्रमुख ने कहा, विविधता स्वागत योग्य और स्वीकार्य है, लेकिन विविधता को किसी भी तरह से भेदभाव का आधार नहीं बनना चाहिए।

### उद्योपति मुकेश अंबानी की बेटी ईशा ने जुड़वां बच्चों को दिया जन्म



**मुंबई।** देश प्रसिद्ध उद्योग अरबपति मुकेश अंबानी बने नाना। उनकी बेटी ईशा ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। इन जुड़वा बच्चों में एक लड़का और एक लड़की है। यह जानकारी परिवार ने रविवार को दी। इन दोनों बच्चों को नाम आदिया और कृष्णा रखा गया है।

फैमली की ओर से मीडिया को बताया गया कि हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारे बच्चों ईशा और आनंद को 19 नवंबर को जुड़वा बच्चे हुए हैं। हालांकि यह नहीं बताया गया कि बच्चों का जन्म कहां हुआ। सूत्रों के अनुसार बच्चों का जन्म अमेरिका में हुआ है।

मुकेश अंबानी के तीन बच्चे हैं- जुड़वां आकाश और ईशा (31वर्ष) और बेटा अनंत (27वर्ष)। 12 दिसंबर को 2018 को पीरामल ग्रुप के अजय और स्वाति पीरामल के बेटे आनंद से ईशा की शादी हुई थी। दोनों बचपन के दोस्त थे और परिवारों के बीच अच्छा संबंध था। वहीं आकाश ने अपनी बपचन की दोस्त श्लोका मेहता से शादी किया, जो हीरा व्यवसायी रसेल मेहता और मोना मेहता की बेटी हैं। दंपति को पिछले साल दिसंबर में एक बेटा, पृथ्वी आकाश अंबानी हुआ था। ऐसी अटकले हैं कि अनंत जल्द ही एनकोर हेल्थकेयर के सीइओ वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका मर्चेंट से शादी करने वाले हैं। मुकेश अंबानी अपने तीनों बच्चों को तेल, टेलीकॉम, खुदरा उद्यमों से जोड़ दिया है। आकाश दूर संचार का कारोबार देखते हैं, वहीं ईशा खुदरा कारोबार संभालती हैं और अनंत हरित ऊर्जा से जुड़े कारोबार देख रहे हैं।

# अखिलेश ने शिवपाल के छुए पैर

## बोले-चाचा, भतीजे में कभी दूरियां नहीं रहीं

एजेंसी



**लखनऊ।** यूपी की मैनपुरी लोकसभा सीट होनेवाले उपचुनाव से पहले सपा के सुप्रीमो अखिलेश यादव और उनके चाचा प्रसपा के प्रमुख शिवपाल यादव के बीच मनमुटाव दूर हुई रविवार को मंच पर अखिलेश ने शिवपाल के पैर छुए और कहा किया चाचा-भतीजे के बीच कभी दूरियां नहीं रहीं। शिवपाल यादव ने मंच से डिंपल यादव की बड़ी जीत सुनिश्चित करने का ऐलान किया।

सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद रिक्त मैनपुरी सीट पर उपचुनाव पांच दिसंबर को होगा। सपा ने इस सीट पर अखिलेश यादव की पत्नी और मुलायम की पुत्रवधू डिंपल यादव को प्रत्याशी बनाया है।

रविवार को सैफई में एक चुनावी रैली में अखिलेश यादव ने कहा कि उपचुनाव ऐसे समय में हो रहे हैं, जब नेताजी (मुलायम सिंह) हमारे बीच नहीं हैं। पूरे देश की नजरें इस उपचुनाव हैं और मैं कह सकता हूं कि पूरा देश पार्टी की ऐतिहासिक जीत का गवाह बनेगा।

अखिलेश ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि कई बार लोग कहते हैं बहुत दुरियां हैं। आप सबको बता दूं कि चाचा-चार भतीजे में कभी दुरियां नहीं थीं। हमारी राजनीति में दुरियां थीं।

उन्होंने कहा कि मैंने कभी चाचा-भतीजे के रिश्ते में दुरियां नहीं मानीं और मुझे इस बात की खुशी है कि राजनीति की दुरियां भी आज खत्म हो गई। इसलिए भाजपा को घबराहट हो रही होगी, क्योंकि वह जानती है कि जसवंतनगर ने मन बना लिया है, करहल साथ चल दिया है, मैनपुरी के लोग समर्थन में हैं और भोगांव भी सपा के पक्ष में हैं। अखिलेश की इस भाषण के बाद रैली उमड़ी भीड़ ने जोरदार तालियां बजाईं।

बता दें जसवंतनगर और करहल सीट का प्रतिनिधित्व क्रमशः शिवपाल और अखिलेश करते हैं।

### राष्ट्रपति की मोतियाबिंद की सर्जरी हुई सफल



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की दाहिनी आंख का रविवार को आर्मी हॉस्पिटल में मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। यह जानकारी राष्ट्रपति भवन ने एक विज्ञप्ति में दी। राष्ट्रपति की सर्जरी सफल और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। 64 वर्षीय मुर्मू की 16 अक्टूबर को आर्मी अस्पताल में बायीं आंख का मोतियाबिंद का ऑपरेशन हुआ था।

राष्ट्रपति भवन के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की दाहिनी आंख की रविवार सुबह आर्मी अस्पताल, नई दिल्ली में सर्जरी की गई। सर्जरी सफल रही और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मुर्मू ने 25 जुलाई को भारत के 15वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी।

## भोजपुरी फिल्म लंका में सीता 25 को होगी रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी फिल्म निर्देशक सुब्बाराव गोसांगी की फिल्म 'लंका में सीता' 25 नवंबर को रिलीज होगी।
गोपी शनमुख क्रिएशन के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म 'लंका में सीता' 25 नवंबर को रिलीज होगी।सुब्बाराव गोसांगी ने बताया की जिस तरह फिल्म का नाम काफी अलग और अनोखा है उसी तरह फिल्म भी बिलकुल हटकर बनी है।
फिल्म 'लंका में सीता' भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की एक ऐसी फिल्म है जिसमें दर्शकों को एक रीयलिस्टिक अंदाज मनोरंजन के रूप में देखने को मिलेगा। 'लंका में सीता' में निसार खान और ऋतु सिंह की अहम भूमिका है।इस फिल्म का निर्माण तल्लापका सुरेंद्र रेड्डी ने किया है।फिल्म के डीओपी प्रकाश है। संगीत ओम झा ने तैयार किया है।आर्ट डायरेक्टर शेरा है। एक्शन सी.ऐच रामकृष्णा का है। फिल्म के एडिटर संतोष हरवाडे है। इस फिल्म में निसार खान और ऋतू सिंह के साथ हैरी जोश,समर्थ चतुवेर्दी ,प्रकाश जैस, मंटू लाल ,रागिनी,साइना सिंह,अजय,पूजा,मास्टर शौर्य, शांति प्रिया और ग्लोरी मोहन्ता की भी अहम भूमिका है।

## स्पोर्ट्स

# सूर्य कुमार के शतक से आंधी में उड़ा न्यूजीलैंड

**टी20 में 65 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में भारत ने बनायी 1-0 की बढ़त**



**माउंट मौंगानुई।** करिश्माई बल्लेबाज सूर्य कुमार यादव (नाबाद 111) की शतकीय आंधी और दीपक हुड्डा (10 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी से भारत ने न्यूजीलैंड को रविवार को दूसरे टी20 में 65 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। पहला मैच बारिश से धुल जाने के बाद दूसरे मैच में सूर्य की आंधी चली जिन्होंने मात्र 51 गेंदों में 11 चौके और सात छक्के उड़ाते हुए नाबाद 111 रन ठोके। भारत ने 191/6 का मजबूत स्कोर बनाया और न्यूजीलैंड को 18.5 ओवर में 126 रन पर समेट दिया। दीपक हुड्डा ने 19वें ओवर में चार गेंदों के अंदर तीन विकेट लेकर न्यूजीलैंड की पारी को समेट दिया। सूर्य ने मैच में सबसे अधिक रन बनाए , सबसे अधिक गेंदों का सामना किया, सबसे अधिक चौके और छक्के लगाए, पूरी पारी में उच्चतम स्ट्राइक रेट रखा और साथ ही वह नाबाद भी रहे। वह इस मैच में पूरी तरह हावी रहे जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। आलराउंडर दीपक हुड्डा ने अंतिम ओवर में तीन विकेट सहित कुल चार विकेट लिए, जबकि युजवेंद्र चहल और मोहम्मद सिराज ने दो-दो विकेट लिए, जिससे भारत ने न्यूजीलैंड को करारी शिकस्त दी। सूर्य यादव ने 217.65 की स्ट्राइक-रेट से पूरे मैदान में 11 चौके और सात छक्के लगाए, जिससे वह अंत तक 51 गेंदों पर 111 रन बनाकर नाबाद रहे। यह उनका दूसरा टी20 शतक है। भारत ने 191 रन का बचाव करते हुए पहले ओवर की दूसरी गेंद पर सफलता प्राप्त की क्योंकि भुवनेश्वर कुमार ने फिन एलेन बिना खाता खोले ही चलता किया।

डेवोन कॉनवे और केन विलियमसन ने वाशिंगटन सुंदर के पहले ओवर में 17 रन लेने सहित छह चौके लगाए। लेकिन भारत ने वापसी की, क्योंकि कॉनवे (25) ने नौवें ओवर में सुंदर की गेंद पर डीप बैकवर्ड स्क्वॉयर लेग पर गलत स्वीप के माध्यम से चलते बने। ग्लेन फिलिप्स (12) ने एक चौका और छक्का लगाया, लेकिन स्लॉग-स्वीप के लिए जाते समय युजवेंद्र चहल ने उन्हें क्लीन बोल्ड कर दिया। स्कोरबोर्ड के दबाव के कारण डेरिल मिशेल और जेम्स नीशम जल्दी-जल्दी लॉन्ग-आन पर कैच आउट हो गए। विलियमसन ने एक छोर थामा लेकिन क्रीज पर रन बनाने में संघर्ष करते दिखे, क्योंकि बड़ी हिट हासिल करने में असमर्थ थे। जैसा कि मोहम्मद सिराज ने मिचेल सेंटनर (2) को अपना शिकार बनाया। हालांकि विलियमसन ने अपना अर्धशतक डीप बैकवर्ड स्क्वॉयर लेग पर छक्का लगाकर हासिल किया और फिर मिड आफ और अतिरिक्त कवर के बीच सिराज की गेंद पर चार और रन के लिए खूबसूरती से चौका मारा, लेकिन न्यूजीलैंड के लिए बहुत देर हो चुकी थी।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

| Class - VIII | Classes VI & VII |
| --- | --- |
| Class VIII Today (Combined) ₹ 250 | Class VII Today (Combined) ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) ₹ 280 | Class VI Today (Combined) ₹ 240 |
| Mathematics Practical ₹ 60 | Hindi Vyakaran–I ₹ 60 |
| Science Practical ₹ 60 | English Grammar–I ₹ 60 |
| S. Science Practical ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran–I ₹ 60 | |
| English Grammar–I ₹ 60 | |
| Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50 | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !